✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात




मुंगेर में दो लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण


✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 63 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 29 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com







## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता की गोली मारकर हत्या

**शेखपुरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिरारी थाना अंतर्गत गुनहेसा गांव में रविवार की देर रात अज्ञात बदमाशों ने घर में सो रही एक विवाहिता की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान विशुन मांझी की बहू और कांग्रेस मांझी की पत्नी 25 वर्षीय सारो देवी के रूप में हुई है। महिला की हत्या उस समय की गई जब वह अपने महज 25 दिन के नवजात बच्चे के साथ सो रही थी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

### नाव दुर्घटना में दो सगी बहनों की मौत

**खगड़िया (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोगरी प्रखंड अंतर्गत बिंद टोली पंचायत में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली नाव दुर्घटना में दो सगी बहनों की गंगा की उपधारा में डूबने से मौत हो गई। हादसे के वक्त नाव पर कुल दस लोग सवार थे जो नदी पार कर रहे थे। डूबने वाली दोनों बच्चियों की पहचान बिंद टोली निवासी देवेंद्र तांती की पुत्रियों संजना कुमारी (17) और पीहू कुमारी (8) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दोनों बहनें सुबह पशुओं के लिए चारा लाने के उद्देश्य से नाव से नदी पार कर रही थीं।

### ट्रेन से कटकर दो हिस्सों में बंटी महिला

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा में हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हुई है। मृतका की पहचान सोशल मीडिया के जरिए हुई है। मृतका की पहचान पीर बिगहा ओपी क्षेत्र के दत्तू बिगहा निवासी किशोरी प्रसाद की पत्नी प्रतिमा देवी के रूप में की गयी है। परिजन के अनुसार मानसिक रूप से ठीक नहीं थी। अपना कोई संतान नहीं है। इस कारण कभी ससुराल दत्तू बिगहा तो कभी नूरसराय थाना क्षेत्र बड़ारा गांव में रहती थी।

### जंगल से चरवाहे का शव बरामद

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोड़हास जंगल से सोमवार को पुलिस ने एक चरवाहे का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान जिमरदाग गांव निवासी लगभग 50 वर्षीय रामनाथ उरांव के रूप में हुई है। शव के चेहरे पर धारदार हथियार से हमला किए जाने के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका गहराती जा रही है। मृतक के पुत्र मिथलेश उरांव ने अपने पिता की हत्या की आशंका जताते हुए नौहट्टा थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। परिजनों का कहना है कि रामनाथ की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

# पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड समेत तीन आतंकी मुठभेड़ में ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। श्रीनगर के हारवन के जंगल क्षेत्र में सैन्य अभियान के दौरान जवानों ने तीन आतंकवादियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मारे गए आतंकियों के पास एम4 कार्बाइन, असॉल्ट राइफल और दो एके सीरीज की राइफल मिली हैं। सुरक्षाबलों ने इस अभियान में पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान शाह और उसके दो साथियों जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया है। अधिकारियों के मुताबिक अभियान को 24 राष्ट्रीय राइफल (आरआर) और 4 पैरा यूनिट के जवानों ने अंजाम दिया। मारे गए आतंकियों के शवों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है जो आगे आतंकियों की पहचान के साथ कानूनी औपचारिकताएं पूरी करेगी। इसके बाद



एसओपी के तहत इन आतंकियों का अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दें कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने मासूम पर्यटकों पर हमला कर 26 लोगों को मार गिराया था। इस घटना के बाद पीड़ितों की तरफ से आतंकियों के बारे में जो जानकारी दी गई थी उस आधार पर उनके स्केच जारी किए गए थे। जांच एजेंसियों ने इसके आधार पर कहा था कि हमले में तीन आतंकी शामिल थे। इनमें से एक आतंकी के पाकिस्तान के हाशिम मूसा होने का दावा किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से आतंकी की पहचान जारी किए जाने के बाद हाशिम मूसा की पहचान को लेकर भी कई खुलासे हुए। एक रिपोर्ट में बताया गया कि हाशिम मूसा पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा था। उसको लश्कर के आकाओं ने गैर-कश्मीरी लोगों और सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए एक खास मिशन पर कश्मीर भेजा था। तब यह आशंका जताई गई थी कि पाकिस्तान के विशेष सेवा बलों की तरफ से ही लश्कर को आतंकी हमले के लिए मूसा का नाम सुझाया गया और वह भारत पर हमले का मास्टरमाइंड रहा।

## दो लाख का इनामी फरार नक्सली भोला कोरा ने किया आत्मसमर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** बिहार पुलिस और एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दो लाख रुपये के इनामी और 10 वर्षों से फरार कुख्यात नक्सली भोला कोरा उर्फ विकास दा उर्फ रोहित कोरा ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। भोला कोरा के आत्मसमर्पण को राज्य सरकार की नक्सलियों के लिए समर्पण एवं पुनर्वास नीति की सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। आत्मसमर्पण के बाद पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने उसे अंगवस्त्र और फूलमाला देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने जानकारी दी कि 5 जुलाई को मुंगेर के राजासराय जंगलों में चलाए गए विशेष अभियान और लगातार हो रही दबिश के कारण नक्सलियों पर भारी दबाव बना है। विशेषकर कर्मंत्री और सबासिन सिंह के जंगलों में चलाए गए सघन तलाशी अभियान से नक्सल संगठन में हड़कंप मच गया है। एसपी ने यह भी बताया कि 21 जुलाई को झारखंड के बोकारो जिले के लघु पहाड़ी क्षेत्रों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एरिया कमांडर अरविंद यादव उर्फ अविनाश दा उर्फ नेताजी (जमुई निवासी), टुन्नीलाल कोरा (लखीसराय निवासी), प्रयाग मांझी उर्फ विवेक साहेब राम मांझी (झारखंड निवासी) सहित चार अन्य नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ और बढ़ती पुलिस कार्रवाई के चलते भोला कोरा ने आत्मसमर्पण का निर्णय लिया। वह बिहार और झारखंड राज्यों में कई भीषण नक्सली वारदातों, मुठभेड़ों और हत्या कांडों में वांछित रहा है। पुनर्वास नीति के तहत सरकार द्वारा उसे कुल 3,60,000 की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

## डॉग बाबू का निवास प्रमाण पत्र मामले में राजस्व पदाधिकारी निलंबित, आईटी सहायक बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मसौढ़ी(पटना)।** मसौढ़ी अंचल कार्यालय के आरटीपीएस से निर्गत एक कुते का डॉग बाबू के नाम से बना फोटोयुक्त निवास प्रमाण पत्र पूरे बिहार में सरकारी कामकाज पर कई सवाल खड़ी कर रहे हैं। ऐसे में पटना डीएम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मसौढ़ी एसडीएम को 24 घंटे के अंदर जांच कर संबंधित कर्मचारी, पदाधिकारी पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी ने जांच रिपोर्ट समर्पित कर दिया। जांच के क्रम में पाया गया कि दिल्ली की एक महिला का आधार कार्ड संलग्न करते हुए आवासीय प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिया गया था। मसौढ़ी थाना में आवेदक, आईटी सहायक एवं प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले राजस्व अधिकारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। राजस्व अधिकारी द्वारा गलत साक्ष्यों के आधार पर दिए गए आवेदन को बिना विस्तृत जांच किए प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया था। मामले में राजस्व अधिकारी मुरारी चौहान को निलंबित करने की अनुशंसा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से की गई है। आईटी सहायक द्वारा बिना सम्यक जांच के आरओ लॉगिन पर आवेदन स्वीकृति हेतु अग्रसारित किया गया था। आईटी सहायक मंटू कुमार को तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया गया है। नियम के विरूद्ध शपथ पत्र देकर तथा किसी अन्य व्यक्ति के पहचान पत्र का दुरूपयोग कर गलत साक्ष्य के आधार पर निवास प्रमाण पत्र हेतु आवेदन देने वाले आवेदक के विरूद्ध पुलिस अनुसंधान कर रही है। ऐसे प्रकरण को अंजाम देने वाले लोगों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उक्त निवास प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया गया है।

## बिहार सरकार से 'पान विकास योजना' को मिली मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- औरंगाबाद-गया समेत सात जिलों के पान उत्पादक किसानों को मिलेगा अनुदान
- ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली से होगा लाभार्थियों का चयन

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत पान उत्पादक किसानों के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना 'पान विकास योजना' को लागू किया गया है। इस योजना की स्वीकृति राज्य स्कीम मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक दो वर्षों के लिए प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 499.375 लाख (चार करोड़ निन्यानवें लाख सैंतीस हजार पांच सौ रुपये) की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के सात पान उत्पादक जिलों नालन्दा, नवादा, गया, औरंगाबाद, शेखपुरा, वैशाली और सारण के इच्छुक कृषकों को पान की खेती में विस्तार के लिए आवश्यक सहायतानुदान प्रदान करना है जिससे पान की उत्पादकता में वृद्धि और किसानों की आय में इजाफा सुनिश्चित हो सके। योजना के तहत मगही एवं देशी पान की खेती करने वाले व्यक्तिगत कृषकों एवं एफपीसी के सदस्यों को न्यूनतम 100 वर्गमीटर (0.01 हेक्टेयर) से अधिकतम 300 वर्गमीटर तक की खेती के लिए लाभान्वित किया जाएगा। सहायतानुदान की राशि प्रति कृषक न्यूनतम 11,750.00 रूपये से लेकर अधिकतम 35,250 रूपये तक दी जाएगी। लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहेगी। इसके अतिरिक्त उद्यान निदेशालय द्वारा किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पान उत्पादन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## हरियाणा से आया नीतीश का 'निश्चय रथ'

### बिहार चुनाव में दिखेगा हाइटेक अंदाज

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार चुनाव की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कमर कस ली है। चुनाव प्रचार के लिए उनका हाईटेक रथ भी हरियाणा से आ गया है। जो कई सुविधाओं और टेक्नोलॉजी से लैस है जिसे 'निश्चय रथ' नाम दिया गया है। हालांकि दिखने में तो वैनिटी वैन की तरह है। रथ पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की फोटो लगी है। ये रथ नीतीश सरकार के 'सात निश्चय' का संदेश देते दिख रहा है। जिस पर बहन-बेटियों के सपने साकार, धन्यवाद नीतीश कुमार का स्लोगन भी लिखा हुआ है। इस रथ पर नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जेडीयू का चुनाव चिन्ह है। भाजपा को रथ पर कोई जगह नहीं मिली है। नीतीश के निश्चय रथ की खासियत की बात करें तो इसमें आरामदायक और एडजस्टेबल सीटें हैं, जो लंबी यात्रा में थकान का एहसास नहीं होने देंगी। एसी और हिटर की भी सुविधा है, साथ ही हाइड्रोलिक सिस्टम भी लगा है। इसके जरिए बस की छत पर पहुंचा जा सकता है। छत को चारों तरफ से रेलिंग के जरिए घेराबंदी है। छत पर फ्लड लाइट भी लगी हैं ताकि रात में भी चुनावी कार्यक्रम किए जा सके। रथ में प्राइवेसी का भी ख्याल रखा गया है। जानकारी के मुताबिक निश्चय रथ का इस्तेमाल सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोड शो के दौरान करेंगे। आनेवाले वक्त में चुनाव प्रचार के दौरान ये रथ बिहार की अलग-अलग विधानसभाओं में घूमता दिखेगा। दरअसल इस रथ के जरिए बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाया जाएगा। सात निश्चय में हर घर नल का जल, हर घर शौचालय निर्माण, हर घर बिजली पहुंचाना, गली-नाली पक्कीकरण और आर्थिक हल, युवाओं को बल, महिलाओं को सशक्त करना, शहरी विकास की योजना शामिल है।






## एलआइसी ने 'बीमा सखी योजना' के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ किया करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुम्बई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मिलकर एक बड़ा कदम उठाया है जो गांवों में महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बदल सकता है। एलआईसी ने अपनी 'बीमा सखी योजना' को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए हैं। इस समझौते पर हस्ताक्षर 8 से 10 जुलाई के बीच गोवा में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन 'अनुभूति' के दौरान किए गए। 'बीमा सखी योजना' का उद्देश्य है ग्रामीण महिलाओं को एलआईसी एजेंट के रूप में तैयार करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना। इस योजना के तहत महिलाएं न




केवल बीमा योजनाएं बेच सकेंगी बल्कि अपने गांव की दूसरी महिलाओं और परिवारों को भी जीवन बीमा के महत्व के बारे में जागरूक कर सकेंगी। एलआईसी इन महिलाओं को प्रदर्शन के आधार पर पहले वर्ष में सात हजार, दूसरे वर्ष में छह हजार एवं तीसरे वर्ष में प्रतिमाह पांच हजार रुपये मानदेय देती है। साथ ही उन्हें एलआईसी एजेंट बनने पर मिलने वाले सभी लाभ जैसे कमीशन, बोनस, ट्रेनिंग, और पदोन्नति के अवसर भी मिलते हैं। इस योजना का सीधा फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जो आमतौर पर घरेलू कामकाज तक सीमित रहती हैं। अब वे अपने गांव में ही काम करके आर्थिक सहयोगी बन सकेंगी, अपनी पहचान बना सकेंगी और अपने परिवार की घरेलू आय में बढ़ोतरी कर पाएंगी। एलआईसी ने कहा है कि 'बीमा सखी' योजना के उद्देश्य ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से पूरी तरह मेल खाते हैं। यह मिशन पहले से ही गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार और आजीविका के अवसर देने का काम कर रहा है। अब इस साझेदारी से गांव की महिलाओं को न केवल काम मिलेगा बल्कि वे अपने गांव के लोगों को बीमा सुरक्षा देने में भी मदद करेंगी। एलआईसी और मंत्रालय मिलकर इस योजना को देश के हर राज्य और जिले तक पहुंचाना चाहते हैं। जल्द ही पंचायत स्तर पर कैंप और ट्रेनिंग शुरू किए जाएंगे, जहां इच्छुक महिलाएं इस योजना में शामिल हो सकेंगी।

# कांग्रेस ने की हर घर अधिकार अभियान की शुरुआत

## रोजगार और चिकित्सा का भी अधिकार देगी कांग्रेस


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस पार्टी ने आज हर घर अधिकार अभियान की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के द्वारा की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गारंटियों का गुलदस्ता कैंपेन आज लॉन्च हुआ जिसमें मुख्य रूप से माई बहिन मान योजना प्रति माह 2500रूपये, वृद्ध दिव्यांग पेंशन प्रति माह 1500 रुपए, 200 युनिट मुफ्त बिजली, 25 लाख तक का मुफ्त इलाज बीमा और भूमिहीन परिवारों को मकान हेतु पांच डिसमिल तक जमीन देने की योजनाएं प्रमुख हैं। इसके अलावा स्टार्टअप फंड, लाखों सरकारी नौकरीयां, एमएसपी पर फसल खरीदी इत्यादि गारंटियों के साथ कैंपेन का लॉन्च हुआ जिसकी शुरुआत अगले माह से की जाएगी और इसी के लिए हर घर अभियान की शुरुआत की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि रोजगार और चिकित्सा का अधिकार भी कांग्रेस पार्टी देगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार से शिक्षा, भोजन और सूचना का अधिकार आम लोगों को देने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है ठीक वैसे ही बिहार में रोजगार और स्वास्थ्य सुविधा का भी अधिकार देगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में लगातार हमने जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जाकर उनकी समस्याओं पर चर्चा कर सभी मुद्दों को चुनावी कैंपेन में समाहित करने का काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने अपने संबोधन में कहा कि चौपाल, माई बहिन मान योजना, हर घर झंडा अभियान पूर्व की भांति संचालन रहेगी। हर घर अभियान की शुरुआत से पूर्व बिहार कांग्रेस के विधायकों, विधान पार्षदों, विभाग, प्रकोष्ठ के नेता कार्यकर्ता और सभी वरिष्ठ नेतागण के साथ वृहद बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए जिसे चुनावी कैंपेन में समाहित करने की बात प्रदेश नेतृत्व ने की। इस बैठक में सभी जिला के प्रभारी और ऑब्जर्वर भी मौजूद रहें। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, प्रभारी सचिवगण सुशील पासी, अभय दुबे, शाहनवाज आलम, देवेंद्र यादव, पूनम पासवान, डॉ समीर कुमार सिंह, प्रेमचंद्र मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, मोतीलाल शर्मा, राजेश राठौड़, अवधेश कुमार सिंह, उमैर खान सहित विधायक, विधान पार्षद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व विधान पार्षद, जिलाध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

# कांग्रेस नेता का देश विरोधी बयान दुर्भाग्यपूर्ण : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व देश के पूर्व वित्त मंत्री पी.चिदम्बरम के पहलगाम आतंकी हमले पर दिए गए बयान को देशविरोधी, बेशर्मी से भरा हुआ दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा है कि यह पाकपरस्ती की हद है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि श्री चिदम्बरम का एक इंटरव्यू में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर यह कहना कि क्या पता, वे देश के ही आतंकवादी हों। आप यह क्यों मान रहे हैं कि वे पाकिस्तान से आए थे? कांग्रेस की देश विरोधी मानसिकता का परिचायक है जिस तथ्य को पूरी दुनिया जानती है जिसे पाकिस्तान के आतंकी सरगना सैफुल्लाह कसूरी खुद स्वीकार कर चुका है। उसे तीन महीने बाद कांग्रेस झुठला रही है। एनआईए से यह पूछना कि क्या उसने आतंकवादियों की पहचान की है या यह पता लगाया है कि वे कहां से आए थे? जैसे सवाल पाकिस्तान के टूलकिट का हिस्सा है जिसे भारत में कांग्रेस दुहरा रही है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि एयर और सर्जिकल स्ट्राइक की सबूत मांगने वाली कांग्रेस, मुम्बई हमले में आतंकियों की संलिप्तता से इनकार करने वाली कांग्रेस का मूल चरित्र देश के विरोध में रह कर पाकिस्तान की तरफदारी करना ही रहा है। भारतीय सेना के शौर्य पर सवाल उठा कर कांग्रेस हमेशा देश और सेना का अपमान करती रही है। यह वही कांग्रेस है जिसने 'हिन्दू आतंकवाद' जैसे शब्द गढ़ कर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को कवर करने की कोशिश की थी। मगर इस देश की 140 करोड़ जनता कांग्रेस के नहीं, देश के साथ खड़ी है। देश की संवेदनशील जनता कांग्रेस को रसातल में पहुंचा देगी।

# गार्गी उद्यमी सखी सावन महोत्सव में महिला स्वावलंबन का उत्सव

## 600 से अधिक महिलाओं की सहभागिता, महिला उद्यमिता और संस्कृति का हुआ उत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के होटल द पाइन में 27 जुलाई को 'गार्गी उद्यमी सखी सावन महोत्सव-2025' का आयोजन हुआ। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के अंतर्गत गार्गी अध्याय द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में राज्यभर से 600 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों ने उनके नवाचार और आत्मनिर्भरता की झलक पेश की। कार्यक्रम का उद्घाटन अभियान के संस्थापक विकास वैभव ने किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक होगी। गार्गी अध्याय द्वारा संचालित 27 गार्गी पाठशालाएं, कला कौशल केंद्र और गार्गी कृत्या जैसे प्रयास महिलाओं के उत्थान में योगदान दे रहे हैं। महिलाओं की प्रतिभा को उभारने के लिए 'सावन क्वीन', 'सावन प्रिंसेस' और 'नन्ही परी' जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें माधुरी सिंह, नीतू कुमारी और आर्या अंशुमान विजेता रहीं। लोक गायिका रितिका राज सिंह को 'गार्गी वाचक्नवी प्रेरणा सम्मान' से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार की लोक परंपराएं और भाषाई विविधता को प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन डॉ. शबनम अखौरी, फराह नाज और अंजलि ने किया जबकि आयोजन में डॉ. प्रीति बाला के नेतृत्व में कई महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि बिहार की महिलाएं परंपरा और आधुनिकता का संगम बनकर विकास की अग्रदूत हैं।

# कॉम्फेड बना रहा प्रतिदिन 122 मीट्रिक टन मिल्क पाउडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (कॉम्फेड) लगातार अपना विस्तार कर रहा है। कॉम्फेड अब सिर्फ बिहारी ब्रांड नहीं रहा है बल्कि यह तेजी से ग्लोबल ब्रांड बनता जा रहा है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी लोकप्रियता के पीछे इसके उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं। यह अब सहकारिता के क्षेत्र की बेहतरीन मिसाल भी बन चुका है। हाल के दिनों में इसका विकास तेजी से हुआ है। कॉम्फेड ने अपना सफर लगभग 8 लाख लीटर प्रतिदिन दूध प्रसंस्करण क्षमता के साथ आरंभ किया था। वहीं आज कॉम्फेड ने लगभग 54.05 लाख लीटर प्रतिदिन दूध का प्रसंस्करण करने की क्षमता हासिल कर ली है। इसके साथ ही आज कॉम्फेड के पास 122 मीट्रिक टन प्रतिदिन मिल्क पाउडर बनाने की क्षमता, 1060 मीट्रिक टन प्रतिदिन पशु आहार बनाने की क्षमता है। कॉम्फेड द्वारा विगत वर्षों में नए संयंत्र की स्थापना की गई है जिसके कारण इसकी क्षमता में शानदार बढ़ोतरी हुई है। इसके नए और आधुनिक ऑटोमेटेड संयंत्रों में रोहतास डेयरी, डिहरी ऑन सॉन, समस्तीपुर डेयरी, समस्तीपुर और सुपौल डेयरी, सुपौल की क्षमता प्रतिदिन 11 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण करने की क्षमता है। ऑटोमेटेड डेयरी संयंत्र हाजीपुर डेयरी, हाजीपुर की क्षमता प्रतिदिन 4 लाख लीटर दूध की है। वहीं बरौनी डेयरी, बरौनी की क्षमता 5 लाख लीटर की है। वर्तमान में 20,885 दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां के माध्यम से कॉम्फेड प्रतिदिन 23 लाख लीटर दुग्ध संग्रहण कर रहा है। कॉम्फेड लगभग 17 लाख लीटर प्रतिदिन तरल दूध एवं 3 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादों की बिक्री कर रहा है। यह अपने 30,540 खुदरा विक्रेताओं के माध्यम से बिहार, झारखण्ड, उत्तर पूर्वी राज्यों, दिल्ली एन.सी.आर. कोलकाता, उत्तर प्रदेश के बाजारों में अपने उत्पादों को बेच रहा है। भविष्य में अपने उत्पादों को अन्य राज्यों में भी बेचने की योजना पर काम कर रहा है। कुछ महीने पहले ही इसके ब्रांड सुधा के उत्पाद अमेरिका और कनाडा भी गए थे। इस तरह से कॉम्फेड अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पहुंच बना चुका है। दूध पाउच पैक, एलिस्टर पैक एवं टेट्रापैक दूध,दही मिस्टी दही एवं प्लेन दही,लस्सी / छाछ मैंगो लस्सी, प्लेन लस्सी, छाछ टेट्रापैक लस्सी एवं टेट्रापैक मट्ठा पनीर वैक्यूम एवं थर्मोफॉर्मिंग पैक मिठाई रसगुल्ला, गुलाबजामुन, बालुशाही, चमचम, पेड़ा, कलाकंद, मिल्क केक, राजभोग, खोवा, रसकदम, सोनपापड़ी, काजू कतरी, बेसन लडडू, पतीसा, ड्राई पेठा, पलेवरर्ड मिल्क बोतल पलेवरर्ड मिल्क, पेट बोतल फ्लेवरर्ड मिल्क, टेट्रापैक आईसक्रिम - लगभग पचपन प्रकार की, अन्य - सुधा मिनरल वाटर, सुधा ब्रेड, सुधा भुजिया, मिक्सचर, सुधा कुकिज, डेयरी वाइटनर, ठेकुआ, सुधा स्पेशल, मखाना खीर, तिलकुट, मधु, मोजरैला चीज, पीनट मसाला।

# बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का उद्घाटन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ऐतिहासिक भूमि वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय- सह-स्मृति स्तूप तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन मंगलवार (29 जुलाई) को सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर दुनियाभर के 15 देशों जैसे चीन, जापान, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल, तिब्बत, म्यांमार, मलेशिया, भूटान, वियतनाम, कंबोडियाा, मंगोलिया, लाओस, बांग्लादेश और इंडोनेशिया से बौद्ध भिक्षु भी वैशाली पहुंचेंगे। यह ऐतिहासिक स्मारक वैश्विक बौद्ध अनुयायियों के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस स्तूप को 550 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से 72 एकड़ भूमि में पुष्करणी तालाब और मिट्टी के स्तूप के नजदीक विकसित किया गया है। इसके पहले तल पर भगवान बुद्ध का अस्थि कलश स्थापित किया गया है, जो वर्ष 1958 से 62 के बीच हुई खुदाई के दौरान मिला था। आधुनिक भारत के इतिहास में पहली बार बिहार के वैशाली जिले में केवल पत्थरों से इस स्तूप का निर्माण किया गया है। सीमेंट, ईंट या कंक्रीट जैसी सामग्री के बिना ही इसका निर्माण किया गया है। स्तूप की कुल ऊंचाई 33.10 मीटर, आंतरिक व्यास 37.80 मीटर तथा बाहरी व्यास 49.80 मीटर है।

इसकी ऊंचाई विश्व प्रख्यात सांची स्तूप से लगभग दोगुनी है। इसमें राजस्थान के वंशी पहाड़पुर से मंगवाए गए 42,373 बलुआ पत्थर टंग वं ग्रुव तकनीक से जोड़े गए हैं, पत्थरों को लगाने के लिए सीमेंट या किसी चिपकाने वाला पदार्थ या अन्य चीजों का प्रयोग नहीं किया गया है।

## गोल टैलेंट सर्च एग्जाम का औपचारिक शुभारंभ

# गोल के विभिन्न कोर्सेज में छात्रवृत्ति का दिया जाएगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गोल इंस्टिट्यूट द्वारा बुद्धा कॉलोनी, पटना स्थित गोल बिल्डिंग में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के नए सत्र की औपचारिक घोषणा की गई। यह परीक्षा इंस्टिट्यूट की कंपनी सोशल रेस्पॉसिबिलिटी के तहत आयोजित की जा रही है जिसका उद्देश्य कक्षा 6ठीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर गोल इंस्टिट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि आज के छात्र स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी तो कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह भी जानना चाहिए कि आगे चलकर उन्हें मेडिकल, इंजीनियरिंग, सिविल सेवा जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना करना होगा। जीटीएसइ का उद्देश्य छात्रों को प्रारंभ से ही प्रतिस्पर्धा की प्रकृति, तैयारी की सही दिशा और मानसिकता को समझाने का है। इस परीक्षा से वे वास्तविक प्रतियोगी परीक्षा के अनुभव को महसूस करेंगे। जीटीएसइ विज्ञान में रुचि रखने वाले कक्षा 6ठीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान, गणित एवं रीजनिंग से प्रश्न पूछे जाएंगे। गोल इंस्टिट्यूट के सहायक निदेशक रंजय सिंह ने बताया कि जीटीएसइ में भाग लेने वाले छात्रों को लैपटॉप, साइकिल, घड़ी, बैग जैसे आकर्षक इनामों के साथ-साथ मेडल और प्रमाणपत्र भी मिलेंगे। इसके अलावा गोल के विभिन्न कोर्सेज में छात्रवृत्ति का भी लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो चरणों में होगी - प्रारंभिक एवं मुख्य। प्रारंभिक परीक्षा विभिन्न स्कूलों में ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है जबकि मुख्य परीक्षा के लिए रु. 100 का रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित किया गया है। रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रमुख आनंद वत्स ने बताया कि यह स्कॉलरशिप परीक्षा बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएगी। प्रेस वार्ता में गोल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी जैसे अकादमिक प्रमुख गौरव सिंह एवं मार्केटिंग प्रमुख सिदेश्वर सिंह की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

# बिहार संस्कृत संजीवन समाज की बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की बैठक पटना स्थित पाटलिपुत्र कॉलोनी में समाज के मुख्य परामर्शी विजय शंकर दुबे की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्कृत दिवस समारोह 9 अगस्त को पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित पेंशनर भवन में आयोजित होगा। यह आयोजन विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं पेंशन समाज संयुक्त रुप से करेगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय शंकर दुबे ने कहा कि संस्कृत भारत की आत्मा है। इस भाषा का प्रचार -प्रसार अति आवश्यक है। संस्कृत दिवस में संस्कृत अनुरागियों को आने की अपील की। समाज के अध्यक्ष डॉ शिववंश ने संस्कृत संजीवन समाज के उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संस्कृत संजीवन समाज संस्कृत और संस्कृति की रक्षा करने में प्रयासरत हैं। उन्होंने डॉ रागिनी वर्मा को कोषाध्यक्ष, श्रद्धा कुमारी को कार्यालय सचिव तथा डॉ राजेश कुमार मिश्र, डॉ भारती कुमारी एवं मुरलीधर शुक्ल को कार्यसमिति का सदस्य सर्वसम्मति से किया। समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि विहार संस्कृत संजीवन समाज संस्कृत सम्भाषण शिविर, संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर एवं संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन प्रति माह कर रहा है।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना ने मनाया उमंग के साथ 'सावन महोत्सव'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** सावन की झूमती फुहारों और हरियाली से सराबोर वातावरण में, रोटरी क्लब ऑफ पटना के सदस्यों ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ 'सावन महोत्सव' का आयोजन किया। जैसे ही मेंहदी रचे हाथों की खुशबू और चूड़ियों की खनक गूंजने लगी, वैसे ही पूरे क्लब परिसर में उल्लास और उत्सव का रंग चढ़ गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में रिमझिम बारिश के बीच क्लब के सदस्यों ने सावन के गीतों पर झूमते हुए सावन के आगमन का स्वागत किया। कार्यक्रम की खास बात रही दो जजों की उपस्थिति जिन्होंने पूरे आयोजन को ऊर्जावान और प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया। सदस्यों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें सभी ने पूरे जोश और आनंद के साथ भाग लिया। महोत्सव की शोभा बनी 'राधा' के रूप में शायशा और 'कृष्ण' बने आरव किशन की सुंदर झांकी जिसमें राधा-कृष्ण के प्रेम प्रसंग को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। बाल कलाकार पुलकित के शानदार नृत्य प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया और यह प्रस्तुति दर्शकों के लिए अविस्मरणीय बन गई। सदस्य युगलों ने भी विभिन्न गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों और सुंदर परिधानों के आधार पर 'सावन किंग' और 'सावन क्वीन' का चयन किया गया। इस वर्ष 'सावन किंग' के खिताब से विशाल कुमार को नवाजा गया, वहीं 'सावन क्वीन' का ताज अनुभा को प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका डॉ गीता जैन एवं डॉ अर्चना वर्मा ने निभाई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विशाल कुमार और डॉ. अमित राम के सुरों ने पूरे वातावरण को संगीतमय कर दिया और उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# इंश्योरेंस कॉनक्लेव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पटना के मौर्य होटल में इंश्योरेंस कॉनक्लेव का आयोजन किया गया। इस कॉनक्लेव में सरकार द्वारा प्रायोजित बीमा योजनाओं पर चर्चा के लिए इएसआइसी की तरफ से क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने भाग लिया। उन्होंने संगोष्ठी के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बिहार सरकार, सीडैक, एलआइसी सहित विभिन्न बीमा कंपनी के अधिकारियों, उधमी, जीविका, फिनटेक कंपनी, स्टार्टस अप व हितधारकों की उपस्थिति में सभा को संबोधित करते हुए इएसआइ की सामाजिक सुरक्षा योजना पर प्रकाश डाला। योजना के विषय में विस्तार से बताते हुए अवगत कराया कि वैसे नियोक्ता या संस्थान जिन्होंने चूकवश या अनजाने में अपने संस्थान को अब तक इएसआइ अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं करा पायें हैं उन्हें 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक बिना पिछले अवधि के बकाया की मांग के पंजीकृत करने के लिए अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत कर्मचारी द्वारा घोषित पंजीकरण तिथि से पहले की अवधि के लिए कोई रिकॉर्ड जांच या बकाया की मांग नहीं की जायेगी।

# छात्रों का मंच पर प्रदर्शन सराहनीय : आशुतोष मेहरोत्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** लिटेरा पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों ने 10वें आदि शक्ति प्रेम नाथ खन्ना समारोह में भाग लेकर अपनी कला, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना का शानदार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम साहित्य संगीत एवं नाट्य समागम के सहयोग से और बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के समर्थन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्रों ने शास्त्रीय नृत्य, संगीत, नाट्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि भारतीय संस्कृति की गहराई और विविधता को भी दर्शाया। लिटेरा पब्लिक स्कूल के निदेशक (प्रशासन) आशुतोष मेहरोत्रा ने कहा हमारे छात्रों ने जिस उत्साह, अनुशासन और प्रतिभा के साथ मंच पर प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों और अतिथियों ने उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एजुकेशन, जूट आर्टिसन संस्था और सांस्कृतिक परिवार जैसे संगठनों का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

# तकनीकी नवाचार की दिशा में बिहार पुलिस ने बढ़ाए महत्वपूर्ण कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के कुल 968 सीसीटीएनएस आच्छादित थानों के द्वारा स्टेशन डायरी, प्राथमिकी एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सीसीटीएनएस पोर्टल पर ससमय डिजिटल प्रारूप में प्रविष्टियां की जा रही हैं। जिलों के सीसीटीएनएस आच्छादित थानों के द्वारा आईसीजेएस पोर्टल पर यह लॉग इन पर उपलब्ध है। सर्वोच्य न्यायालय के निदेश के आलोक में बिहार राज्य के कुल 1212 पुलिस थाना व ओपी में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। कुल 176 थाना व ओपी में कैमरों की स्थापना की प्रक्रिया प्रगति पर है। पुलिस मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है जो पूरे सप्ताह 24 घंटे कार्यरत है जिसमें सीसीटीवी से संबंधित आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाता है। बिहार पुलिस नवीन तकनीकों को अपनाकर जनता को बेहतर सेवाएं देने हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य के नवसृजित व नवउत्क्रमित 373 पुलिस थानों व प्रतिष्ठानों को सीसीटीएनएस परियोजना से आच्छादित करने हेतु इन थानों में हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर साइट तथा नेटवर्क से जुड़ाव की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्रवाई की जा रही है।

# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म पर राजेश राम ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर/पटना।** मुजफ्फरपुर के औराई में महादलित नाबालिग बच्ची से हुए वीभत्स दुष्कर्म की घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम दल-बल के साथ पीड़िता का एसकेएमसीएच में जाकर कुशलक्षेम लिया और उनके परिजनों से मिलकर भरोसा दिया कि आपके न्याय की लड़ाई में कांग्रेस का साथ रहेगा और हम दोषियों के गिरफ्तारी से लेकर बच्ची के इलाज तक परिजनों के साथ खड़े रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने एसकेएमसीएच में परिजनों से मिलने के बाद प्रशासन से मिलकर



पीड़िता का उचित इलाज और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी करा कर स्पीडी ट्रायल चलाने की मांग की। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों का गुंडाराज स्थापित है। रोजाना बिहार की बच्चियों की अस्मिता लूटने वाले अपराधियों के सामने प्रशासन और सरकार ने सरेंडर कर दिया है। औराई की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कितनी वीभत्स स्थिति है कि बलात्कार जैसी अमानवीय घटना के बाद भी दोषियों द्वारा महादलित नाबालिग बच्ची के साथ दरिंदगी की गई वो असहनीय है। ऐसे दुर्दांत दरिंदों को जितनी कानून सम्मत सजा दी जाए वो कम है। बिहार में गया में लगातार ऐसी ही तीन दिनों में तीन घटना हुई। इससे पहले लगातार महिलाओं के साथ अत्याचार और बलात्कार की घटनाएं हो रही है जो बताने को काफी है कि बिहार में स्थापित गुंडाराज में महिलाएं, बच्चे, व्यवसायी और आम आदमी असुरक्षित हैं। इस घटना में बच्ची का ऑपरेशन तक में देरी की गई बाद में जिला कांग्रेस के नेताओं के हस्तक्षेप से इलाज संभव हुआ। दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी करने की मांग की।

# गोड्डा और दौराई (अजमेर) के मध्य एक नई ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** देवघर-जसीडीह-झाझा-किउल-नवादा-गया-डीडीयू के रास्ते गोड्डा और दौराई (अजमेर) के मध्य एक नई ट्रेन 19604/19603 दौराई-गोड्डा-दौराई एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इसका नियमित परिचालन दौराई से 03.08.2025 से प्रत्येक रविवार को तथा गोड्डा से 05.08.2025 से प्रत्येक मंगलवार को किया जाएगा। इस ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 कोच तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। गाड़ी सं. 19603 दौराई-गोड्डा एक्सप्रेस दौराई से प्रत्येक रविवार को 15.30 बजे खुलकर 23.05 बजे दिल्ली तथा सोमवार को 10.30 बजे डीडीयू, 11.24 बजे भभुआ रोड, 12.02 बजे सासाराम, 12.22 बजे डिहरी ऑन सोन, 13.55 बजे गया, 14.55 बजे तिलैया, 15.13 बजे नवादा, 15.50 बजे शेखपुरा, 16.55 बजे किउल, 18.50 बजे झाझा, 19.42 बजे जसीडीह, 19.55 बजे देवघर सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 22.20 बजे गोड्डा पहुंचेगी।

# सीएमआर आपूर्ति में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डॉ. प्रेम कुमार

## सहकारिता योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए गए स्पष्ट निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम में आयोजित सासाराम-भभुआ सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की वार्षिक आम सभा के उद्घाटन के बाद स्थानीय परिसदन में सहकारिता योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कैमूर और रोहतास के जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, बैंक के प्रबंध निदेशक, पटना प्रमंडल के संयुक्त निबंधक और रोहतास जिले के सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सबसे पहले धान अधिप्राप्ति से संबंधित सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा की गई जिन प्रखंडों की आपूर्ति 90 प्रतिशत से कम रही, वहां के सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों – चेनारी, नासरीगंज, बिक्रमगंज और काराकाट को निर्देश दिया गया कि वे समिति अध्यक्षों व मिलरों के साथ समन्वय बनाकर कैंप के माध्यम से 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करें। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया कि आपूर्ति में विफलता की स्थिति में संबंधितों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला सहकारिता पदाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि 100 प्रतिशत आपूर्ति नहीं होने पर संबंधित समिति अध्यक्षों और प्रबंधकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर वसूली की प्रक्रिया शुरू करें। साथ ही सहकारिता प्रसार पदाधिकारी की लापरवाही सामने आने पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना, उर्वरक अनुज्ञप्ति और गोदाम निर्माण जैसी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। केंद्र प्रायोजित पैक्स कंप्यूटराइजेशन योजना पर विशेष जोर दिया गया। इसमें कहा गया कि ऑनलाइन व्यवस्था से आम लोगों को अधिक पारदर्शी और सुलभ सेवा मिल सकेगी। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी दी गई। संयुक्त निबंधक, पटना प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत जिलों में रोजाना समीक्षा करें और सीएमआर की आपूर्ति समय पर पूरी कराएं। बैठक में बैंक के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया गया कि यदि पूर्व के पैक्स या व्यापार मंडल अध्यक्षों द्वारा बैंक की राशि गबन की गई है तो संबंधित पुलिस कप्तान से समन्वय कर कानूनी कार्रवाई में तेजी लाएं और गबन की गई राशि की वसूली सुनिश्चित करें। गोदाम निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि जहां भी विलंब हो रहा है, वहां भवन निर्माण विभाग के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जाए। भूमि विवाद की स्थिति में चयन समिति तुरंत स्थान परिवर्तन कर निर्माण को गति दे। अंत में दोनों जिलों के सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचे। इसके लिए प्रखंड, अनुमंडल और जिला कार्यालय परिसरों में होर्डिंग, बैनर और पोस्टर लगवाना सुनिश्चित करें।

# बिस्कोमान खाद की किल्लत को दूर करने को प्रयासरत : विशाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय कोल डिपो में बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह को कोल डिपो सेवा संघ के द्वारा अभिनंदन किया गया। खाद की किल्लत को दूर करने का एकमात्र समाधान बिस्कोमान है जिसके तरफ किसानों की नजर है। बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह ने सोमवार को यहां कोल डिपो सेवा संघ में अपने अभिनंदन समारोह में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि खाद के व्यापार को बढ़ाने के लिए किल्लत को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिस्कोमान को पिछले वर्षों में दो लाख मेट्रिक टन उर्वरक मिलता था जो घटकर 88 हजार पर आ गया है। उन्होंने हाल ही इसके इफको के मार्केटिंग डायरेक्टर को पटना बुलाया था और खाद आवंटन बढ़ाने को ले बातचीत हुई है। उन्होंने अधिक से अधिक खाद देने का आश्वासन दिया है। मौके पर बिहार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे भी मौजूद थे। आगत अतिथियों का स्वागत कोल परिवहन सेवा संघ अध्यक्ष रवींद्र नाथ सिंह व सचिव संतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू ने किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, सुदर्शन सिंह, सुनील कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि आशुतोष सिंह, जदयू नेत्री शोभा देवी, लल्लू चौधरी, दीपक शर्मा, सत्येंद्र कुमार सिंह, मुमताज अंसारी, प्रियंका सिंह, अरविंद यादव, भूटानी ओझा, मनोज यादव, हरेंद्र सिंह, भोला सिंह, महेन्द्र सिंह, मनोज ओझा, कुंवर जी, राघवेन्द्र उर्फ विशु आदि मौजूद थे।

# गुप्ता धाम में तीसरी सोमवारी पर कांवरियों का उमड़ा जन सैलाब

**विकाश शुक्ला / नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी (रोहतास)।** कैमूर पहाड़ी के जंगलों में स्थित जिले के प्रसिद्ध गुप्ता धाम में सावन के मेले में तीसरी सोमवारी पर यहां डेढ़ लाख कांवरियों व शिव भक्तों ने गुफा स्थित पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की भीड़ ऐसी थी कि गुफा द्वार से दो किलो मीटर दूर नदी तक श्रद्धालुओं की तीन लंबी कतार लगी हुई थी। पुलिस बल और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें कतारबद्ध कराकर गुफा स्थित पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कराया गया। इस दौरान गुफा द्वार पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के आगे गुप्ता धाम विकास कमेटी की व्यवस्था सामान्य दिखे। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु गुफा द्वार के बाहर ही पूजा अर्चना कर घर लौट जा रहे हैं। 12 बजे के बाद ही कांवरियों व श्रद्धालु गुफा द्वार के पास पहुंचने लगे। सुबह होते ही श्रद्धालुओं की गुफा द्वार पर सैलाब उमड़ पड़ा। हाथों में जल फूल प्रसाद माला बेलपत्र लिए श्रद्धालु भोले की जयकार कर रहे थे। इस मेले में उत्तर प्रदेश के बलिया, गाजीपुर, मऊ, बनारस और मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, बक्सर आरा, पटना से पूजा अर्चना करने के लिए धाम पहुंचे हुए थे। भारी संख्या में पुलिस बल उन्हें कतारबद्ध कर रहे थे। जिले के प्रसिद्ध गुप्ता धाम में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामान्य शिविर लगाया गया था जिससे खास लाभ भक्तों को नहीं मिल रहा था। लाखों भीड़ के लिए महज एक दर्जन चपाकल है जिसके कारण मेले में पेयजल की घोर अभाव था। लोग नदी नाले के पानी से प्यास बुझा रहे थे। गुप्ता धाम में लगाये गये दो दर्जन चापाकल में से महज एक दर्जन चापाकल से ही पानी निकल रहे थे। बाकी श्रद्धालु दुर्गावती नदी सीताकुंड व आसपास के नदी व झरने के गंदे पानी से प्यास बुझा रहे थे। गुप्ता धाम विकास समिति में लगा समरसेबल भी सामान्य पड़ा है। श्रद्धालुओं ने पेयजल की व्यवस्था के लिए बड़े-बड़े पानी टंकी का निर्माण कराने की मांग किया। सावन की तीसरी सोमवारी पर सिलेंडर ऑक्सीजन गैस की समुचित व्यवस्था की गई थी जिसका उपयोग किया जा रहा है। गुप्ता धाम कमेटी के उपाध्यक्ष ने बताया कि अभी ऑक्सीजन गैस की किल्लत नहीं है जबकि श्रद्धालुओं ने कहा कि गुफा के अंदर काफी भीड़ होने से हल्का दम घुट रहा है। वन विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से मेला चल रहा है। तीसरी सोमवारी के दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है।

## मारपीट में चार घायल, महिला सहित 23 पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** पत्थर हटाने की मामूली बात को लेकर थाना क्षेत्र के बाबूगंज गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। वहीं परिजनों ने घायलों की इलाज के करकटपुर पीएचसी ले गए जहां डाक्टरों ने चारों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वही बाबूगंज निवासी बाबूगंज सिंघासन चंद्रवंशी के पुत्र संदीप कुमार चंद्रवंशी ने लिखित आवेदन में बताया कि 26 जुलाई 2025 की रात्रि करीब 8 बजे बसंत चंद्रवंशी, रामप्रवेश चंद्रवंशी उर्फ ददन चंद्रवंशी ने मेरे पिता सिंघासन चंद्रवंशी, चाचा कृष्णा चंद्रवंशी, बहन अमृता कुमारी, चचेरा भाई सूरज चंद्रवंशी, अभिषेक चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी को लाठी-डंडे व लोहे के रड से जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

# सरकारी जमीन पर संपन्न लोगों का बढ़ रहा कब्जा

## भूमिहीनों के लिए सरकार के पास नहीं है जमीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के सरैया ग्राम स्थित लाइट रेलवे की जमीन को फर्जी कागजात देकर बंदोबस्त किए जाने का मामला अभी जांच के घेरे में ही है कि प्रखंड के कई गांव में संपन्न लोगों द्वारा सरकारी जमीन हथिया कर पैसे और पैरवी के बल पर बंदोबस्त कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं अंचल कार्यालय के समीप अच्छी खासी सरकारी जमीन को खादी धारी और भू-माफियाओं द्वारा बंदोबस्ती कर के जमीन अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम कर ली गई है। वहीं मुख्य मार्ग तिलौथू रोहतास के किनारे पड़ने वाली कई सरकारी जमीनों पर भू माफिया गिद्ध की नजर टिकाए हुए हैं। मामले की पड़ताल की गई तो पता चला कि कई ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जिन्होंने कई जगह जमीन लेकर मकान बनाया है तथा एक स्थाई मकान में रह भी रहे हैं फिर भी उनके पास सरकारी जमीन का पर्चा बना हुआ है। करीब 100 एकड़ जमीन तो सड़क के किनारे है जो भू माफियाओं के जाल में फंस चुकी है। ऐसे में भूमिहीन मजदूर जो वर्षों से तीन डिसमिल जमीन की आस लगाए हुए हैं उनके लिए बिहार सरकार की जमीन कहीं खाली दिखाई नहीं पड़ रही। यह सारा खेल स्थानीय अधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है। प्रखंड के केरपा, तिलौथू पश्चिम, सेवही, चंदनपुरा, इंद्रपुरी समेत कई ऐसे स्थान है जहां सरकारी भूमि पर खादी धारी एवं भूमाफियाओं का कब्जा लाल परिचय के माध्यम से हो गया है।

भूमाफियाओं को केवल निचले स्तर के कर्मचारी ही नहीं बल्कि स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़े नेताओं का भी संरक्षण प्राप्त है। इसमें मिलीभगत के कारण अवैध कब्जे का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अंचलाधिकारी हर्ष हरि से इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कई मामले सरकारी जमीन पर कब्जे के आए हैं और अतिक्रमण वाद का मामला चलाया जा रहा है। शीघ्र अतिक्रमण को हटाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के कर्पूरी चौक का जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ हो गया है। राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय परिषद राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य विनय चंचल ने बताया कि सोमवार को नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के महासचिव गुड्डू चंद्रवंशी, पूर्व नगर अध्यक्ष धनंजय यादव, धनंजय शर्मा, प्रमोद पासवान के द्वारा कर्पूरी चौक का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद ने निर्णय लिया है जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक का जीर्णोद्धार किया जाए और एक आकर्षक छतरी का निर्माण पार्क सहित किया जाएगा, इसके लिए भूमि पूजन के अवसर पर हम लोग उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि बहुत जल्द इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने मुख्य पार्षद शशि कुमारी को साधुवाद दिया। वहीं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी ने बताया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक का जीर्णोद्धार बहुत ही खूबसूरत छतरी घड़ी लगा हुआ शहर के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह मांग बहुत दिनों से नाई महासभा के लोगों के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का आदमकद प्रतिमा चारों तरफ से खुला हुआ था एक छतरी की आवश्यकता थी जो नगर परिषद के द्वारा पूरा किया जा रहा है।

# सावन की तीसरी सोमवारी पर तुतला धाम में दर्शन करने पहुंचे भारी संख्या में श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी में स्थित पर्यटक स्थल मां तुतला भवानी धाम पर तीसरे सोमवारी को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन करने पहुंचे। सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता दिखने लगा और यह संख्या लगभग 30000 के पार दर्ज की गई। वहीं दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां तुतला भवानी के नारे लगा रहे थे तो कोई बोलबम के जयकारे। कंधे पर कांवर और गेरुआ वस्त्र धारण किए हुए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर का दृश्य और मनमोहक बना रहा था। वहीं महिला श्रद्धालुओं की काफी संख्या देखने को मिला। वन विभाग के रेंज ऑफिसर दीपक कुमार ने बताया कि सावन के तीसरे सोमवारी पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन व पूजा अर्चना की। वैसे तो मां तुतला भवानी में अक्सर लोग पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं, लेकिन आज सोमवारी होने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक देखने को मिला। बताया कि तुतला धाम पूजा अर्चना के अलावा पर्यटक स्थल भी है जिससे घूमने के लिए शैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस भीड़ का आकलन लगभग 30000 से अधिक किया गया। बताया कि मां के जल कुंड में बैरिकेडिंग भी किया गया है। आए हुए श्रद्धालुओं को निर्देश दिया गया है कि वन विभाग एवं कमेटी द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करें। वहीं जलकुंड में निगरानी के लिए कमेटी के कुछ सदस्य तैनात किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर लगभग दर्जन भर पुलिस बल की तैनाती की गई है जिसमें से एक या दो को छोड़कर सभी नदारत रहे हैं। इसकी बार-बार मांग की जा रही है कि यहां पर भीड़ को नियंत्रित एवं सुरक्षा की दृष्टि से और भी पुलिस बल की आवश्यकता है। मौके पर श्रद्धालुओं की सेवा में वनपाल सुमित कुमार, वनरक्षी सतानन्द कुमार, राकेश दास, भीम कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे।

# तेली चेतना रथ का डिहरी में भव्य स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** तेली महासम्मेलन की सफलता के लिए तेली चेतना रथ का डिहरी में भव्य स्वागत किया गया। तेली महासम्मेलन के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया व बरांव कला के पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि आगामी 3 अगस्त को तेली महासम्मेलन सासाराम के स्वयंवर वाटिका बाजार समिति मोड़ तकिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसका उद्घाटन मोरवा विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष रणविजय साहू करेंगे जिसकी सफलता हमलोगों को मिलजुल कर करनी है। उसके लिए तेली चेतना रथ पूरे जिले में प्रत्येक दिन घूम रहा है। उन्होंने तेली समाज के लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि आगामी 3 अगस्त को आयोजित महासम्मेलन में हजारों-हजार की सख्या में तेली समाज उपस्थित होकर अपनी चट्टानी एकता दिखाएं ताकि समाज की राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के अनुसार तेली समाज को अभी तक राजनैतिक भागीदारी नहीं मिली है। हमारी जाति किसी भी दल का बन्धुआ मजदूर नहीं है जो भी दल हमारी जाति को राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा, उसे ही तेली समाज समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि शाहाबाद के सभी जिलों के विधानसभा सीट में एक-एक सीट तेली समाज को मिलना चाहिए। डिहरी अम्बेडकर चौक पर रथ पहुंचते ही डिहरी के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पंकज गुप्ता, हेमंत कुमार गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## आरपीएफ ने घायल लड़की का कराया इलाज

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि एक अज्ञात लड़की जिसकी उम्र लगभग 18 वर्ष है अप ट्रैक के बगल में किलोमीटर 537/28 पर घायल अचेतावस्था में पड़ी है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 23.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–96–25–26, कार्य का नाम:** ब्रिज संख्या 13सीसीआर (गंगा नदी) के पानी के नीचे के खंभे (पियर) की दरारों का विस्तृत नवीनीकरण। **निविदा मूल्य :** रु. 85,81,984.22, **बयाना राशि :** रु.1,71,600/– **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–97–25–26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/(1)/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में अन्य सभी सहायक कार्यों के साथ पेयजल की आपूर्ति के लिए चितपुर में 2.5 एमजीडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का परिचालन और रखरखाव (03 वर्ष)। **निविदा मूल्य :** रु.1,79,78,945/–, **बयाना राशि :** रु.2,39,900/–, **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन–98–25–26, कार्य का नाम:** सोदपुर में: वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत यात्री केन्द्रित सुविधाएँ प्रदान करना तथा अन्य सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.81,38,656.35, **बयाना राशि :** रु.1,62,800/–, **क्रम सं. 4, निविदा सं.: टीएन–99–25–26, कार्य का नाम:** (i) काँचरापाड़ा: एमडीएसटीआई/आरपीएफ/केपीए के पूर्व की ओर 8 फीट तक के बाउंडरी वॉल के निर्माण और कांटेदार तार लगाने का प्रस्ताव और (ii) बैरकपुर में आरपीएफ कार्यालय (40 सीट) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,84,01,285.67, **बयाना राशि :** रु.2,42,000/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.08.2025 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1 हेतु 06 (छह) माह, क्रम सं. 2 हेतु 36 (छत्तीस) माह, क्रम सं. 3 हेतु 09 (नौ) माह और क्रम सं. 4 हेतु 10 (दस) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 18.08.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-136/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## तीसरी सोमवारी को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सावन के तीसरे सोमवार को हर हर महादेव के उद्घोष से शिवालय गुंजायमान हुए। प्रख्यात झारखंडी महादेव मंदिर, तिलेश्वर महादेव, शिवगंज कुटिया मंदिर व अन्य शिवालयों में अहले सुबह से भारी भीड़ उमड़ी। झारखण्डी महादेव मंदिर में बाबा के श्रृंगार के बाद मंगल आरती मंदिर के पुरोहित पुरषोतम ओझा द्वारा किया गया। अहले सुबह साढ़े चार बजे बाबा के दरबार श्रद्धालुओं के लिए खुलते ही भारी भीड़ उमड़ी। पुलिसकर्मियों व स्थानीय कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं की लाइन लगाई। किसी की जुवां पर बोल बम तो किसी के गले से निकलता हर हर महादेव। हाथों में जल कलश लिए बाबा का जलाभिषेक किया। शाम को बाबा का रुद्राभिषेक व आरती का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वही गोडैला पहाड़ी स्थित बाबा तिलेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर हर महादेव के स्वर से पहाड़ी गूंज उठा। शिव भक्त पूरी मस्ती से बाबा दरबार पहुंच जलाभिषेक किया।

# हजारों श्रद्धालु आज अर्जुनबिगहा नाग बाबा मंदिर में अर्पित करेंगे लावा व दूध

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वृहद मेला का आयोजन, अखंड हरिकीर्तन संपन्न

**गोलू कुमार / नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले में आपने अनेक मंदिर देखा होगा। उनकी रहस्यमय व चमत्कारी कथाएं सुनी होगी, लेकिन डिहरी प्रखंड के दरिहट पंचायत के गोद में बसा अर्जुनबिगहा गांव जहां सोन तट पर स्थित वर्षों पुरानी अद्भुत नाग बाबा का मंदिर की एक अलग ही रहस्यमय एव चमत्कारी कहानियां हैं। वहां एक ही वट वृक्ष से दर्जनों वट वृक्ष होने से लोग इसे नाग देवता का चमत्कार मानते हैं। नाग पंचमी के पावन पर्व पर इस मंदिर में दूध व लावा चढ़ाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। माना जाता है कि सनातन परंपरा में नाग देवता की पूजा से सभी दोषों को दूर करके सुख, संपत्ति और सौभाग्य दिलाने वाली मानी गई है। आइए जानते हैं मंदिर का इतिहास व रहस्यमई कहानियां।

**अर्जुनबिगहा नाग बाबा मंदिर का इतिहास**

जहां मंदिर का निर्माण हुआ है। वह जमीन बिहार सरकार की है। उस जमीन पर गांव के ही जिन्दल सिंह व सूबेदार सिंह अपने अधिकार में रख खेती करते थे। इस मंदिर का निमार्ण सन 1970 में गांव के ही एक सिद्ध पुरुष के नाम से विख्यात जयराम सिंह ने किया था जिनका सहयोग जिनेंद्र सिंह व सूबेदार सिंह ने किया था। वहीं मंदिर निर्माण के उपरांत 04 जून 1970 को संत त्यागी बाबा के सान्निध्य में एक यज्ञ भी किया गया। इस मंदिर में आने मात्र से लोगों का रोग दुख कष्ट दूर हो जाते हैं।

**कौन थे स्व जयराम सिंह**

गांव के ही परिवेश में जन्मे अर्जुनबिगहा निवासी स्व. जयराम सिंह शुरू से ही भक्ति भाव व पूजा पाठ में विश्वास रखते थे। नियमित पूजा अर्चना करना उनकी दिनचर्या का एक हिस्सा था। स्व जयराम सिंह पूजा पाठ करते हुए वह एक दिन मां कामाख्या के धाम कौड़ी कामाख्या चले गये। वहीं मां का आराधना के साथ योग साधना किये। साधना पूर्ण होने पर वह जब वापस घर पहुंचे तो उन्हें लोग सिद्ध पुरुष के नाम उद्बोधन करने लगे। जयराम सिंह गांव ही नहीं कही भी किसी के भी घर में यदि कितना भी विशालकाय जहरीला सर्प निकले वह निसंकोच अपने हाथ से पकड़कर उसको निकाल लेते थे और उसे किसी झाड़ी, जंगल या पहाड़ पर सुरक्षित छोड़ देते थे। इतना ही नहीं सर्प काटे हुए लोगों को भी वह मात्र पानी पिलाकर उन्हें ठीक कर देते थे। हालांकि इस बात से 'नवबिहार टाइम्स' परे है। इस बात की पुष्टि नहीं करता हैं। वहीं लोगों का विश्वास बढ़ता गया और मंदिर बनाकर विधिवत पूजा पाठ के साथ छाड़ फूंक होने लगा।

# 29 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 29 आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, अवैध खनन, शराब तस्कर व वारंटी शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 30 लीटर देशी शराब, एक बाइक, एक ट्रैक्टर बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 42 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।


**समाहरणालय गढ़वा**
**(डिस्ट्रिक्ट ई–गवर्नेंस सोसाईटी)**

**आदेश**

प्रखण्ड तथा जिला स्तरीय सम्पर्क क्षेत्र के माध्यम से प्राय: ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही है कि ग्रामीणों को सरकार की लाभकारी योजनाओं एवं उससे संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी नहीं होने के कारण योजनाओं के आच्छादन में परेशानी हो रही है एवं उचित समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। निरीक्षण के दौरान प्राय: ऐसा देखा जाता है कि प्रज्ञा केन्द्रों पर Banner, Poster एवं Rate Chart उपलब्ध नहीं होते है, जिसके अभाव में नागरिकों को योजनाओं से संबंधित जानकारी नहीं मिल पाती है।

अत: गढ़वा जिला अंतर्गत कार्यरत सभी प्रज्ञा केन्द्र संचालकों को निर्देश दिया जाता है कि सभी CSC VLEs अपने–अपने केन्द्र पर CSC से संबंधित अद्यतन Banner, Poster एवं Rate Chart दिनांक–15 अगस्त 2025 तक अनिवार्य रूप से लगाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि **प्रज्ञा केन्द्रों पर कौन–कौन सी सेवाएँ मिलती हैं, इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए किन–किन दस्तावेजों की आवश्यकता है तथा इन सेवाओं के लिए कितना शुल्क निर्धारित है**, इसके प्रति आम नागरिक जागरूक हो सकें। यदि निर्धारित समय तक उक्त निर्देश का अनुपालन आपके द्वारा नहीं किया जाता है तो समुचित कार्रवाई करते हुए **CSC ID निरस्त** करने की कार्रवाई कर दी जायेगी।

नोट:– उपरोक्त आदेश से संबंधित विस्तृत्त जानकारी गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट *https://garhwa.nic.in* पर देखी जा सकती है।

ह०/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
डिस्ट्रिक्ट ई–गवर्नेंस सोसाईटी,गढ़वा

PR 358413 (District)25-26*D

# हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, अवैध टोटो संचालन पर सख्ती की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने की। बैठक में सड़क हादसों की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन व सुधार, हिट एंड रन व नॉन हिट एंड रन मामलों में मुआवजा भुगतान, और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लेकर गहन चर्चा की गई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आईआरएडी पोर्टल पर दर्ज मामलों का संज्ञान लेते हुए बताया कि हिट एंड रन के 295 मामलों में केवल 150 पीड़ितों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, शेष 145 मामलों में अभी तक आवेदन नहीं आए हैं। वहीं, नॉन हिट एंड रन मामलों में कुल 489 में से केवल 198 में आवेदन आए हैं, जबकि 291 आवेदन अब तक लंबित हैं। इस पर डीएम रवि प्रकाश ने सभी बीडीओ व सीओ को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हादसों की जानकारी जुटाकर जिला परिवहन पदाधिकारी को अविलंब रिपोर्ट भेजें, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर मुआवजा मिल सके। उन्होंने हिट एंड रन मामलों में त्वरित व कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को भी कहा। साथ ही, सड़क सुरक्षा के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों और प्रमुख चौराहों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन की आदत विकसित हो सके। शहरी क्षेत्र में अवैध टोटो परिचालन पर सख्ती से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं, बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर चालान की कार्रवाई करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी विभागों के बीच समन्वय से कार्य किया जाएगा और जरूरत के अनुसार नई रणनीतियां अपनाई जाएंगी। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई, जिसे समिति ने जनता की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग, जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय, यातायात डीएसपी ऋषभ शिवरंजन, अवर परिवहन पदाधिकारी नवेंदु शेखर, एमवीआई, डीआरएम मनीष कुमार, कुमार सुमन सहित परिवहन व प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 43 फरार अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 24 जुलाई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में दो, आर्म्स में एक, साइबर अपराध में एक, मद्य निषेध में सात एवं अन्य गिरफ्तारी 32 कुल 43 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 60 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 500 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 99 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक मोटरसाइकिल एवं एक ट्रैक्टर बरामद किया गया।

## एक नजर

### फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर युवती की तस्वीरें वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**पकरीबरावां (नवादा)।** सोशल मीडिया के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला पकरीबरावां थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर युवती की निजी तस्वीरें वायरल करने के आरोप में पुलिस ने खपुरा गांव निवासी राहुल कुमार उर्फ मुनचुन को गिरफ्तार कर लिया है।

पकरीबरावां थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि किसी ने उसके नाम से फर्जी फ़ेसबुक प्रोफाइल बनाकर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक कर दी हैं। युवती ने इस हरकत को उसकी छवि खराब करने और विवाह प्रस्ताव को नुकसान पहुंचाने की नीयत से किया गया षड्यंत्र बताया। शिकायत के साथ युवती ने फर्जी फेसबुक लिंक भी पुलिस को सौंपी। थानाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### कराटे चैंपियनशिप में नवादा के आर्यन राज ने मारी बाजी, जीता स्वर्ण पदक

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा जिले के आर्यन राज ने नौवीं इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 25 से 27 जुलाई तक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई थी। 45 किलो भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए आर्यन ने मलेशिया, नेपाल और जापान जैसे देशों के खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। यह आर्यन की पहली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी, जिसमें उसने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। नवादा मार्शल आर्ट कराटे एकेडमी के महासचिव एवं कोच सुमित कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सात देशों के खिलाड़ी शामिल हुए थे। आर्यन की इस सफलता पर ऑल इंडिया सेशिंकाई शितो रयू कराटे डू फ़ेडरेशन के अध्यक्ष प्रेमजीत सेन, कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन, बंगाल कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं बिहार कराटे संगठन के सचिव पंकज कबली, गोल्डन फिस्ट कराटे स्कूल इंडिया क्योशी के संजय खड्गी, तथा जिला कराटे संघ के महासचिव सुमित कुमार ने उन्हें बधाई दी।

स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने आर्यन की उपलब्धि पर हर्ष जताया और कहा कि कोलकाता से लौटने पर आर्यन का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण मुक्त करने का दिया आदेश

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत सरमेरा के द्वारा सोमवार को सरमेरा बाजार में अवैध रूप से सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने अविलंब 24 घंटे के अंदर खाली करने का सख्त निर्देश दिया है। ध्वनि विस्तारक यंत्र से पूरे बाजार में प्रचार कर कहा है कि दिए गया कि दिए गए समय के अंदर अवैध रूप से सड़कों पर किए गए अतिक्रमण नहीं को नहीं हटाया गया तो उसके ऊपर कारवाई की जाएगी। विदित हो कि सरमेरा, मोकामा रोड एवं सरमेरा मुख्य ग्रामीण बाजार पथ पर वेरीकटिंग के बाहर बड़े पैमाने पर सड़कों पर सब्जी फल की दुकान खोल दी गई है, जिसके चलते राहगीरों को आने जाने में भारी परेशानी होती है। विदित हो कि 28 फरवरी को भी सीईओ समीना खातून एवं कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बड़े पैमाने पर डोजर चलवा कर सरमेरा बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया था पर मनबढु टाइप के अतिक्रमणकारियों ने सरकारी आदेशों को धत्ता बताते हुए फिर से अवैध कब्जा कर लिया है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया जाएगा।

## महिलाओं को नीतीश सरकार के द्वारा दिया गया आरक्षण है वरदान : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो काम हुआ है वह देश में अद्वितीय है। महिलाओं को नीतीश सरकार के द्वारा दिया गया आरक्षण वरदान साबित हो रही है। आज बिहार आधारभूत संरचना में विकसित राज्यों की बराबरी कर रहा है। राज्य में कानून का शासन है। बेटियाँ निर्भीक होकर स्कूल जाती हैं, दफ्तरों में काम करती हैं। यह आज का बदला हुआ बिहार है। यह बातें क्षेत्रीय विधायक सह बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कही। वे बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज पचौरी के लखरावां में उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। ग्रामीण विकास मंत्री ने बजरंग बली से लेकर मिश्री रविदास के घर तक 6 लाख 99 हजार 200 की राशि से नवनिर्मित पीसीसी ढलाई कार्य, 5 लाख 14 हजार 284 की राशि से महादेव साव के घर से पप्पू राम के घर तक नवनिर्मित नाली निर्माण कार्य, 3 लाख 80 हजार 610 की राशि से पप्पू राम के घर से संजय के घर तक नाली निर्माण कार्य एवं 5 लाख 96 हजार 961 की राशि से सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य का उद्घाटन किया।



श्री कुमार ने कहा कि अब हर महीने 125 यूनिट फ्री बिजली की सौगात मिली है जिससे हर घर में रोशनी और बचत दोनों बढ़ेगी। 2025 से 30 की अवधि बिहार के युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगी। अगले 5 सालों में 1 करोड़ नौकरी और रोजगार से बिहार की तस्वीर बदल जाएगी। राज्य की हर पंचायत में विवाह मंडप नीतीश सरकार का वो संवेदनशील फैसला है, जो लाखों परिवारों के लिए खुशियां लेकर आया है। अब गांव की हर बेटी का ब्याह बड़े ही धूमधाम से होगा। बिहार के करीब 3 करोड़ परिवारों का आज जोश हाई है, क्योंकि पिछले 20 सालों में उनके जीवन में लगातार विकास का ग्राफ ऊपर बढ़ा है।

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव, सुबोध पंडित, राजीव कुमार, सरयु रविदास, जयन्त शर्मा, रजनीश ठाकुर, बिट्टू कुशवाहा, राजू साव, प्रदीप मुखिया, दयानंद, संजय कुशवाहा, मनोज यादव, दिनेश साव, डी पी एस कुशवाहा, किशोर कुशवाहा, बहादुर सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा, प्रदीप कुमार, सीताराम कुशवाहा, रविन्द्र, सकलदीप, विशुनदेव प्रसाद, छोटे लाल सिपाही, प्रेम सागर पासवान, उपेन्द्र दिलवाला, मिथिलेश कुमार, विजेंद्र, ललन मालाकार, बालो राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बारिश में धंसने लगी सड़क हादसे होने की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लगातार हो रही बारिश के कारण स्मार्ट सिटी योजना के तहत बनी सड़कें धंसने लगी हैं, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। वार्ड संख्या 39 और 40 के बीच की सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के नागरिक स्मार्ट सीटी के नाम पर विकास की घोषणाओं से अपने आप को ठगी महसूस कर रहे हैं। स्थानीय नागरिक का उम्मीद था की शहर स्मार्ट सीटी बन जाने से उन्हें सुख सुविधा के अलावे आवागवन सुविधा व लाईटिंग व्यवस्था मिलेगा। लेकिन पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में सड़क सहित मोहल्ले की आम गली व नली अस्तव्यस्त हो गई है। स्मार्ट सीटी क्या ग्रामीण स्तर से भी शहर की स्थिति बदतर हो गई है। सड़कें एवं मॉडल अस्पताल में जलजमाव शहर के स्मार्ट सीटी होने की कहानी कह रही है। बताया जाता रहा है कि वार्ड नं. 39 एंव 40 में सड़क पर कुछ महीने पहले स्मार्ट सिटी के तहत निर्माण कार्य हुआ था, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने के कारण बारिश में सड़क जगह-जगह से धंसने लगी है। मुहल्लेवासियों ने किसी बड़े हादसे की आशंका जताते हुए लोगों को आगाह करने के लिए सड़क पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई गई, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अधिकारियों से शीघ्र संज्ञान लेने की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर सड़क पर से जलजमाव समाप्त नहीं कराया गया, तो संक्रमीत बीमारी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## म्यूचुअल ट्रांसफर से शिक्षकों को मिला नया स्थान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की समस्या को देखते हुए ट्रांसफर मामले में अब तक का सबसे ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है । शिक्षकों के आपसी तबादले में अब तक 17242 शिक्षकों ने अपने मनचाहे स्थान पर जगह बनाई है । शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने बताया कि मैचुअल ट्रांसफर शिक्षकों के लिए वरदान साबित हो रहा है । 22 जुलाई 2025 तक जहां 12754 शिक्षकों का मैचुअल ट्रांसफर हुआ था, वही 5 दिनों में 27 जुलाई तक 4488 शिक्षकों का म्युचुअल ट्रांसफर हुआ है । डॉ एस सिद्धार्थ ने बताया कि अब तक के ऐतिहासिक तबादले में 17242 शिक्षकों का मैचुअल ट्रांसफर से अपने मनचाहा स्थान पर पदस्थापना मिली है।



उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे सभी शिक्षकों का आवेदनों पर विचार करते हुए समस्या का समाधान किया जाएगा। शिक्षा विभाग की इस पहल से तबादले के इंतजार में बैठे शिक्षकों में काफी खुशी की लहर देखी जा रही है। बिहार के शिक्षक अपनी पदस्थापना का इंतजार वर्षों से कर रहे थे, ऐसे में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने म्युचुअल ट्रांसफर करते हुए उन्हें एक वरदान के रूप में नया स्थान प्रदान किया है। शिक्षकों को अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ से ही शिक्षा का कल्याण होने की संभावना दिखती है। साथ ही बताया जाता है कि शिक्षा विभाग को पटरी पर लाने में अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ का महत्वपूर्ण योगदान है।

## तैलिक महिला साहू सभा ने मनाया सावन महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सावन के इस महीने में जहां हर और हरियाली और खुशहाली देखी जा रही है, वहीं विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर सावन महोत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को कारू साहू सदन में नवादा जिला तैलिक महिला साहू सभा की ओर से सावन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर एक दूसरे को बधाई दी गई । महिला साहू सभा की अध्यक्ष किरण भारती के नेतृत्व में महिलाओं ने सावन महोत्सव के दौरान सावन के गीतों पर ठुमके लगाए और एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान महिला साहू सभा की सचिव नीतू रानी सिन्हा, कोषाध्यक्ष रिंकी आर्या, उपाध्यक्ष सरिता देवी, सहसचिव रजनी कुमारी आदि महिलाओं ने कहा कि सावन महोत्सव पर महिलाओं का यह कार्यक्रम काफी आकर्षक रहा। समाज की ओर से आए दिन कुछ ना कुछ कार्यक्रम आयोजित होता रहता है, इसी दौरान सावन के महीने में सावन मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ो महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दी। कार्यक्रम के दौरान पूजा कुमारी, रूपा देवी, बॉबी किरण, रीता गुप्ता, अर्चना कौशिक, बसंती देवी, ललिता देवी, रंजन प्रिया, पूनम गुप्ता सहित अनेक महिलाएं सावन महोत्सव में भाग लेकर इसे सफल बनाई।




### नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिंद प्रखंड मुख्यालय स्थित सात करोड़ रुपये की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन स्थानीय विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार ने किया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला परिषद सदस्य विपिन चौधरी ने किया। सामुदायिक भवन का उद्घाटन करने के पश्चात विधायक ने उसका निरीक्षण भी किया। नवनिर्मित भवन में ही अस्पताल चलाने की बात बताते हुए इसमें उपलब्ध सुविधाओं से विधायक को अवगत कराया गया। इस दौरान मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी सरकार विकास कार्य को आगे बढ़ा रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, सड़क, शुद्ध पेयजल, बिजली आदि को लेकर तेजी से काम चल रहा है। यह अस्पताल 30 बेड का होगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. जफराउद्दीन, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि ललित माहतों, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, जयशंकर प्रसाद, समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### अलग-अलग जगहों से पांच नशेड़ी गिरफ्तार

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को देर शाम बिंद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर पुलिस ने पांच नशेड़ीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नशेड़ियों की पहचान थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी रूदल राउत, जीतन चैधरी व नीतीश कुमार बिंद गांव निवासी प्रवेश राउत एवं बिहार थाना क्षेत्र के नईसराय निवासी राकेश कुमार के रूप में की गई हैं। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न गांवों में छापेमारी कर पुलिस ने पांच नशेड़ीयों को गिरफ्तार किया है। सभी नशेड़ियों को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है।

### डूबने से अधेड़ की मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेलमर थाना क्षेत्र के धोवा नदी में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति तेलमर गांव के निवासी रामबरन महतो के 52 वर्षीय पुत्र चंद्र भूषण प्रसाद हैं। तेलमर पंचायत के मुखिया विद्यानंद बिंद ने बताया कि मृतक चंद्र भूषण प्रसाद किसान काम करते थे। वह सोमवार की सुबह 11 बजे खेत देखने के लिए गांव के धोवा नदी के पास खंधा में गए हुए थे। नदी पार करने के दौरान वह गहरे पानी में चले गए। खंधा में मौजूद दूसरे व्यक्ति के द्वारा उन्हें पानी से निकल गया। और आनन फानन में इलाज के लिए उन्हें बख्तियारपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तेलमर थानाध्यक्ष शत्रुघ्न शाह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिए।

## विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों के बीच टैब का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददता

**नारदीगंज,नवादा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी व बीइओ नारदीगंज के निर्देशानुसार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों के बीच टैब वितरण कार्यक्रम सोमवार से शुरु हुआ। इंटर विद्यालय नारदीगंज संकुल के विद्यालय से शुरुआत की गई है। यह कार्यक्रम 28 जुलाई से शुरू हुआ है। जो एक अगस्त 2025 तक चलेगा। बीइओ दीपक सक्सेना,प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी आंनद कुमार ने प्रधान शिक्षकों को टैब उपलब्ध कराये। बीईओ ने कहा नारदीगंज प्रखंड के सभी विद्यालयों में प्रत्येक विद्यालय को दो टैब का वितरण किया जा रहा है। जिसका इस्तेमाल प्रधानाध्यापक व विद्यालय के एक नामित शिक्षक के द्वारा किया जाएगा। इस प्रखंड में 114 विद्यालय है। जिसमे 59 प्राथमिक विद्यालय,44 मध्य विद्यालय के अलावा 11 उच्च विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को दो टैब वितरण किया जाएगा। मौके पर प्रधानाध्यापक अंजुम शाहिद, साधु शरण प्रसाद, कृष्ण कांत ईचा गुटू, पंकज कुमार समेत अन्य प्रधान शिक्षकों को उपलब्ध कराया गया है।

## रंगीता देवी बनीं विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिण्डपडवा में विद्यालय शिक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार की अध्यक्षता एवं प्रयवेक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा की देख रेख में विद्यालय शिक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया। रंगीता देवी को सर्वसम्मति से विद्यालय शिक्षा समिति का सचिव चुना गया। बेबी देवी, गौरी देवी, देवकी देवी, पारो देवी, सीता देवी, कौशल्या देवी को सदस्य चुना गया। विद्यालय के बाल संसद के श्रीकांत कुमार, मीना मंच की पूजा कुमारी एवं विद्यालय के वरीयतम शिक्षिका स्नेहा कुमारी भी इसके सदस्य है।

## माता और शिशु टीकाकरण जागरुकता शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** सोमवार को पकरीबरावां प्रखण्ड के छतरवार गांव में माता और शिशु टीकाकरण जागरूकता शिविर आयोजित की गई। एसबीआई फाउंडेशन संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील के बैनर तले एसबीआई मेडिकल कैंप का आयोजन उत्थान शिक्षा समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक संदीप कुमार पांडेय ने जागरुकता शिविर का उद्देश्य माताओं और शिशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण करना है। लोगों को टीकाकरण के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। डॉ. गौरव कुमार ने कहा कि टीकाकरण माताओं और शिशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव में मदद करता है। यह माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सहायता प्रदान करता है। इससे माताओं और शिशुओं की मृत्यु दर में कमी करने में मदद करता है। लोगों को टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं का प्रचार किया गया और लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस बीच ओपीडी में 40 लोगों का इलाज किया गया एवं उन्हें निःशुल्क दवा दी गई। विभिन्न प्रकार के जांच भी किए गए। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, एमएमयूओडी रोहित कुमार, पंचायत समिति सदस्य रामदेव चौरसिया, वार्ड सदस्य चौरसिया सहित अन्य उपस्थित थे।




## नवादा के गौरव नारद संग्रहालय के लिए नए भवन का होगा निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा नवादा के ऐतिहासिक नारद संग्रहालय का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय परिसर में स्थित तीनों खंडों के जर्जर भवनों की स्थिति का अवलोकन किया एवं निर्माण कार्य की संभावनाओं की समीक्षा की।

विदित है कि बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में, संग्रहालय के पुराने एवं जर्जर भवनों को ध्वस्त कर भूमि के संपूर्ण भाग पर अत्याधुनिक नक्शा तैयार कर नया संग्रहालय भवन निर्मित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस कार्य हेतु बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को नामित किया गया है।



भवन निर्माण कार्य के दौरान संग्रहालय संचालन बाधित न हो, इसके लिए जिला पदाधिकारी ने डायट परिसर के इंडोर भवन एवं खेल भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने खेल भवन के प्रथम तल को संग्रहालय के अस्थायी संचालन हेतु उपयुक्त पाया और निर्देश दिया कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने तक नारद संग्रहालय का संचालन वहीं से किया जाए। जिला पदाधिकारी ने संग्रहालय में संग्रहित क्षेत्रीय इतिहास, पुरावशेषों, कला और संस्कृति से संबंधित अमूल्य वस्तुओं का अवलोकन किया। उन्होंने यह निर्देश दिया कि इन अमूल्य धरोहरों को खेल भवन के प्रथम तल में सुरक्षित स्थानांतरण के लिए संग्रहालय संचालन से संबंधित गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

वस्तुतः नारद संग्रहालय, नवादा जिले की प्रमुख सांस्कृतिक धरोहर है, जिसकी स्थापना वर्ष 1973 में तत्कालीन जिलाधिकारी नरेंद्रपाल सिंह के प्रयासों से हुई थी। यह संग्रहालय नवादा के क्षेत्रीय इतिहास, कला, संस्कृति एवं पुरावशेषों को संरक्षित रखने का कार्य करता है और जिले की ऐतिहासिक पहचान को सहेजता है।

निरीक्षण के दौरान बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के उपमहाप्रबंधक, नारद संग्रहालय के क्यूरेटर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सद्भावना चौक स्थित पावर सबस्टेशन में जलजमाव से बिजली आपूर्ति बाधित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारी वर्षा के कारण सद्भावना चौक स्थित डोभरा पर पुराने पावर सबस्टेशन परिसर में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। तकनीकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सबस्टेशन से अस्थायी रूप से बिजली सेवा बंद कर दी गई है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, विद्युत नवादा सदर द्वारा जानकारी दी गई कि पानी भर जाने के कारण उपकरणों की सुरक्षा के लिहाज से विद्युत आपूर्ति रोकी गई है, ताकि किसी संभावित दुर्घटना या नुकसान से बचा जा सके। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी नवादा रवि प्रकाश ने त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को मोटर पंप के माध्यम से शीघ्र जलनिकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नगर परिषद की टीम द्वारा जलनिकासी का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जैसे ही पानी की निकासी पूरी होगी, बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से संयम बरतने और सहयोग बनाए रखने की अपील की है।



# मगध विश्वविद्यालय में मेरा सैनिक, मेरा अभिमान थीम पर मना कारगिल विजय दिवस समारोह

## वीर सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि, प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया उत्साह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के बैनर तले सोमवार को मन्नूलाल केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में 'मेरा सैनिक, मेरा अभिमान' विषय पर कारगिल विजय दिवस समारोह पूरे उत्साह और गर्व के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत के वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर एस.पी. शाही द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों की राष्ट्रसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की और कारगिल युद्ध की गौरवशाली स्मृतियों को साझा किया। प्रोफेसर शाही ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय में दो लाख पौधारोपण अभियान की घोषणा की और इसे बिहार के लिए 'हरित क्रांति' करार दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने मगध विश्वविद्यालय से अपने लंबे जुड़ाव और 27 वर्ष पूर्व सासाराम में एनएसएस के अनुभवों को साझा करते हुए बुद्ध के मध्यम मार्ग को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाषण, नृत्य और संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। भाषण प्रतियोगिता में तनु कुमारी (जगजीवन कॉलेज) ने प्रथम, नंदनी (गया कॉलेज) ने द्वितीय और मुस्कान चंद्रा (गया कॉलेज-द्वितीय इकाई) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रिया सिंह (प्रबंधन विभाग) प्रथम, नंदिनी कुमारी (जगजीवन कॉलेज) द्वितीय और आकांक्षा कुमारी (गया कॉलेज) तृतीय रहीं। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर नृपेंद्र श्रीवास्तव, प्रोफेसर एहतेशाम खान, डॉ. जियाउल्लाह अनवर, डॉ. ममता मेहरा, डॉ. एकता वर्मा और डॉ. वंदना पाल शामिल रहीं। विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रथम स्थान विजेताओं को कुलपति प्रो. एस.पी. शाही, द्वितीय को कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम और तृतीय को कुलानुशासक ने सम्मानित किया। सांत्वना पुरस्कार वित्त पदाधिकारी और मानविकी संकाय अध्यक्ष द्वारा प्रदान किए गए। गया कॉलेज, एएम कॉलेज, जीबीएम कॉलेज और मिर्जा गालिब कॉलेज की एनएसएस इकाइयों के प्राचार्यों और पदाधिकारियों को अंगवस्त्र, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय गायिका शालिनी कुमारी और चांदनी (जंतु विज्ञान विभाग) ने देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। मंच संचालन डॉ. परम प्रकाश राय (हिन्दी विभाग) ने किया और डॉ. दीपशिखा पाण्डेय (गृह विज्ञान विभाग) ने मिनट्स तैयार करने में सहयोग दिया। समारोह के अंत में कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने भगवदगीता के 12वें अध्याय का उल्लेख करते हुए जीवन में सक्रियता और आशा का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार रंजन, डॉ. अम्बे कुमारी, डॉ. अनुज कुमार तरुण, डॉ. पिंटू कुमार, विभिन्न संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकेतर कर्मी, शिक्षक और एनएसएस कार्यकर्ता -मैक्स, पवन, विशाल, सूरज, सोनू आदि की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# ट्रक चालक से मारपीट, तीन लोगों ने 40 हजार लूटे, स्थानीय लोगों ने की सड़क जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गया-रफीगंज मुख्य मार्ग पर इस्माइलपुर तीनमुहान के पास एक ट्रक चालक से मारपीट और लूट की घटना सोमवार को सामने आई है। रविवार के शाम 7 बजे तीन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया और ट्रक चालक से 40 हजार रुपए लूट लिए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया जिससे 4 घंटे से अधिक समय तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। घटना के बाद ट्रक चालक ने पुलिस को सूचित किया और मौके पर कोंच पुलिस पहुंची, लेकिन उसके बाद यह कहकर वापस लौट गई कि थाना में आवेदन दें उसके बाद कार्रवाई होगी। घटना के बाद ट्रक चालक उक्त स्थल पर ही रात भर रूका रहा। सोमवार सुबह उसी मार्ग से गुजर रहे एक अन्य ट्रक का एक पहिया सड़क से नीचे उसी स्थल पर उतर गया। स्थानीय लोगों ने भी सड़क जाम कर दिया। इससे घंटों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय राहगीर कुमारी अनुपम ज्योति, श्याम सुन्दर यादव, सिकंदर पासवान, सुखेन्द्र यादव आदि लोगों ने कहा कि पुलिस आई थी, लेकिन वापस चली गई। सुबह 8 बजे से 12:20 बजे तक सड़क जाम लगा रहा। उसके बाद प्रशासन ने मार्ग परिचालन को सामान्य कराया।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में आइडिया फेस्टिवल का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** गया इंजीनियरिंग कालेज में बिहार आइडिया फेस्टिवल कार्यक्रम की शुरुआत दीपोत्सव के साथ शुरू हुआ। अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजन सरकार ने अतिथियों को स्वागत स्मृति चिन्ह व बुके देकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताया एवं संबोधित करते हुए बताया कि बिहार आइडिया फेस्टिवल एक आयोजन नहीं एक खोज है जहां प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा। जिला स्टार्टअप कॉर्डिनेटर सुशांत कुमार के द्वारा बिहार आइडिया फेस्टिवल एवं स्टार्टअप बिहार के उपलब्धियों एवं होने वाले फायदा को बताया गया। स्टार्टअप की चर्चा के साथ ही देश के बड़े शहरों मुंबई, बेंगलुरू, अहमदाबाद, गुरुग्राम व नोएडा जैसे शहरों का नाम सामने आता है, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। बिहार में भी स्टार्टअप के लिए अब अनुकूल वातावरण है। इंफ्रा स्ट्रक्चर विकसित हुए हैं। सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के मामले में भी बिहार पीछे नहीं है। जरूरत है मजबूत इच्छाशक्ति के साथ अपनी रचनात्मक सोच को आगे बढ़ाने की। सरकार भी ऐसी सोच को प्रोत्साहित कर रही है। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। कार्यक्रम में जीविका दीदी प्रियंका देवी एवं मुन्नी देवी के द्वारा अपने अनुभव एवं बिहार सरकार के प्रयास को सभी के सामने अवगत कराया। कार्यक्रम में सीएस लगुनो के डायरेक्टर प्रियांशु रंजन एवं हेलमटेक के डायरेक्टर रोहित राज ने अपने स्टार्टअप जर्नी से सभी को अवगत कराया।

# मगध विश्वविद्यालय और जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक सहयोग हेतु ऐतिहासिक समझौता

## शोध, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मिलेगा नया आयाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय और बलिया के जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक सहयोग को संस्थागत स्वरूप देने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह ऐतिहासिक समझौता उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दोनों संस्थानों के बीच साझेदारी को एक नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है। समारोह मगध विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में आयोजित हुआ जहां विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही और जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव, विज्ञान और वाणिज्य संकायों के संकायाध्यक्ष, कुलानुशासक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समझौते के तहत छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाएं, शैक्षणिक संसाधनों का साझा उपयोग, लघु एवं दीर्घकालिक फैकल्टी एक्सचेंज और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन जैसे बिंदुओं पर सहमति बनी है। दोनों विश्वविद्यालय अब साझा क्षमताओं के आधार पर एक-दूसरे से लाभान्वित हो सकेंगे। प्रो एसपी शाही ने कहा कि यह साझेदारी मगध विश्वविद्यालय के अकादमिक क्षितिज को विस्तार देगी। हम नवाचार और शोध की संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं और यह सहयोग छात्रों व शिक्षकों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। वहीं, प्रो संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि यह समझौता पूर्वांचल और बिहार की शैक्षणिक आकांक्षाओं को नई दिशा देगा। शिक्षा अब सीमाओं में बंधी नहीं रह सकती और यह साझेदारी उसी सोच का प्रतिबिंब है। समझौता ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि सभी कार्यक्रम संबंधित विश्वविद्यालयों की आंतरिक नीतियों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के अनुसार संचालित होंगे। प्रत्येक गतिविधि के लिए पृथक 'प्रोग्राम स्पेसिफिक एग्रीमेंट' तैयार किया जाएगा जिसमें संबंधित प्रतिभागियों, उनकी जिम्मेदारियों और कार्यान्वयन योजना का विवरण होगा। यह समझौता न केवल दो संस्थानों के बीच सहयोग का प्रतीक है, बल्कि यह उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक मानकों की ओर भारतीय विश्वविद्यालयों की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भविष्य में यह साझेदारी छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंच प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

# पूर्व विधायक श्रीचंद पासवान के निधन पर राजेश राम सहित वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जिले के इमामगंज से 1980 से 1990 तक लगातार दो बार विधायक रहे श्रीचंद पासवान के निधन पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा शोक जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्रीचंद पासवान ने लगातार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज बनने का काम किया। उनके निधन से मन मर्माहत है और उनके परिजनों के प्रति सांत्वना प्रकट करते हैं। गया जिले के इमामगंज से वे लगातार दो बार विधायक रहे और क्षेत्र के लोगों और उनकी समस्याओं के लिए सदैव काम करने वाले नेता के रूप में उन्हें याद किया जाता रहेगा।

# वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच प्रखंड कार्यालय के समीप पेट्रोल पंप के पास बीते दिनों एक दर्दनाक हादसा हुआ था जहां एक चार पहिया वाहन की टक्कर से लूना सवार 74 वर्षीय वृद्ध घायल हो गए थे जिन्हें इलाज के दौरान बीते दिनों पीएमसीएच में वृद्ध की मौत हो गई जिसे लेकर फर्द बयान के आधार पर सोमवार को मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी में मृतक के पुत्र राकेश कुमार ग्राम सिंदुआरी ने कहा है कि मेरे पिता राधा मोहन साव उम्र 74 वर्ष कोंच प्रखंड कार्यालय के समीप पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर अपने नूना गाड़ी से वापस अपना घर लौट रहे थे। तभी पेट्रोल पंप के पास एक चार पहिया वाहन ने नूना सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से रेफर किए जाने के बाद पीएमसीएच ले जाया गया और इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन पर कांड संख्या 390/25 दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। इधर, वृद्ध की मौत से परिवार पर गहरा प्रभाव पड़ा है और परिवार के सदस्य सदमे में हैं।

# प्रखंड क्षेत्र में 44 प्रतिशत हुई धान की रोपनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड क्षेत्र में अभीतक 44 प्रतिशत ही धान की रोपनी हो पाई है। वजीरगंज के प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि वजीरगंज प्रखंड क्षेत्र में कुल 12154 हेक्टेयर का लक्ष्य धान की रोपनी का रखा गया है जिसमें अभी तक लक्ष्य का 44 प्रतिशत यानि 5348 हेक्टेयर धान की रोपनी हुई है।

# पानी भरे गड्ढे में गिरने से ढाई वर्षीय बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सोमवार को अलीपुर थाना क्षेत्र के केसपा गांव के सरफराज बिगहा टोला में पानी भरे गड्ढे में गिरने से ढाई वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान पिंटू मांझी का ढाई वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। विकास मित्र शिव कुमार ने बताया कि घर के लोग धान की रोपनी में गए हुए थे। घर में अंकित के दादा-दादी थे। बच्चा किसी तरह घर के पास बने पानी भरे गड्ढे में गिर गया। पानी में डूबने के कुछ देर बाद जब बच्चे की खोजबीन हुई तो उसे गड्ढे से बाहर निकाला गया। बच्चे को तुरंत परिजन अनुमंडलीय अस्पताल, टिकारी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि बच्चा घर के पास खेल रहा था और अनजाने में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में चला गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी धीरू शर्मा ने किया कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले के टिकारी विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा के द्वारा कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर टिकारी विधानसभा के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर टिकारी विधानसभा के प्रत्याशी धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा ने कहा कि आज कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया है। इस कार्यालय के खुलने से क्षेत्र की जनता एक जगह पर अपनी समस्याओं को रखने का कार्य करेगी। साथ ही सम्मानित जनता से भी मिलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि चुनाव का समय है, ऐसे में आम जनता तक अपनी बातों को पहुंचाना और जनता की बातों को सुनना, इस कार्यालय के माध्यम से होगा। इसके खुलने से न सिर्फ प्रत्याशी बल्कि समर्थक और आम जनता की बातों को भी सुनने में सहूलियत होगी। आज के इस कार्यक्रम में टिकारी विधानसभा के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए हैं जिन्होंने अपना आशीर्वाद दिया है। हमें उम्मीद है आने वाले चुनाव में भी जनता का हमें आशीर्वाद मिलेगा। जनता की बातों पर खरा उतरने का हमारा प्रयास होगा। जनता की सेवा करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर वाल्मीकि प्रसाद, राजकुमार पासवान, मुन्ना चंद्रवंशी, मदन शर्मा, मोहम्मद हामिद खान, डॉक्टर छोटे नारायण यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रभारी थानाध्यक्ष के भरोसे चल रहा थाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** पिछले करीब तेरह दिनों से प्रभारी थानाध्यक्ष के भरोसे चल रहा है गुरारू थाना। अभी तक नहीं हुई है नये थानाध्यक्ष की पोस्टिंग। गौरतलब है कि पिछले पन्द्रह जुलाई को निवर्तमान थानाध्यक्ष चाहत कुमार को वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के साथ सांठ-गांठ के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। तब से लेकर आज तक नया थानाध्यक्ष की पोस्टिंग नहीं हुई है। थानाध्यक्ष का प्रभार चाहत कुमार द्वारा पदोन्नत जे एस आई ओम प्रकाश सिंह को दिया गया है। थानाध्यक्ष के अभाव में कारण प्रभारी थानाध्यक्ष में किसी भी मामले पर स्वतंत्र निर्णय की क्षमता का अभाव दृष्टिगोचर हो रहा है। पिछले पंद्रह जुलाई को हीं पंजाब नैशनल बैंक में हुई साढ़े तीन लाख रूपए को लेकर भागने की घटना का आज तक उद्भेदन नहीं हो सका है। थानाध्यक्ष की पदस्थापना को लेकर ग्रामीणों में संशय बना हुआ है। कुछ बुद्धिजीवियों एवं शांति प्रिय व्यक्तियों द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक से कर्मठ, लिसिप्सा रहित, युवा को अविलंब थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित करने की मांग की है।

# मतदान केन्द्र को लेकर शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय नगर पंचायत अंतर्गत ग्राम कैथबिगहा के सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपने गांव में मतदान केंद्र की स्थापना की मांग को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गांव के मुख्य द्वार पर 'बूथ नहीं तो वोट नहीं', 'अधिकार नहीं तो मतदान नहीं', 'हमारा हक हमें दो-मतदान केंद्र पास बनाओ' जैसे नारों के साथ तख्तियां, पोस्टर और बैनर के माध्यम से अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाई। कैथबिगहा गांव में 412 से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं, लेकिन आज तक यहां कोई मतदान केंद्र स्थापित नहीं किया गया है। वर्तमान में ग्रामीणों को लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय बसनबिगहा में जाकर मतदान करना पड़ता है, जो बुजुर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं और बीमार व्यक्तियों के लिए अत्यंत कठिन और असुविधाजनक है। समाजसेवी विवेक कुमार ने जानकारी दी कि इस विषय पर कई बार प्रशासनिक स्तर पर आवेदन दिए गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी, जिला पदाधिकारी गया, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार, पटना को लिखित रूप से पूर्व में भी सूचित किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। सोमवार को पुनः ग्रामीणों द्वारा आवेदन सौंपा गया जिसमें स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि कैथबिगहा गांव में मतदान केंद्र की स्थापना नहीं की जाती है तो आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सामूहिक मतदान बहिष्कार किया जाएगा।

# राज्य में बढ़ रही विवाह निबंधन के प्रति जागरूकता

## पटना में सबसे अधिक 8 हजार 577 विवाह पंजीकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में विवाह निबंधन को लेकर जोड़ों के बीच जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अनुसार, विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक राज्यभर में कुल 869 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ जबकि 2 हजार 821 जोड़ों ने विवाह का पंजीकरण कराकर इसे कानूनी मान्यता दी। पटना जिला इस मामले में सबसे अग्रणी रहा, जहां वर्ष 2023 से अप्रैल 2025 तक 4 हजार 138 विवाह संपन्न हुए और 4 हजार 439 विवाह पंजीकृत किए गए। अन्य जिलों में भोजपुर में 1 हजार 103, गया में 870, मुजफ्फरपुर में 783 और पश्चिम चंपारण में 672 विवाह पंजीकृत हुए। यह आंकड़ा वर्ष 2023 से अप्रैल 2025 के बीच का है।

**दो वर्ष में 18 हजार 465 विवाह पंजीकृत**

पिछले दो वर्षों में अवर निबंधन कार्यालयों और जिला निबंधन कार्यालयों में विशेष विवाह अधिनियम के तहत 18 हजार 465 विवाह पंजीकृत हुए। इनमें वर्ष 2023 में 9 हजार 493 और 2024 में 8 हजार 972 विवाह के पंजीकरण शामिल हैं। इस दौरान कुल 5 हजार 693 विवाह भी संपन्न कराए गए।

**क्या है विशेष विवाह अधिनियम, 1954**

विवाह निबंधन से न केवल कानूनी मान्यता मिलती है, बल्कि यह जोड़ों के अधिकारों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। यह अधिनियम किसी भी धर्म के जोड़ों पर लागू होता है, चाहे वे अंतरधार्मिक विवाह कर रहे हों या नहीं। इसके तहत विवाह के लिए पुरुष की आयु 21 वर्ष और महिला की 18 वर्ष होनी चाहिए। दोनों मानसिक रूप से स्वस्थ होने चाहिए और उनके बीच प्रतिबंधित संबंध नहीं होना चाहिए।

**प्रतिबंधित रिश्तों में विवाह पर रोक**

विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 2(बी) के तहत 'प्रतिबंधित रिश्तों की डिग्री' के बीच विवाह वर्जित है। यह प्रतिबंध खून के रिश्ते, दत्तक ग्रहण (गोद लिए गए रिश्ते), पूर्ण रक्त (एक ही माता-पिता से जन्में), अर्ध रक्त(एक ही पिता, लेकिन माता अलग) और गर्भ रक्त (एक ही माता, लेकिन पिता अलग) पर लागू होता है। प्रतिबंधित रिश्तों की सूची (प्रथम अनुसूची के अनुसार) पुरुष मां, नानी, बेटी, पोती, इत्यादि और महिला पिता, बेटा, पोता, भाई, भतीजा या अन्य नजदीकी रिश्ते में विवाह प्रतिबंधित है। प्रतिबंधित रिश्तों में विवाह सामान्य रूप से अमान्य माना जाता है।

**विवाह पंजीकरण के लिए जरुरी दस्तावेज और शुल्क**

विवाह पंजीकरण के लिए जोड़ों की आयु 21 वर्ष होने के साथ उनके पास पहचान प्रमाण, निवास प्रमाण, आयु प्रमाण और विवाह का प्रमाण जैसे जरुरी दस्तावेज होने अनिवार्य हैं। विवाह और पंजीकरण के लिए जोड़े को अपने क्षेत्र के नजदीकी निबंधन कार्यालय में 30 दिन पहले ऑनलाइन या ऑफलाइन रूप में आवेदन करना होगा। विवाह और पंजीकरण के बाद पति या पत्नी के लिए अलग-अलग विवाह प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। विवाह सूचना के लिए शुल्क के तौर पर 100 रुपये, निबंधन शुल्क 200 रुपये, विवाह खोज शुल्क 50 रुपये (चालू वर्ष), विवाह प्रतिलिपि शुल्क 100 रुपये, विवाह कमीशन शुल्क 600 रुपये और विवाह आपत्ति शुल्क 100 रुपये निर्धारित है।

# विवाद में किरायेदार ने की मकान मालकिन की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डोभी थाना के थानाध्यक्ष को रविवार को सूचना प्राप्त हुई कि चतरा मोड़ के समीप किरायेदार एवं मकान मालकिन के बीच हुए विवाद में किरायेदार द्वारा मकान मालकिन की मारपीट कर हत्या कर दी गई है। सूचना प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष, डोभी द्वारा वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराते हुए तत्क्षण पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल को संरक्षित किया गया तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु मगध मेडिकल अस्पताल, गया भेजा गया है। एसएसपी आनंद कुमार द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए सीटी एसपी रामानंद कुमार कौशल के मार्गदर्शन में डीएसपी शेरघाटी-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया तथा उन्हें त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सीटी एसपी के द्वारा गठित विशेष टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों का गहन अवलोकन किया गया तथा मृतक के परिजन एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना के संदर्भ में जानकारी एकत्रित की गई। तत्पश्चात उन्होंने इस कांड अद्यतन समीक्षा कर इस कांड में संलिप्त अपराधी के त्वरित गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) मृत्युंजय भुईयां उर्फ मृत्युंजय जी, उर्फ अवधेश जी, उर्फ फरेश भुईयां पिता–बाबूलाल भुईयां, सा0–चकलवा नावाडीह थाना–छीपादोहर, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–45/2023, दिनांक–15.07.2023 धारा–307, 427, 511, 120(बी) भा0द0वि0 एवं 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–20.07.2025 को इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब दिनांक–30.08.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 358338 Police(25-26).D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) राजू भुईयां उर्फ राजू जी, पिता–छोटेलाल भुईयां, सा0–लवाही, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना कांड सं0–45/2023, दिनांक–15.07.2023 धारा–307, 427, 511, 120(बी) भा0द0वि0 एवं 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–22.07.2025 को इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब दिनांक–30.08.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 358336 Police(25-26)D

संपादकीय

## शोध और नवाचार पर अधिक ध्यान दिया जाना जरूरी

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपए की शोध, विकास और नवोन्मेष (आरडीआई) योजना को मंजूरी दी है. यह शोध व विकास में निवेश के लिए बड़े प्रोत्साहन के रूप में है. इस योजना के अंतर्गत देश के उद्योग जगत को 20,000 करोड़ की राशि इस वर्ष वितरित की जाएगी. इसका बड़ा हिस्सा कम ब्याज या शून्य ब्याज दर पर कई फंड ऑफ फंड्स और सीधे कंपनियों को दिया जाएगा. खास बात यह भी है कि यह कोष अनुसंधान विकास के लिए अनुदान प्रदान करेगा तथा नवाचार के व्यवसायीकरण के लिए धन देगा.

गौरतलब है कि भारत में सरकार और निजी क्षेत्र का शोध व विकास में निवेश पिछले लंबे समय से चिंता का विषय रहा है. अभी भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शोध व विकास की हिस्सेदारी करीब 0.70 फीसदी है. यह हिस्सेदारी अमेरिका, जापान और चीन जैसे देशों की 2 से 5 फीसदी हिस्सेदारी के मुकाबले बहुत कम है. साथ ही देश के तेज विकास के लिए भी बहुत कम है. अब नई योजना से शोध के रणनीतिक और उभरते क्षेत्रों को आवश्यक जोखिम पूंजी प्राप्त होगी. इस योजना का दायरा ऊर्जा सुरक्षा से लेकर क्वांटम कम्प्यूटिंग, रोबोटिक्स, जैव प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तक होगा. अब आरडीआई में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दर पर लंबी अवधि के लिए धन या रीफाइनेंसिंग की सुविधा मुहैया की जाएगी.

उल्लेखनीय है कि विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 की रैंकिंग में 133 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है. यह कोई छोटी बात नहीं है कि जो भारत जीआईआई रैंकिंग में 2015 में 81वें स्थान पर था, अब वह 39वें स्थान पर पहुंच गया है. जीआईआई रैंकिंग में भारत की प्रगति दुनियाभर में रेखांकित हो रही है.

यदि हम बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को भी देखें तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है. अमेरिकी उद्योग मंडल 'यूएस चेंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा जारी वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर है. इस समय भारत में आरएंडडी पर जिस तरह जीडीपी का करीब 0.70 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है, उसे रणनीतिपूर्वक बढ़ाया जाना होगा.

हमें अपने औद्योगिक ढांचे में बदलाव लाना होगा, अपनी कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बदलाव को आकार देना होगा, अपनी कंपनियों पर प्रतिस्पर्धी होने का दबाव बनाने के तहत शोध और नवाचार के इस्तेमाल पर अधिक ध्यान देना होगा. भारत का उद्योग-कारोबार जगत अपनी जीडीपी का केवल 0.3 फीसदी आंतरिक शोध एवं विकास में लगाता है, जबकि वैश्विक औसत 1.5 फीसदी है. हमारी 10 सबसे कामयाब कंपनियां अपने लाभ का महज 2 फीसदी शोध एवं विकास पर व्यय करती हैं, जबकि अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी में सफल कंपनियां भारत की तुलना में अपने लाभ का बहुत अधिक भाग शोध एवं विकास में लगाती हैं.

# 125 यूनिट मुफ्त बिजली सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि 'विकसित बिहार' की ओर सशक्त कदम



- डॉ. संजय मयूख

**(लेखक- राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख, भारतीय जनता पार्टी; मुख्य सचेतक, भाजपा, बिहार विधान परिषद्)**

बिहार में एक दौर वह भी था, जबशाम होते ही गांवों तो छोड़िए, शहरों में लालटेन की रौशनी से काम चलना पड़ता था।'लालू-राबड़ीराज'यानीविकास की पहिया उलटा घुमाने वाले'राजद राज'शहरों में कुछ देर के लिए बल्बरोशनहोतेभीथे, लेकिनगांवोंमें तो कभी कभार ही बल्ब जलते थे।वर्ष 2025 में भाजपा-जदयू की एनडीएसरकार आयी और लालटेन युग की विदाई हुई। एनडीएसरकारआने के बाद घरों में बल्ब जलने लगे, यहां तक की गांवों में ढ़िबरी-लालटेनकी जगह बच्चे बल्बकीरौशनी में पढ़ने लगे।वर्ष 2014मेंप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीएसरकार बननेके बादकेनए युग का आरंभ हुआ, एलईडी लाइट से बिहार के गांव-घर रोशन हुआ।इसी कड़ी में गरीब कल्याण के लिए संकल्पित एनडीए सरकार 125 यूनिट बिजली मुफ्त देकर न सिर्फ 1.85 करोड़ परिवारों को आर्थिक सहयोग दिया है, बल्कि लोगों की उत्पादक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम आगे बढ़ाया और बिहार के विकास को नई गति दी।अंधकारसे प्रकश की यात्रा करने वालेबिहारवासी2005से पहले के बिहार को कभीनहीं भूल पाते हैं, जब सड़कों पर खंभे-तार होते थे, लेकिन बिजली का आगमन एक सपन जैसाथा। गांव में बिजली आने पर उत्सवका माहौल बन जातेथे और शहरों में भी 'कटौती' आम बातें होती थी। किसान डीजल से खेतों की सिंचाई करने के मजबूर थे औरअंधकार में डूबी रातें 'डर'की कुछ अलग कहानियां बयां करती थी।लगभगहजार वर्षों तक अखंड भारत के केंद्र बिंदु रहे मगध साम्राज्य के हृदयस्थली बिहार में बदलाव की लौ कारोशनहोना अवश्यंभावी था, जिसकाकारक बना भाजपा-जदयू और बिहार की जनता ने एनडीएकोइसकी जिम्मेदारी सौंपी। इतिहास के पन्ने पलटने पर वो पल याद आ जाते हैं,जबएनडीए सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ लेने के बाद नीतीश कुमार अपने गांव कल्याण बिगहा पहुंचकरअपनी मां के चरण छूकर आशीर्वाद लिए थे, तब उनकीमां ने स्नेह से सिर पर हाथ रखते हुए कहा था- सब ठीक हइबउआ, परइबिजली दिन भर भुकर-भुकरकर हइ, कुछे देर बिजली रह हइ, सबे लोग परेशान हइ, एकराठीक करा दिय।

यह एक साधारण अभिव्यक्तिनहीं थी, बल्किबिहार के करोड़ों परिवारों की पीड़ा, आकांक्षा और उम्मीदों का प्रतिनिधित्व ध्वनि थी। किसान और गांव की परिवेश से उभरे नीतीश कुमार जनमानसके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए बिजली क्रांति की नईकहानी रच दी। एनडीए सरकार'तार-खंभे' गिनने के बदलेबिजली की उपलब्धता-वितरण को प्राथमिकता देते हुए जर्जर पावर ग्रिड सुधारने, विद्युत उत्पादन में निवेश बढ़ाने और हर गांव तक बिजली पहुंचाने का अभियान शुरू किया।परिणामस्वरुप, वर्ष 2017 में प्रदेश के के सभी गांवों में बिजली पहुंच गयीऔरबिहार ऐसा करने वाला देश का 17वां राज्य घोषित हुआ। बिहार में 2005 में महज700 मेगावाट बिजली की उपलब्धताथी, वहींजून2024 में बिजली की खपत बढ़कर 7060 मेगावाट हो गई, जो अब तक का रिकॉर्ड खपत दर्ज की गयी है।खपत बढ़ने के साथ ही बिजली का दुरुपयोग और लीकेज रोकने के लिए प्रीपेड मीटर लगाएगए। आजएनडीए सरकार 6,000 करोड़ रुपए से ज्यादा बिजली सब्सिडी पर खर्च कर रही है।बीपीएल परिवार को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए अनुदान दिए गए। इन सब के बेहतर नतीजे आए, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी घाटेसे उबर पाया और जनता को बेहत ढंग से बिजली आपूर्ति करने लगा।एनडीए सरकार के अथक प्रयास सेप्रति व्यक्ति बिजली खपत 329 यूनिट हो गयी, जबकि20 वर्ष पहले प्रति व्यक्ति 75 यूनिट थी।राजद राज में करोड़ों गरीब और मध्य वर्गीय परिवारों के लिए बिजली कोई आम सुविधा नहीं, बल्कि'लग्जरी' जैसा था। लोग परेशान रहते थे कि इस महीने का बिजली बिल कहींबढ़ कर तो नहीं आएगा। लेकिन, एनडीए सरकार आने के बाद लोगों की सोच बदल गयी, घरों में पंखा, बल्ब, फ्रिज और एलईडी का उपयोग होने लगा, बच्चे एलईडी लाइट में पढ़ाने लगे, खेतों की सिंचाई बिजली केमोटरपंप से होने लगे और महिलाएं इंडक्शन पर भी खाना पकाने लगी। विकसितबिहार बनाने की दिशा में बिजलीक्रांति की अगली कदम बहुत ही सशक्त तरीके से उठाया गया।125 यूनिट बिजली फ्री देकरबिहार के छोटे दुकानदार, किसान, छात्र-छात्राओं और गृहणियोंके उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्णसिद्ध होने वाला है। एक अनुमान के अनुसार इस योजना से बिजली खपत करने के मामले में एक परिवार कोहर महीने में 1,300 रुपये कीबचत होगी। इससेघरों में सिर्फरोशनी ही नहीं होगी, बल्कि लोगों के जीवन में सुकून, मन में भरोसा और भविष्य की नई उम्मीदे जागेगी।परिवारवाद की राजनीति करने वाली राजद के लिए बिजली सिर्फ और सिर्फ एक चुनावी मुद्दा था, मगर मगर एनडीए सरकार के लिए विकसित बिहार बनाने का एक संकल्प था।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 15 अगस्त, 2012 कोपटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बिजली देने का जोवादा किया था, उसे संकल्प को पूरा करके दिखाया। डबल इंजन कीसरकार ने बिहार में दिखा दिया कि जो राज्य कभी 'लालटेन' का प्रतीक हुआ करता था, वह अब एलईडी की प्रकाश से जगमगाया हुआ है। पिछले दो दशकों मेंप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार केअथक प्रयासों का परिणाम है कि आज बिहार का हर गांव और लगभग हर घर बिजली से प्रकाशमान है।सीएमनीतीश कुमार की सरकार में यह सिर्फ बिजली का आगमन नहीं, बल्कि विकास और आत्मविश्वास की एक नई गाथा है, जो विकासितबिहारके पथ पर अग्रसरहै।बिजली आपूर्तिमहज एक जनसेवा हीनहीं, बल्किविकास की रीढ़ भीहै। आज बिहार में रोशनी सिर्फ दीवारों पर नहीं, लोगों की सोच वसंभावनाओं में भी दिखती है।

# भाषा ही देश को जोड़ने का संस्कार देती है

**राजेश बादल**

महाराष्ट्र में ठाकरे बंधुओं ने जिस भाषा विवाद को पश्चिम में भड़काया, वैसी ही शुरुआत अब उत्तर पूर्व में हो चुकी है. अंतर यह है कि ठाकरे बंधुओं ने संसार की सबसे अधिक बोली-समझी जाने वाली हिंदी के खिलाफ मोर्चा खोला था, जबकि असम तथा बंगाल ने एक-दूसरे की भाषाओं को आड़े हाथों लिया है. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने असम के मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया है कि उनके राज्य में बंगला बोलने वालों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं. वे कह रही हैं कि असम में भाजपा भाषा के आधार पर लोगों को बांटना चाहती है.

यह विभाजनकारी एजेंडा सारी हदें पार कर चुका है. लेकिन असम में बंगाली लोग इसका डटकर मुकाबला करेंगे. बांग्लादेश के बाद बंगला भाषा असम में बोली जाने वाली दूसरी लोकप्रिय भाषा है. उन्होंने कहा कि जो लोग सभी भाषाओं-धर्मों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्वक भारतीय की तरह रहना चाहते हैं, वे रहेंगे. पर, मातृभाषा के लिए उत्पीड़न की धमकी भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है. जाहिर है कि असम से उत्तर आना ही था. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ममता को करारा जवाब दिया. उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी वोट के लिए बंगाल के अल्पसंख्यकों की चिंता कर रही हैं. उनका मकसद सिर्फ विधानसभा चुनाव में लाभ लेना है. जिन प्रदेशों में भाषा अक्सर विवाद का विषय बनती रही है, उनमें महाराष्ट्र के अलावा बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रमुख हैं. बंगाल और असम के बीच भाषायी संघर्ष तो जानलेवा होते रहे हैं. एक समय तो ऐसा भी आया था, जब गैरअसमी लोगों को लगा कि असमी उन पर थोपी जा रही है. इसके बाद वहां असमी के विरोध में आंदोलन भड़क उठे. वे हिंसक भी हुए. लेकिन मणिपुर और त्रिपुरा इसमें शामिल नहीं हुए. आंदोलनकारी चाहते थे कि जिनकी भाषा असमी नहीं है, उनके लिए अलग जनजातीय प्रदेश बनाया जाए. इसके लिए ऑल पार्टी हिल्स कॉन्फरेंस बनी थी. सीमा पर उठे इस आंदोलन पर हुकूमत संवेदनशील थी. आखिरकार जनजातीय प्रदेश तो नहीं बना, अलबत्ता कई छोटे राज्य अस्तित्व में आ गए. मेघालय, मिजोरम, अरुणाचल, त्रिपुरा और मणिपुर इसी की उपज हैं. लेकिन साठ के दशक में तो भाषा विवाद इतना उग्र था कि बंगाली असम के लोगों के खून के प्यासे हो गए. प्रतिक्रियास्वरूप असम में भी बंगालियों के विरोध में आंदोलन प्रारंभ हो गया. इसकी एक बानगी पर्याप्त होगी. उन दिनों असम के महानायक, भारतरत्न भूपेन हजारिका कोलकाता के फिल्म जगत का बड़ा लोकप्रिय नाम था.

अध्यात्म

## साधु संगत से चोर ने चोरी छोड़ी

एक डाकू था, जो लूट पाट करता था। एक बार एक गांव से धन लूटकर वो भाग रहा था कि घोड़े पर से गिर कर घायल हो गया। उसने देखा पास में ही एक साधू की कुटिया है, धन को जमीन मे गाढ कर वो साधु की कुटिया में गया। साधु रात्रि भोजन हेतु ही बैठे थे। दरवाजे पर दस्तक सुन उन्होंने कहा, जो कोई भी है, अन्दर आ जाओ। डाकू अन्दर गया तो साधु ने उसे भी बैठने के लिए आसन दिया, और पहले उसके समक्ष भोजन परोसा, फिर स्वयं लिया। साधु ने उसे भोजन प्रारम्भ करने को कहा- आप अतिथि है इसलिए आप ईश्वर सामान है, आप पहले भोजन आरंभ करे। डाकू को आजतक किसी ने इतने सम्मान से ना कहा था और ना ही खिलाया था। डाकू ने भोजन किया।

साधु ने एक चटाई उसके लिए बिछा दी और कहा रात में आप कहां जाइएगा तो यही विश्राम कर लीजिए।

डाकू थोड़ा घायल था, तो चलने में उसे तकलीफ़ हो रही थी, जैसे ही साधु को उसके ज़ख्म का पता चला, उसका उपचार करने लगे। कुछ पत्तो को पीसकर उसका रस लेप करके एक कपड़े से उसके ज़ख्म पर बांधा। और सहारा देकर उसे चटाई पर लिटाया। डाकू साधु की उदारता से बहुत प्रभावित हुआ, उसने कहा, बाबा आप कितने संतुष्ट और उदार व्यक्तित्व के स्वामी है। आप में दया की भावना है। क्या आपको कभी धन की लालसा नहीं होती? साधु बोले- धन तो नश्वर है बालक, और जो चीज नष्ट हो जाए उसके लिए लालसा करना विनाश की ओर अग्रसर होना है। लालसा करनी है तो उन अनश्वर अनादि और अविनाशी ईश्वर की करो, जो एकमात्र सत्य है।

डाकू को साधु की बाते सुन खुद पर लज्जा आ रही थी, कि उसने आजतक चोरी, डाका जैसे बुरे कार्य ही किए है। फिर भी उसके जीवन में शांति और संतुष्टि नहीं है। डाकू अपने सारे अपराधों की क्षमा साधु से मांगने हेतु उनके चरणों में गिर पड़ा, और साधु को अपनी सच्चाई बतलाई। और कहा- मै आपकी उदारता से खुद की नजरो मे लज्जित हूं। आज से और अभी से सबकुछ छोड़कर एक अच्छा इंसान बनना चाहता हूं।

शब्द कीर्तनः बिसर गई सब तात पराई, जब ते साध संगत मोहे पाई !

साधु विनम्रता से बोले, भागवत गीता में स्वयं ईश्वर कहते है, यदि कोई अतिशय दुराचारी भी अनन्य भाव से मेरा भक्त होकर मुझको भजता है तो वह साधु समान मानने योग्य है।

# हर क्षण खुश रहना सीखना होगा...

**अनंत इच्छाओं को सीमाओं में बांधने का प्रयास करना, सादगी एवं स्वाभाविकता का लिबास ओढ़कर जीवन जीना एवं सदैव नियंत्रण की डोर को पकड़े रहना हमें संतोष के भाव की ओर गति करने के लिए बल प्रदान करता है। यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे जीवन पर पूर्ण अधिकार सिर्फ हमारा है। इसलिए उसे तुलना और दूसरी अन्य कसौटियों पर आंकने से कोई लाभ नहीं होने वाला। संतोष का कोष कोई भौतिक खजाना नहीं है, बल्कि यह वह दिव्य कोष है, जो जीवन को समृद्धि, शांति एवं पूर्णता प्रदान करता है। यह कोष जितना बढ़ता जाता है, जीवन उतना ही हल्का, सहज और आनंदमय होता जाता है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में संतोष ही वह संजीवनी है, जो व्यक्ति को मानसिक, सामाजिक और आत्मिक स्तर पर स्थिरता देती है।**

**शिशिर शुक्ला**

जीवन प्रकृति प्रदत्त एक ऐसा उपहार है, जिसके मूल्य की कल्पना कर पाना भी नितांत असंभव कार्य है। मगर इसी जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण, जीने का ढंग और अपेक्षाओं के दायरे हमें परस्पर पृथक कर देते हैं। जन्म लेने के पल से ही हम इच्छाओं, आकांक्षाओं और विषयों के ऐसे संजाल में जकड़ जाते हैं, जिससे बहिर्गमन सामान्यतः मरणोपरांत ही संभव हो पता है। जीवन दरअसल सुख, सुविधा, शांति और आनंद की खोज का दूसरा नाम है। हम अनवरत कुछ नया प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहते हैं।

'काश कुछ और प्राप्त हो जाए', यह विचार हमारे अंतर्मन में जब एक बार स्थान बना लेता है तो फिर इससे मुक्ति पाना आसान नहीं रह जाता। प्रत्येक उपलब्धि हमें प्रसन्नता से कहीं अधिक उद्विग्नता की ओर धकेल देती है। यह उद्विग्नता होती है- कुछ और नया हासिल करने की, कुछ और ऊंचा उठने की और तुलना के पैमाने पर एक कदम और आगे बढ़ने की। सच यह है कि उपलब्धि जनित उद्विग्नता उस प्रसन्नता के भाव को नष्ट कर देती है, जिसे हमें जी भरकर जीना चाहिए था।

इंद्रियों की लालसाएं किसी सीमा में नहीं बंधी होतीं, क्योंकि उन्होंने सीमा या नियंत्रण शब्द का कभी अर्थ ही नहीं समझा है। इस आपाधापी में हम जीवन के वास्तविक कोष को विस्मृत कर बैठते हैं। यह वास्तविक कोष है- संतोष। संतोष एक ऐसी आंतरिक निधि है, जो हमें असीम सुख और आत्मिक शांति प्रदान करती है। एक श्लोक है- 'संतोषः परमं सुखम', यानी संतोष ही परम सुख है। संतोष के कोष का अर्जन भी सहज-सरल नहीं है। इसके लिए हमें अपने आप को अनुशासन की डोर से बांधना पड़ सकता है। 'काश थोड़ा औरज' के स्थान पर 'इतना ही पर्याप्त हैज' जैसा भाव जिस क्षण हमारे भीतर फूटने लगेगा, संतोष के अमूल्य कोष पर हमारा अधिकार सिद्ध हो जाएगा।

अल्प को ही पर्याप्त की दृष्टि से देखना, छोटी-छोटी उपलब्धियों में असीम सुख की अनुभूति, जीवन की प्रत्येक अवस्था में स्वयं को कृतज्ञता के भाव से सराबोर रखना और लालसाओं को आत्मानुशासन में बांध देना- ये कुछ ऐसी गतिविधियां हैं, जिनके माध्यम से हम संतोष का कोष प्राप्त करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। एक अन्य विशेष बात यह है कि आत्मानुशासन इच्छाओं पर नियंत्रण से आता है, न कि इच्छाओं के दमन से। दमन तात्कालिक प्रक्रिया है, जबकि नियंत्रण दीर्घकालिक। हम दमन को ही नियंत्रण समझने की भूल कर बैठते हैं जो हमारे लिए घातक सिद्ध होती है। नियंत्रण के माध्यम से आत्मानुशासन विकसित होता है और इसके बाद एक अवस्था ऐसी आती है, जब हम संतोष का कोष प्राप्त कर लेते हैं।

संतोष के गुण को आत्मसात करने के बाद हमें अनेक ऐसे लाभ स्वतः मिल जाते हैं, जो हमारे जीवन को एक नवीन दिशा देते हुए उसमें आमूलचूल परिवर्तन कर देते हैं। संतोष हमारे चित्त को शांति और स्थिरता प्रदान करता है। बाहरी



उथल-पुथल और परिस्थितियां ऐसी दशा में हमें जरा भी प्रभावित नहीं कर पाती हैं। संतोष का अमूल्य कोष प्राप्त होने के बाद हम भौतिक लालसाओं से दूर हो जाते हैं।

प्रतिस्पर्धा और तुलना के लिए हमारे मन-मस्तिष्क में कोई स्थान शेष नहीं रह जाता और ऐसी दशा में हमारा अंतर्मन हर एक क्षण प्रसन्नता के भाव से भरा रहता है। पर्याप्त का भाव मन में व्याप्त हो जाने पर मस्तिष्क चिंता, तनाव एवं अवसाद जैसे विकारों से सदा-सदा के लिए मुक्त हो जाता है।

ऐसी स्थिति में जीवन के प्रति एक संतुलित एवं सकारात्मक दृष्टिकोण धीरे-धीरे विकसित होने लगता है। एक बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि संतोष का अर्थ निष्क्रियता के भाव को पकड़ना कदापि नहीं है, बल्कि संतोष का आशय है- प्रत्येक अनावश्यक वस्तु को छोड़ते हुए न्यूनतम आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं का सहारा लेकर जीवन जीने का प्रयास करना। ऐसा तभी संभव है जब हम बाहरी विषयों में संलिप्त न होते हुए स्वयं के अंदर आनंद एवं शांति को खोजने का प्रयास करेंगे।


एक बार अगर हम इस साधना में सफल हो गए तो फिर हम निश्चित रूप से संतोष और संयम का महत्त्व समझने लगेंगे। संतोष के खजाने को प्राप्त करने के लिए हमें एक सहज एवं सरल जीवनशैली का पालन करना होगा, जिसमें अनावश्यक इच्छाओं और विचारों के लिए कोई भी स्थान न हो। एक अन्य महत्त्वपूर्ण बात यह है कि हमें अपने जीवन को तुलना के पैमाने से हर हाल में हटाना होगा, क्योंकि तुलना सदैव बेचैनी को जन्म देती है।

किसी भी अगले व्यक्ति के पास क्या है या क्या नहीं है, हमें हर हालत में इन प्रश्नों से दूर जाना होगा। अपने जीवन को संयम के ढांचे में ढालकर हम संतोष का कोष प्राप्त कर सकते हैं। हमें प्रत्येक दिन और प्रति क्षण उन संसाधनों और उपलब्धियों के बारे में सोचना चाहिए, जो हमारे पास हैं। उन विषयों की ओर मन को भटकने से रोकना होगा जो हमारे पास नहीं हैं। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आभार का भाव रखना हमें संतोष रूपी कोष की प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है।

अनंत इच्छाओं को सीमाओं में बांधने का प्रयास करना, सादगी एवं स्वाभाविकता का लिबास ओढ़कर जीवन जीना एवं सदैव नियंत्रण की डोर को पकड़े रहना हमें संतोष के भाव की ओर गति करने के लिए बल प्रदान करता है। यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे जीवन पर पूर्ण अधिकार सिर्फ हमारा है।

इसलिए उसे तुलना और दूसरी अन्य कसौटियों पर आंकने से कोई लाभ नहीं होने वाला। संतोष का कोष कोई भौतिक खजाना नहीं है, बल्कि यह वह दिव्य कोष है, जो जीवन को समृद्धि, शांति एवं पूर्णता प्रदान करता है। यह कोष जितना बढ़ता जाता है, जीवन उतना ही हल्का, सहज और आनंदमय होता जाता है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में संतोष ही वह संजीवनी है, जो व्यक्ति को मानसिक, सामाजिक और आत्मिक स्तर पर स्थिरता देती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

अपने प्रेमी को दिल की बात कहना चाह रहे हैं तो दिन बेहद अनुकूल है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ**

कार्यक्षेत्र में अपनी योग्यता के अनुरूप प्रदर्शन करने में कठिनाई होगी। खाँसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। रिश्तेदार आपकी अवहेलना कर सकते हैं।

**मिथुन**

व्यवसाय में बिक्री बढ़ेगी। गुरुजनों के साथ आप अच्छा समय बिता सकते हैं। आपकी सकारात्मक सोच लोगों के ऊपर विशिष्ट छाप छोड़ेगी।

**कर्क**

कोई रुका हुआ काम आपको शीघ्र पूरा करना पड़ेगा। बाहरी लोग आपके निजी मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेंगे। शाम को सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**सिंह**

पारिवारिक जीवन में आनन्द की अनुभूति करेंगे। सम्पत्ति में निवेश करना शुभ रहेगा। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें।

**कन्या**

आज घर में मेहमान आ सकते हैं। व्यापार में अचानक बड़ा लाभ मिल सकता है। विदेश जाने के अवसर बन रहे हैं। प्रेमी जन के साथ घूमने के लिये जा सकते हैं।

**तुला**

आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। सभी कार्य समय पर होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**वृश्चिक**

बनते कार्यों में रुकावटें आने से अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। पुरानी नकारात्मक बातों के उभरने से मन व्यथित हो सकता है।

**धनु**

आज पूरा दिन शान्ति से बीतेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत शानदार रहने वाला है। नये प्रकल्पों पर आप काम शुरू कर सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी अवश्य रखें।

**मकर**

यदि आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है तो उसे हल्के में न लें। अविवाहितों के विवाह तय होने में देरी हो सकती है। परिजनों के साथ आज महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। कुसंगति से आपको बचना चाहिये।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिये बहुत अच्छा है। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। रिश्तों में मधुरता आने से आप अत्यन्त तनावमुक्त महसूस करेंगे।

**मीन**

वाहन सावधानी पूर्वक चलायें। जॉब में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। अधिकारी इस समय आपके काम पर खास प्रसन्न नहीं हैं।

# तीसरी सोमवारी पर बाबा हरीगिरी धाम में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा इलाका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गढ़पुरा।** मिथिलांचल में मिनी देवघर के नाम से प्रसिद्ध सावन की तीसरी सोमवारी पर गढ़पुरा के बाबा हरी गिरी धाम स्थल मंदिर में लाखों लोगों ने जलाभिषेक किया। जहां श्रद्धालुओं का जन्म सैलाब उमर परा। अहले सुबह श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने 3 बजे मंदिर का गर्भ गृह का पट सरकारी पूजा के बाद खुलवाया गया। जहां कतारबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं को दिनभर जलार्पण कराया गया। करीब 4 लाख श्रद्धालुओं ने सावन की तीसरी सोमवारी पर बाबा हरी गिरी नाथ महादेव पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। सिमरिया गंगा तट से पैदल चलकर शिव भक्त श्रद्धालु महिला एवं पुरुष जल लेकर पहुंचे। जलाभिषेक के लिए मंदिर का पट खुलते ही लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा जिसको नियंत्रण करने को ले डीएसपी कुंदन कुमार थाना अध्यक्ष नवीन कुमार एसडीओ सनी कुमार सौरव समेत अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना पुलिस व अन्य पदाधिकारी को काफी मशक्कत करना पड़ा। 12 घंटे तक लोगों का हुजूम उमरता रहा। जहां भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस प्रशासन के अलावे धाम समिति सदस्य, सिविल डिफेंस समेत अन्य लोगों को काफी जूझना पड़ा। बताया गया की सिमरिया गंगा घाट के अलावे मुंगेर घाट से श्रद्धालु पैदल एवं सड़क मार्ग के अलावे रेल मार्ग से पूजा अर्चना को ले पहुंचे थे। कांवरिया पथों में जगह-जगह स्थानीय लोगों के द्वारा शिव भक्तों के सेवा को ले दर्जनों जगह कैंप लगाए गए थे। जिसमें कोरिया चौक, महेश्वरा मोड़,जय मंगलगढ़ मोर, गढ़खोली, रजौर, सकरा, गढ़पुरा आदि जगहों पर सेवा शिविर लगाकर आने वाले शिव भक्तों की सेवा में तल्लीन रहे। धाम परिसर में मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा शिव भक्तों के लिए जहां नींबू चाय नींबू पानी बिस्कुट आदि की व्यवस्था की गई थी। वही श्री श्याम परिवार बखरी के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया था। झमाझम बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने कतर वध तरीके से जय अर्पण किया। पूरा मंदिर परिसर से लेकर कमरिया पथों में बोल बम के जयकारे से जय घोष होता रहा। जहां कमरिया नाचते कूदते झमाझम बारिश में बाबा हरि गिरि धाम पहुंचकर जल अर्पित किया।

# सावन प्रिंसेस बनीं श्रुति, सृजन रहीं रनर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बेगूसराय जिला इकाई द्वारा आयोजित सावन महोत्सव में सावन प्रिंसेस की भी प्रतियोगिता हुई थी। जिसका खिताब श्रुति वर्मा को मिला। श्रुति वर्मा लगभग दर्जन भर प्रतिभागियों के बीच जीत कर प्रथम पुरस्कार पाया और सावन प्रिंसेस बनी। नरकटियागंज की विधायक रश्मि वर्मा ने श्रुति को क्राउन पहना कर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर संघ की महामंत्री सारिका भास्कर, पूनम सिन्हा, मीणा सिन्हा, अंकिता सिन्हा, मेनका मल्लिक, शुभ्रा कुमारी सहित अन्य ने श्रुति को बधाई दी। वहीं सावन प्रिंसेस की रनर अप रही सृजन सिन्हा जो की रंगकर्मी सचिन कुमार की पुत्री है। वहीं अन्य प्रतियोगिता के तहत हरितिमा हतिमा क्वीन का खिताब प्रीति सिन्हा ने जीता। सावन क्वीन का खिताब प्रीति सिन्हा द्वितीय को मिला। सावन क्वीन की रनर अप का खिताब सत्यकेति सिन्हा रही। ओल्ड इस गोल्ड प्रतियोगिता की विजेता कामिनी कौशल और मीरा सिन्हा रही। म्यूजिकल चेयर की विजेता नीतू सिन्हा बनी। और कैंडल लाइट प्रतियोगिता की विजेता रही पूजा सिन्हा। इन सभी को मुख्य अतिथि नरकटियागंज की विधायक रश्मि वर्मा ने पुरस्कृत किया।

## बंध्याकरण शिविर आयोजित

**नावकोठी।** परिवार कल्याण पखवाड़ा के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में सोमवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डा. अनिल प्रसाद ने 14 महिलाओं का बंध्याकरण अपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया।

# हत्या मामले के अभियुक्त न्यायालय से दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अष्ठम वेद प्रकाश मोदी ने अभियोजन साक्ष्य के आधार पर हत्या मामले की सुनवायी करते हुए बलिया थाना क्षेत्र के मो ओवैश एवं मो मिस्टर को दोषी पाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक मनोज ठाकुर ने 9 साक्षियों का साक्ष्य न्यायालय में करवाया जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया। न्यायालय ने अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य को देखते हुए अभियुक्तगण को दोषी पाकर उनके बंध पत्र को खंडित कर न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। अभियुक्त गण पर आरोप है कि दिनांक 16.05.2013 को रात्रि 10:00 बजे वादी के भाई मो अरशद के बलिया थाना क्षेत्र के कसवा ग्राम के मस्जिद के पास पान के दुकान पर अभियुक्त गण पान खाया एवं पान का जर्दा दुबारा से माँगा। जिस पर मेरा भाई दुबारा जर्दा देने से इंकार किया। जिस पर अभियुक्त गण गाली गलौज करने लगा। मेरा भाई गाली गलौज करने से मना किया तो अभियुक्त मो ओबैस एवं मो मिस्टर ने मेरे भाई को दुकान से बाहर खींच लिया और फैट, मुक्का से मारपीट करने लगा। दोनों ने मिलकर गर्दन मरोड़कर तोड़ दिया। जिसका डाक्टर के यहाँ ईलाज के लिए ले जाने के दौरान मृत्यु हो गयी। अभियुक्तगण के विरुद्ध बलिया थाना क्षेत्र के कसवा निवासी मृतक मो. अरशद के भाई मो. आफताब आलम ने बलिया थाना काण्ड संख्या 95/2013 दर्ज करवायी थी। सजा के बिन्दु पर सुनवायी के लिए 31 जुलाई 2025 की तिथि न्यायालय ने मुकर्रर की है।

# जनवादी लेखक संघ का 10वां जिला सम्मेलन सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जनवादी लेखक संघ जिला इकाई का 10वां जिला सम्मेलन-सह- शील शक्र सम्मान समारोह कविवर रामेश्वर प्रशांत नगर, डा. केदारनाथ कंत स्मृति मंच कर्मयोगी सभागार बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ भवन में आयोजित किया गया। यह समारोह तीन सत्रों में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र सेमिनार का था। जिसका आगाज युवा गायिका आयुषी मिश्रा के जनवादी गायन से हुआ। इस सत्र की अध्यक्षता ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा से अवकाशप्राप्त हिंदी विभागाध्यक्ष डा. राजेन्द्र साह और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनंदन झा के अध्यक्ष मंडल ने की। कार्यकारिणी सदस्य कुमार विनीताभ ने स्वागत-भाषण किया। जनवादी लेखक संघ बिहार के उपाध्यक्ष और 'प्राच्य प्रभा' के प्रधान सम्पादक विजय कुमार सिंह ने उद्घाटन करते हुए कहा कि मौजूदा दौर चुनौतियों से भरा है। चुनौतियां न केवल राजनीतिक अपितु सामाजिक, आर्थिक, साहित्यिक तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में तमाम तरह के जनवादपसंद तथा भारतीय संविधान में विश्वास रखनेवाले साहित्यकारों और संस्कृतिकर्मियों की एकता वक्त की जरूरत है। जनवादी लेखक संघ हिंदी और उर्दू लेखकों व्यापक एकता के लिए हरसंभव प्रयास करता रहा है। इस सत्र में सेमिनार में विमर्श का विषय था। साहित्यकारों का दायित्व और चुनौतियां। स्थानीय गणेश दत्त महाविद्यालय के हिंदी प्राध्यापक डा. अभिषेक कुंदन ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि आज के समय में साहित्यकारों का दायित्व है कि वे समाज की समस्याओं को, उनका विश्लेषण करें तथा उनका यथार्थवादी शब्द-चित्र अपनी रचनाओं में पेश करें। साहित्यकारों को सांप्रदायिक विभाजनकारी नीतियों, सामाजिक कुरीतियों, अन्याय और असमानता के अपनी लेखनी के द्वारा आवाज उठानी चाहिए तथा वर्ग संघर्षों में शामिल होना चाहिए। आज लेखकों के समक्ष बाजारवाद, अवसरवाद, सांप्रदायिकता, बढ़ते अंधविश्वास जैसी अनगिनत चुनौतियां हैं, जिनका प्रतिकार साहित्यकार अपनी रचनाओं के द्वारा कर सकते हैं। राज्य सचिव दीपक सिन्हा ने कहा कि साहित्यकार व्यवस्था परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें अपने जीवन और कर्म के प्रति ईमानदार होना चाहिए।प्रलेस राज्य कार्यकारिणी सदस्य ललन लालित्य ने कहा कि साहित्यकारों को आत्ममुग्धता का शिकार नहीं होना चाहिए। मीडिया के प्रसार से साहित्य भी अछूता नहीं है। स्थानीय कलेजिएट इंटर कलेज के हिंदी प्रवक्ता डा. निरंजन कुमार ने समय सापेक्ष और जनपक्षधर रचना-लेखन के प्रति सतत सक्रिय साहित्यकार प्रेरणा के स्रोत हो सकते हैं।बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ की प्राच्य प्रभा के प्रधान सम्पादक विजय कुमार सिंह और डा. राजेन्द्र साह ने संयुक्त रूप से अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उसके बाद अभिनंदन झा की अध्यक्षता में हुए कवि सम्मेलन में शगुफ्ता ताजवर, संतोष अनुराग, अरुण अभिषेक, उमेश कुंवर 'कवि', आर्यन राज, अवधेश रंजन, दीनानाथ सुमित्र, सुबैर आलम, अवध बिहारी, मुकेश कुमार, फुलेना रजक समेत अन्य कवियों अपनी कविताओं का पाठ किया। जलेस बिहार के कोषाध्यक्ष कुलभूषण गोपाल ने समापन वक्तव्य दिया।

# महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम अपस्किलिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में चल रहे महिंद्रा प्राइड क्लासरूम अपस्किलिंग सात दिवसीय प्रशिक्षण का समापन आज सोमवार को संपन्न हो गया। कार्यशाला में एमसीए, एमबीए और बीसीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में संचार कौशल, साक्षात्कार की तैयारी, कैरियर प्लानिंग, आत्मविश्वास विकास, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क एवं समस्या समाधान जैसे प्रमुख पेशेवर कौशलों का विकास करना था। समापन समारोह के मौके पर जर्नल एवं पुरस्कार का वितरण किया गया। इसके उपरांत टीम गतिविधियों के आधार पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली तीन टीमों को सम्मानित किया गया। जिसमें जीजीआईएमएस जिनियस गंग ने प्रथम स्थान पाया। जबकि द्वितीय स्थान पर जीजीआईएमएस उत्कर्ष व तृतीय स्थान पर जीजीआईएमएस फ्रेसवेव ने हासिल किया। उक्त सभी टीमों को जीजीआईएमएस की प्राचार्या प्रो. डा. सुधा कुमारी झा एवं मास्टर ट्रेनर प्रेम रंजन द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्रा वर्ग में अंकिता कुमारी (एमसीए) छात्र वर्ग में कृष्णा कुमार (एमसीए) को प्राप्त हुआ। इन दोनों छात्र-छात्राओं को जीजीआईएमएस आइक्यूएसी समन्वयक ई. मुरारी कुमार एवं मास्टर ट्रेनर प्रेम रंजन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो डा. सुधा कुमारी झा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेषकर हमारी छात्राओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं रहा। इसने उन्हें आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास एवं व्यावसायिक तैयारी की दिशा में एक सशक्त आधार प्रदान किया है।वहीं कार्यक्रम समन्वयक ई मुरारी कुमार ने कहा कि यह सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः एम्प्लयबिलिटी (रोजगारयोग्यता) पर केंद्रित था। समारोह के अंत में एमसीए के छात्र कृष्णा कुमार ने सभी प्रशिक्षकों, जीजीआईएमएस के शिक्षकगणों एवं प्रबंधन समिति का धन्यवाद किया।

# बल-पौरुष, ज्ञानवृद्धि, तर्कशक्ति एवं स्पर्धा के परीक्षण का पर्व है नागपंचमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** नागपंचमी का प्रसिद्ध पर्व आज मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्रावण शुक्लपक्ष पंचमी तिथि को नाग देवता की पूजा होने के कारण इसे नागपंचमी की संज्ञा दी गई है। इस दिन नाग जाति के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान निवेदन करते हुए दूध और लावा चढ़ाकर उनकी पूजा की जाती है। सनातन धर्म में सर्प जाति की पूजा करना अपने आप में अद्भुत परंपरा है। यह उदात्त भावना केवल भारतीय संस्कृति में ही संभव है। नागपंचमी बल-पौरुष, ज्ञानवृद्धि, तर्कशक्ति एवं स्पर्धा के परीक्षण का पर्व है। इसीलिए इसदिन अखाड़े का भी आयोजन होता है। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार सावन का महीना शिव को समर्पित है और नाग देवता सदैव शिव के सहचर हैं जो शिव के गले में विराजमान रहते हैं। वही शिव के एकादश रुद्र में हनुमान जी भी पूजित हैं। इसलिए नागपंचमी के दिन शिव पूजन, रुद्राभिषेक एवं हनुमान जी के पूजन के साथ नाग पूजन एक साथ होता है। विज्ञान के अनुसार नाग जाति इस सृष्टि में मनुष्यों के लिए केवल प्राण घातक ही नहीं बल्कि प्राण रक्षक एवं उपकारक भी हैं।

# मानव तस्करी निषेध पखवारा के तहत लोगों को किया गया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर आरा रेलवे जंक्शन पर सोमवार को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर और रेलवे सुरक्षा बल आरा के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी निषेध पखवाड़ा के तहत संयुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान 15 से 30 जुलाई 2025 तक संचालित होगा। इस दौरान आरा रेलवे स्टेशन परिसर पर सघन जन जागरूकता अभियान चलाकर मानव तस्करी रोकने के लिए बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जानकारी देते हुए संस्था की सचिव डॉ कुमारी सुनीता सिंह ने बताया इस पहल का उद्देश्य लोगों को मानव तस्करी के भयावह दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और समाज में सतर्कता बढ़ाना है। उन्होंने यह भी बताया की इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए जन जागरूकता और समाज की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा लोगों को बताया गया की कहीं कोई भी बच्चा संदिग्ध हालत में या अनजान व्यक्ति के साथ दिखे अथवा इस प्रकार की गतिविधि आसपास होने पर तुरंत आरपीएफ को सूचना प्रदान करें। जिससे ससमय पीड़ित को सुरक्षा प्रदान की जा सके। इसको रोकने के लिए सरकार द्वारा निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112 के बारे मे जानकारी दी गई। इस अभियान मे आरा आरपीएफ, संस्था दिशा एक प्रयास से रजत कुमार, मोहम्मद बेलाल अहमद, ऋचा कुमारी, सोशल वर्कर संजीत कुमार सिंह, रंजू कुमारी आदि शामिल थे।

# रूद्राक्ष को माना गया है साक्षात भगवान शिव का स्वरूप : डॉ. शंभूनाथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** विश्व का पहला पाँच लाख रूद्राक्ष का गोल्ड प्लेटेड शिवा मुखा आकृति का शिवलिंग मनोकामना सिद्ध हनुमान आश्रम में स्थापित है। इस श्रावण मास की तीसरी सोमवारी को थी। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। यह पहला शिवलिंग है, जिस पर पूजा करने, रूद्राभिषेक करने और जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गई है। पिछले पाँच वर्षो में लाखो भक्तो के द्वारा जलाभिषेक पूजा अर्चना की गई है। रूद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना गया है। एक बार पाँच लाख रूद्राक्ष के शिवलिंग पर जल चढ़ाने या रूद्राभिषेक करने से चार लखराव के बराबर फल प्राप्त होता है। इस वर्ष का श्रावण मास अद्वितीय है। भगवान शिव की अराधना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आचार्य डॉ0 शम्भनाथ सीकरीया द्वारा प्रत्येक सोमवार को श्रावण मास में प्रातः 08 बजे निश्चित समय से निःशुल्क रूद्राभिषेक कराया जाता है। जो भी अपनी सामग्री लाना चाहे तो ला सकते है, नही तो यहाँ हरिद्वार का गंगाजल और बेल पत्र उपलब्ध है, जो अपने पंडित से रूद्राभिषेक कराना चाहें तो निःशुल्क स्थान समय आरक्षित करा लें। वर्तमान में जो समय चल रहा है। वह बहुत ही ग्रहो के प्रभाव में है। ऐसे में राष्ट्रहित और अपने हित के लिए श्रद्धापूर्वक सभी से आग्रह है कि ब्रहमचर्य में रहे और भगवान शिव की अराधना करें, माता-बहने व्रत रखे। आप के द्वारा किये गये इस प्रयास से सभी लाभान्वित होंगे।

# अम्बेडकर आवासीय विद्यालय के मेस संचालन, पोषाक व साफ सफाई को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** उप विकास आयुक्त, भोजपुर की अध्यक्षता में सोमवार को जिलास्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलान्तर्गत संचालित डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, मौलाबाग एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, आरा में जीविका के माध्यम से मेस संचालन, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं पोशाक आपूर्ति की समीक्षा की गई। जीविका को निदेश दिया गया कि मेस संचालन एवं परिसर की साफ-सफाई ससमय एवं विभागीय निदेश के अनुरुप हो, यह सुनिश्चित किया जाए। विकास आयुक्त ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाने के पीछे संचालित अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, मौलाबाग एवं अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, आरा के सभी छात्रों को पोषण युक्त आहार ससमय उपलब्ध कराया जा सके। जिससे उनके पठन-पाठन में कोई समस्या उत्पन्न ना हो। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां विद्यार्थी विद्या ग्रहण करते हैं वह परिसर हो या आवासीय विद्यालय उस परिसर की साफ-सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए जिससे पठन-पाठन का एक अच्छा माहौल बनता है। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी एवं परियोजना प्रबंधक, (जीविका) भोजपुर को निर्देशित किया गया कि जो भी जीविका दीदी भोजन बनाएंगे एवं जो भी साफ सफाई करेंगे उनका प्रतिदिन बायोमेट्रिक से उपस्थिति दर्ज की जाए, साथ ही साथ उनका ड्रेस कोड होना अनिवार्य है यह भी निर्देशित किया गया कि जिनका जो कार्य होगा उसका एक संयुक्त कार्य आवंटन निकला जाएगा।

## एक नजर

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर शिविर

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले में दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र/युडीआईडी कार्ड निर्गत करने के लिए प्रखंडवार विभिन्न प्रखंडों में 29 जुलाई से 5 अगस्त 2025 के बीच शिविर का आयोजन किया जाएगा। 29 जुलाई को पीएचसी कोईलवर में शिविर का आयोजन होगा। 30 जुलाई को पीएचसी बड़हरा, 31 जुलाई को आरा सदर प्रखंड, 1 अगस्त को रेफयल अस्पताल शाहपुर, 2 अगस्त को पीएचसी बिहिया, 4 अगस्त को रेफरल अस्पताल जगदीशपुर, 5 अगस्त को पीएचसी पीरो में शिविर का आयोजन होगा। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी भोजपुर द्वारा चिकित्सकों और उनकी टीम की सुची जारी कर दी गई है। 29 जुलाई को पीएचसी कोईलवर में डा सूर्यकांत निराला, डा राजेश कुमार, डा अशोक कुमार पांडेय, डा धनंजय तिवारी व डा मनी भूषण यादव(नेत्र) शामिल है। वही 30 को बड़हरा में डा शैलेंद्र कुमार, डा प्रियंका शर्मा, डा अशोक कुमार पांडेय, डा धनंजय तिवारी व डा मनीभूषण यादव की तैनाती है।

### नि:शुल्क सेवा शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पवित्र मास श्रावण में सिमरिया धाम से जल लेके बाबा हरीगिरिधाम गढ़पुरा जा रहे कांवड़ियों की सेवा में लगातार नवयुवक सेवा दल के द्वारा कावरिया पथ के हरसन पुल शिव मंदिर के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निशुल्क शुद्ध पेयजल, गर्म पानी, चाय, फल और दवाई की व्यवस्था कर तमाम शिवभक्तों का सेवा किया जा रहा है। सेवा दल के अध्यक्ष गौतम गोस्वामी ने कहा भक्तों के प्रति सच्ची श्रद्धा और सेवा का अनुपम .श्य ने हम सभी को आह्लादित किया। वहीं संगठन प्रभारी मनीष पाठक ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है और इसी बात को लेकर हमारी संस्था निशुल्क सेवा करती है। सेवा करने वाले भक्तों में पंकज जयसवाल, सुमन कुशवाहा, दीपक कानू, रामबोल सिंह, अमित पुष्पम, विकाश मलिंगा, रानी गोस्वामी, संगीता देवी, विकाश कुमार, राम कुमार सहित अन्य भक्त के द्वारा सेवा किया गया।

### किराना दुकान से चोरी

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के ठंनका चौक पर एक अनिल किराना स्टोर दुकान में अज्ञात चोरों ने एक चोरी की घटना को अंजाम दिया है।जिसके बाद स्थानीय दुकानदार चोरी की घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त था। पीड़ित दुकानदार काजी डुमरा गांव निवासी अनिल यादव ने बताया कि तीन दिनों से उनका किराना दुकान बंद था। अपने एक रिश्तेदार को लेकर पटना इलाज कराने गए थे। रविवार रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे के रास्ते से ताला तोड़ दुकान में रखे सभी कीमती सामानों की चोरी कर लिया है। दुकानदार ने बताया लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के किराना सामान चुरा कर चोर चंपत हो गए । दुकान में लगे कैमरे का हार्डडिस्क भी ले गए। पीड़ित दुकानदार अनिल कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह चोरी घटना को लेकर स्थानीय दुकानदारों के द्वारा सूचना दिया गया। सूचना बाद दुकान पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा था और दुकान के अंदर रखा सभी समान गायब था। शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष छोटे लाल सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते पुलिस पदाधिकारी को घटना स्थल भेजा गया था। जांच पड़ताल की जा रही है।

### नये प्राचार्य ने की बैठक

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्य प्रो . (डॉ.) नलिन विलोचन ने महाविद्यालय के शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ बैठक किया । शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समस्याओं से अवगत हुए और उनके निदान पर विचार किया।महाविद्यालय का विकास कैसे बेहतर से बेहतर हो यही इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य रहा द्य शिक्षकों में डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. नीतू , डॉ. मोहम्मद इरशाद आलम ,डॉ. कुमारी रोशनी विश्वकर्मा, डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव ,डॉ. सोनी कुमारी, डॉ. प्रीति राज ,डॉ. विपिन दुबे ,डॉ. अमित कुमार ,डॉ आकृति रानी , डॉ. अमित कुमार , डॉक्टर नीतू कुमारी इत्यादि उपस्थित रहे तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में विकास कुमार ,भास्कर गुप्ता, अमन कुमार मिश्रा, निहाल कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### कार्यपालक अभियंता को दी गई विदाई

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल औरंगाबाद के सभाकक्ष में विशेष समारोह आयोजित कर विद्युत कार्यपालक अभियंता अमोल कुमार को स्थानांतरण उपरांत विदाई दी गई। उक्त कार्यक्रम में सहायक अभियंता बारून नीरज प्रभाकर और रेवन्यू जेई खुशी कुमारी को भी उनके स्थानांतरण उपरांत पुष्प गुच्छ और भेंट देकर विदा किया गया। बताते चले कि विगत शुक्रवार को साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने अधिसूचना जारी कर कार्यपालक अभियंता का स्थानांतरण पटना कर दिया है। उनके स्थान पर पंकज कुमार गुप्ता को औरंगाबाद का नया कार्यपालक अभियंता बनाया गया है। कार्यक्रम का संचालन कनीय अभियंता शहरी 1 विश्वेंद्र सिंह ने किया। समारोह में अधीक्षण अभियंता अरबिंद कुमार, इंद्रजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता निखिलेश कुमार, तेजप्रताप सिंह, सहायक अभियंता राहुल कुमार, शिवरतन लाल, रेवन्यू ऑफिसर सर्वोत्तम कुमार के साथ साथ सभी कर्मी उपस्थित रहे।

### सांप काटने से बच्ची की मौत

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना जिला के धनरुआ प्रखंड अंतर्गत बरनी पंचायत के बरनी बाजार गांव में एक मासूम बच्ची रानी कुमारी की सांप के काटने से मौत हो गई। बताया जाता है कि रानी कुमारी बरनी बाजार निवासी रवि कौशल की बेटी थी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों के अनुसार, रानी कुमारी घर के अंदर सोई हुई थी, तभी किसी जहरीले सांप ने उसे डस लिया। बच्ची की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी तो परिजन उसे लेकर तुरंत मसौढी के एक निजी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद हालत नाजुक बताकर उसे तुरंत जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने रानी की जांच की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### चुनाव आयोग के माध्यम से भाजपा लाएगी एनआरसी : माले

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले के संस्थापक महासचिव कामरेड चारूमजूमदार के 53 वें शहादत दिवस पर जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन में तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि दी गई। पार्टी केंद्रीय कमिटी द्वारा जारी संकल्प पत्र को चन्द्रदेव वर्मा ने पढ़कर कार्यकर्ताओं के बीच रखा। पार्टी जिलासचिव दिवाकर प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से वोट बंदी कर प्रवासी मजदूर, दलित-गरीब, छात्र-युवा और अल्पसंख्यक लाखों लोगों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश कर रही है। जो संविधान की बुनियाद और वयस्क मताधिकार पर करारा प्रहार करता है। उन्होंने कहा कि असम में हम पहले ही देख चुके हैं कि इस प्रक्रिया के तहत कमजोर और अधिकार विहीन लोगों को संदिग्ध मतदाता बताकर मतदाता सूची और नागरिकता रजिस्टर से बाहर कर दिया गया। कुछ लोग हिरासत शिविरों में बंद हैं तो कुछ को विदेश भेजा जा रहा है। महाराष्ट्र में हमने बुरी तरह से धांधली भरे चुनाव का सामना किया। जहां धांधली का तरीका और पैमाना चुनाव के खत्म होने और नतीजों की चोरी के बाद ही सामने आया। लेकिन बिहार में यह सब कुछ हमारी आँखों के सामने हो रहा है। ऐसे में मताधिकार और चुनाव प्रक्रिया को बचाना अब जन प्रतिरोध का सबसे जरूरी एजेंडा बन चूका है।

# छापेमारी के दौरान मुठभेड़, हत्या का वांछित कुख्यात अपराधी राहुल यादव गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** जिले के जिरादेई थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक बड़ी पुलिस कार्रवाई के दौरान कुख्यात अपराधी राहुल यादव को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। राहुल यादव हत्या सहित कई संगीन मामलों में वांछित था। पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने खड़गी रामपुर स्थित उसके ठिकाने पर तड़के छापेमारी की थी। छापेमारी की भनक लगते ही वह छत से कूदकर खेतों की ओर भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं, जिसमें राहुल के हाथ और पैर में गोली लगी। घायल हालत में उसे सदर अस्पताल सीवान लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के



बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया गया है।

**हत्या समेत चार संगीन मामलों में नामजद**

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि राहुल यादव जिरादेई थाना कांड संख्या 51/24 में दर्ज हत्या के मामले में मुख्य आरोपित है। इसके अलावा उस पर दो उत्पाद अधिनियम और एक हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। वर्ष 2024 में जिरादेई और असांव थानों में तीन आपराधिक केस दर्ज हैं, जबकि दिल्ली के द्वारका सेक्टर-17 थाना में वर्ष 2023 में भी उस पर मुकदमा दर्ज है।

**छापेमारी के दौरान बरामद हुआ हथियार**

पुलिस ने राहुल यादव के पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के खोखे (7.6 एमएम) बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ कर उसके आपराधिक नेटवर्क और शरणदाताओं के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# मंडल कारा बेतिया में आयोजित विशेष शिविर में 41 बंदियों को मिला सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ

## वृद्धजन, विधवा और दिव्यांग बंदियों को योजनाओं से किया लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत पात्र लाभुकों को पेंशन राशि 400 से बढ़ाकर 1100 करने के बाद अब सभी पात्रों को इस योजना से जोड़ने की प्रक्रिया तेज़ कर दी गई है। इसी क्रम में सोमवार को मंडल कारा बेतिया परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 41 बंदियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लिए चिन्हित कर आवेदन प्राप्त किया गया।

यह शिविर सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें मंडल कारा में बंद कुल 75 बंदियों की जांच की गई। इनमें से 30 वृद्धजन, 7 विधवा एवं 4 दिव्यांगजन पात्र पाए गए। इन सभी से आवेदन लेकर उन्हें संबंधित योजना में शामिल किया गया।

**इन बंदियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ**

पात्र पाए गए लाभुकों में वृद्धजन पेंशन योजना के लिए मदन मांझी, रामचंद्र चौधरी और शुभ नारायण गुरो, विधवा पेंशन योजना के लिए बियफी देवी और छठिया देवी, जबकि दिव्यांगजन पेंशन योजना के लिए शेख शजाद और दिलीप कुमार का नाम शामिल है। इस विशेष शिविर में जेल अधीक्षक संजय कुमार, उपाधीक्षक रामानुज कुमार तथा सहयोगी उपाधीक्षक नीतीश कुमार और प्रनति कुमारी के साथ पुलिस बल का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से अरविंद कुमार और राजीव कुमार की सक्रिय उपस्थिति ने शिविर को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

इस पहल के ज़रिए यह संदेश गया कि कारागारों में बंद जरूरतमंद बंदियों को भी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से वंचित नहीं रखा जाएगा। यह प्रयास न केवल मानवीयता का प्रतीक है, बल्कि पुनर्वास की दिशा में एक सार्थक कदम भी है।

# दो माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**महाराजगंज।** महाराजगंज अनुमंडल के पुरानी बाजार स्थित एक किराए के मकान में रविवार शाम दो माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान हसनपुरा थाना क्षेत्र के महुअल माहाल गांव निवासी सनी कुमार पांडेय की 22 वर्षीय पत्नी मनीषा देवी के रूप में हुई है। महज पांच महीने पहले 5 मार्च 2025 को दरौली थाना क्षेत्र के बेलसनी गांव निवासी मनीषा की शादी हिंदू रीति-रिवाज से सनी से हुई थी। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पड़ोसियों को इसकी जानकारी सोमवार सुबह हुई। इसके बाद परिजन मनीषा को एक निजी क्लिनिक ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही ससुराल पक्ष शव लेकर अपने गांव चला गया और चुपचाप अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी।

मृतका के भाई अजय पांडेय ने बताया कि रविवार शाम मनीषा ने रोते हुए फोन पर बताया था कि उसका पति से झगड़ा हुआ है। उन्होंने बहन को समझाते हुए खाना बनाने को कहा। लेकिन जब आधे घंटे बाद दोबारा फोन किया गया तो मनीषा ने कॉल रिसीव नहीं किया। रात करीब 9 बजे जब वे महाराजगंज पहुंचे तो मकान बंद मिला। स्थानीय क्लिनिक से जानकारी मिली कि मनीषा की गला दबाकर हत्या कर दी गई है।

घटना की सूचना पर हसनपुरा थाना पुलिस हरकत में आई और महुअल माहाल गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौत के सही कारण का खुलासा जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही संभव होगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची थी। लेकिन मकान ताला बंद होने के कारण टीम बिना जांच किए लौट गई।

# 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत जहानाबाद पहुंचे प्रशांत किशोर, मखदुमपुर की सभा में की नई राजनीति की हुंकार

## बोले– इस बार बच्चों के भविष्य के लिए करें मतदान, छठ बाद बिहार में ही मिलेगा 10-12 हजार रुपये का रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को अपनी 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत जहानाबाद जिले के मखदुमपुर स्थित गांधी मैदान में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने बिहार की बदहाली और राजनीतिक परिवारवाद पर जमकर निशाना साधा और राज्य के युवाओं के लिए नई संभावनाओं और रोजगार की व्यवस्था का भरोसा दिलाया। सभा के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा अबकी बार अपने बच्चों का चेहरा देखकर वोट दीजिए। मंदिर के लिए वोट दिया तो मंदिर बना, जाति के लिए वोट दिया



तो जातीय गणना हो गई। लेकिन आपने अपने बच्चों के लिए कभी वोट नहीं दिया, इसी कारण आज वे गुजरात की फैक्ट्रियों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने वादा किया कि छठ के बाद बिहार के युवाओं को 10-12 हजार रुपये का रोजगार अपने ही राज्य में मिलेगा। बिहार के 50 लाख युवाओं को वापस बुलाकर उन्हें स्थानीय स्तर पर काम दिया जाएगा।

प्रशांत किशोर ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा लालू जी अपने 9वीं फ़ेल बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, जबकि बिहार के पढ़े-लिखे लड़के–बीए, एमए, इंजीनियरिंग कर चुके युवक–बेरोजगारी के कारण दूसरे राज्यों में धक्के खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू जी से सिर्फ एक बात जरूर सीखिए–अपने बच्चों की चिंता कैसे की जाती है।

**बुजुर्गों और शिक्षा को लेकर किए बड़े वादे**

जनसभा में प्रशांत किशोर ने जहानाबाद की जनता से दो बड़े वादे किए–

दिसंबर 2025 से बिहार के हर 60 वर्ष से ऊपर के नागरिक को 2000 की मासिक पेंशन मिलेगी।

15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की निजी स्कूलों की फीस सरकार वहन करेगी, जब तक कि सरकारी स्कूलों में सुधार नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि गरीबों के बच्चे भी अंग्रेजी मीडियम में पढ़ें, यह अब सरकार की जिम्मेदारी होगी।

प्रशांत किशोर ने भावुक अपील करते हुए कहा कि अब नेताओं के चेहरे देखकर नहीं, अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें। जिन नेताओं ने आपको और आपके बच्चों को लूटा है, उन्हें सत्ता से बाहर करें। अब बिहार में व्यवस्था नहीं, जनता का राज स्थापित करना है।

# उपभोक्ताओं को दी गई 125 यूनिट मुफ्त बिजली की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल औरंगाबाद के क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगह पर विशेष कैंप लगाकर बिजली कर्मियों ने आम उपभोक्ताओं को बिहार सरकार द्वारा 125 यूनिट मुफ्त बिजली दिए जाने की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार औरंगाबाद शहर, देव, मदनपुर, नबीनगर, टेंगरा फेसर आदि कई जगहों पर विद्युत कर्मियों ने मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत प्रतिमाह 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर निशुल्क बिजली सभी घरेलू उपभोक्ताओं को दिए जाने से संबंधित पूर्ण जानकारी मुहैया कराई।

साथ ही विद्युत कर्मियों ने इस योजना से संबंधित पंपलेट एवं हैंड बिल वितरण कर लोगों को आश्वस्त किया कि यदि कोई घरेलू उपभोक्ता 126 यूनिट का बिजली उपयोग करता है तो उसे मात्र एक यूनिट का बिजली बिल भुगतान करना होगा। बिहार सरकार द्वारा प्रदत 125 यूनिट मुफ्त बिजली की गणना 30 दिनों के आधार पर की जाएगी अर्थात यदि किसी उपभोक्ता को उसका विद्युत बिल 60 दिनों पर मिलता हो तो उसे कुल 250 यूनिट का लाभ प्राप्त होगा। 125 यूनिट से अधिक उपभोग किए गए बिजली के यूनिट पर पूर्व से राज्य सरकार की मौजूदा बिजली सब्सिडी योजना जारी रहेगी। पूर्व के बकाया बिजली बिल पर किसी तरह का छूट नहीं होगा।इसके अतिरिक्त इस योजना का लाभ स्मार्ट मीटर के घरेलू उपभोक्ता को भी मिलेगा। उन्हें 125 यूनिट तक की खपत का कोई भी शुल्क देय नहीं होगा। इस संबंध में यह भी ज्ञात हो कि इसके लिए किसी प्रकार का कोई भी रजिस्ट्रेशन करने की कोई जरूरत नहीं है। उपभोक्ता साइबर क्राइम वालों से सतर्क रहे और उक्त योजना का लाभ पाने के लिए मोबाइल पर किसी अज्ञात लिंक पर किसी प्रकार का कोई भी असुरक्षित कार्य न करें। विद्युत विभाग इसके लिए किसी भी उपभोक्ता से किसी तरह का कोई ओटीपी या लिंक एक्सेस नहीं करेगा। साथ ही उपभोक्ता को सोलर प्लेट लगाने के प्रति विद्युत कर्मियों ने जागरूक किया। ज्ञात हो कि वर्तमान में घरेलू विद्युत कनेक्शन पर सोलर प्लेट लगाने पर 75000 तक की सब्सिडी दी जा रही है।

# आशा फैसिलिटेटर बहाली में घूसखोरी का आरोप, कार्रवाई नदारद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज ।** प्रखंड सभागार में सोमवार को बीस सूत्री समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक अध्यक्ष रंजन ओझा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष अखिलेश मणि तिवारी ने किया। बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, जलापूर्ति, अतिक्रमण, स्वच्छता, बिजली आपूर्ति और नल-जल योजना से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं।

बैठक में सदस्य संदीप कुमार उर्फ बबलू श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि आशा फ़ेसिलेटर की बहाली में 1.5 से 2 लाख रुपये तक की अवैध राशि की मांग की जा रही है, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**अवैध नर्सिंग होम और आवारा पशु बने जनसुरक्षा के लिए खतरा**

बैठक में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप



से चल रहे नर्सिंग होम पर भी चिंता जताई गई और उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही वैध नर्सिंग होमों की सूची जारी करने की भी आवश्यकता जताई गई।

सदस्य मकबूल आलम ने नगर क्षेत्र में घूम रहे बीमार और आक्रामक आवारा पशुओं की समस्या उठाई, जो आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

**स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, विद्यालयों की जर्जर दशा**

साठी अस्पताल की जर्जर हालत, डॉक्टरों की अनुपस्थिति, ऑपरेशन की सुविधा का अभाव और अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से उठाया गया। शिक्षा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों में धूमनगर गादियानी टोला और कुर्मी टोला विद्यालय की दुर्दशा, सिसई विद्यालय तक पथ की कमी, बिजली, पंखे और डेस्क-बेंच की अनुपलब्धता जैसे मामले शामिल रहे।

बीइओ राजेश कुमार यादव ने जानकारी दी कि आगामी एक सप्ताह में सभी विद्यालयों को 50,000 की राशि उपलब्ध कराई जाएगी ताकि संसाधनों की कमी को दूर किया जा सके।

**अतिक्रमण, नदियों की सफाई और टेंपो दुर्घटनाओं पर भी जताई चिंता**

बैठक में चौक-चौराहों, नहर और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा उठा। हरदीटेढ़ा के दहड़वा टोला में पड़ई नदी में जमा गाद को निकालने और एसडीआरएफ की तैनाती की मांग की गई। साथ ही अवैध बंपर लगे टेंपो की वजह से हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर कार्रवाई की मांग की गई। सीओ सुधांशु शेखर ने दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों पर कहा कि आवेदक अपने मोबाइल नंबर दें ताकि उन्हें सूचना दी जा सके।

बैठक में श्रम योजनाओं का लाभ वास्तविक मजदूरों तक पहुंचाने, स्वच्छता मानदेय भुगतान में पारदर्शिता, और पोल-तार की आपूर्ति जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बीडीओ ने बताया कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों को संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के अधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहे, उन्हें स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया जाएगा।

बैठक में बीइओ राजेश कुमार यादव, एमओ अमरेंद्र कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रूपेश कुमार, बीपीआरओ विवेक आर्या, चिकित्साधिकारी डॉ. गोविंद चंद्र शुक्ल, पशु चिकित्सक शशांक सौरभ, कृषि समन्वयक श्रीकांत कुमार, मनरेगा टीए प्रमोद कुमार, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य बीस सूत्री सदस्य उपस्थित थे।

# सीवान रेलवे स्टेशन के पास मिला लावारिस बच्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** सीवान नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात डायल-112 की पुलिस टीम ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक लावारिस मासूम बच्चे को सुरक्षित बरामद किया। बच्चा सीवान रेलवे स्टेशन के पास अकेला, असहाय अवस्था में बैठा मिला। घटना रात करीब 9:30 बजे की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि स्टेशन परिसर के पास एक छोटा बच्चा अकेले बैठा है और उसके आस-पास कोई परिजन नहीं दिख रहे हैं। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने साथ लेकर नगर थाना पहुंची। थाने में पूछताछ के दौरान बच्चे ने अपना नाम पतलु (उम्र लगभग 5 वर्ष) बताया। उसने अपनी मां का नाम मुन्नी और पिता का नाम बादल बताया, साथ ही यह भी बताया कि वह सलेमपुर मोहल्ले का निवासी है। हालांकि, बच्चे की उम्र को देखते हुए उसकी दी गई जानकारी की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। नगर थाना पुलिस ने सीवान सहित आसपास के सभी थानों को जानकारी भेज दी है और बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक बच्चे के कोई परिजन सामने नहीं आए थे। नगर थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और उसे भोजन व देखभाल मुहैया कराई जा रही है।

# हरपुर गढ़वा में छह माह से ठप नल-जल योजना, जलमीनार क्षतिग्रस्त

## पानी की किल्लत से महिलाओं-बच्चों की बढ़ी परेशानी, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मझौलिया।** मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत हरपुर गढ़वा पंचायत के वार्ड संख्या 15 में निर्मित नल-जल योजना पिछले छह महीने से पूरी तरह ठप है। गांव में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने वाली जलमीनार क्षतिग्रस्त होकर दो हिस्सों में फट चुकी है, जिससे पानी की आपूर्ति बंद है और लोग दूषित जल पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार के फटने की घटना के बाद से पीएचईडी विभाग को कई बार इसकी सूचना दी गई। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण भी किया, लेकिन अब तक न मरम्मत हुई, न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। इससे ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नल-जल योजना ठप होने के बाद लोग हैंडपंप, कुएं और पोखर के पानी पर निर्भर हो गए हैं, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों में नशिम आलम, फकरुल हसन, सुरेश साह, जुमन मियां आदि ने बताया कि दूषित पानी के कारण गांव में लगातार सर्दी, बुखार और पेट की बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र टंकी की मरम्मत और योजना को दोबारा चालू कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि योजना की बदहाली पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी पूरी तरह मौन हैं, जिससे गांव में आक्रोश का माहौल है। हरपुर गढ़वा की यह स्थिति सरकार की सात निश्चय योजना के धरातली क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। अगर समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## सोमगढ़ मुखिया पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साठी।** नरकटियागंज प्रखंड के सोमगढ़ पंचायत के मुखिया धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ धीरू सिंह पर दबंगई के तहत मारपीट करने एवं जाति सूचक गाली देने के मामले में एससी-एसटी एक्ट के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अपने दर्ज कराए गए प्राथमिकी में सोमगढ़ निवासी मेघा पासवान ने बताया है कि 30 वर्षों से वह अपने ही गांव के मधुसूदन त्रिपाठी के जमीन का देख-देख करता था। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिक दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है मामला जमीनी विवाद का बताया जा रहा है।

# फल्गु नदी में स्नान के दौरान डूबी किशोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत बंधुगंज डीह गांव में सोमवार को फल्गु नदी में स्नान के दौरान एक किशोरी की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान बंधुगंज डीह निवासी सुरुचि कुमारी के रूप में हुई है। उसकी उम्र लगभग 15 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सोमवारी के मौके पर गांव की कई किशोरियां पूजा-अर्चना के लिए फल्गु नदी के घाट पर गई थीं। स्नान के दौरान सुरुचि गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। आस-पास मौजूद बच्चों ने जब उसे डूबते देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर पास के ग्रामीण नदी की ओर दौड़े और खोजबीन शुरू की, लेकिन जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर घोसी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेज दिया। इस हृदयविदारक हादसे के बाद गांव में गहरा मातम पसरा है। किशोरी की असामयिक मौत से पूरा परिवार गम में डूबा हुआ है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# किराना दुकान की आड़ में गांजा तस्करी, 15.4 किलो गांजा बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज।** शिकारपुर पुलिस ने रविवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्लॉक रोड स्थित एक किराना दुकान से 15.400 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से राधेश्याम साह नामक एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है, जो पुरैनिया गांव का निवासी बताया जा रहा है। आरोपी दुकान की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था

थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने जानकारी दी कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि ब्लॉक रोड की एक दुकान में गांजा का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने किराना दुकान पर छापेमारी की, जहां से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। मौके से कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर थाना लाया गया है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

इस कार्रवाई से इलाके में नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस की सक्रियता से आमजन में राहत और विश्वास का माहौल देखा जा रहा है।

## नहर किनारे मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मैनाटाड।** इनरवा थाना के सकरौल गांव के समिप शनिवार की शाम दोन कैनाल के किनारे एक युवक की शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुचना पर पहंची इनरवा पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रविवार को बेतिया भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को थाना मे सुरक्षित रखा गया था। तत्पश्चात शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। शव की पहचान इनरवा के पिराडी गांव के प्रभु प्रसाद का पुत्र राजा कुमार (25) बताया जाता है।

# नगर निगम की बड़ी कार्रवाई : पांच दर्जन अतिक्रमणकारी दुकानें ध्वस्त, दो ट्रेलर सामग्री जब्त

## फुल एक्शन में दिखी टीम, ट्रैफिक चौक से जीएमसीएच गेट तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** नगर निगम की टीम ने सोमवार को अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शहर के प्रमुख इलाकों में वृहद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। ट्रैफिक चौक, आलोक भारती चौक, जंगी मस्जिद और जीएमसीएच गेट तक सड़क व नाले की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाया गया। इस कार्रवाई में करीब 60 अतिक्रमणकारी दुकानें, झुग्गियां, पान की गुमटियां, ठेले और शेड को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया।

**दो ट्रेलर सामान जब्त, कई लोगों ने खुद हटाया अतिक्रमण**



निगम कर्मियों ने दो ट्रेलरों में अतिक्रमण की सामग्री को जब्त किया है। कार्रवाई की भनक मिलते ही कई दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान समेट लिया और कब्जा हटा दिया। जबकि कुछ लोग विरोध करते भी नजर आए।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम, दो टीमों में बंटी निगम की टीम**

पूर्व निर्धारित योजना के तहत सुबह से ही पुलिस बल की भारी तैनाती के साथ नगर निगम के अधिकारी और कर्मी ट्रैफिक चौक पर जुटे। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीनों की मदद ली गई। कार्रवाई के दौरान टीम दो हिस्सों में बंट गई– एक ने आलोक भारती चौक की ओर रुख किया, जबकि दूसरी टीम जंगी मस्जिद इलाके में कार्रवाई करती रही।

**बारिश में थोड़ी देर ठहरी कार्रवाई, फिर शुरू हुआ अभियान**

कार्रवाई के बीच अचानक हुई बारिश के कारण कुछ देर के लिए कार्य को रोका गया, लेकिन जैसे ही मौसम साफ हुआ, अभियान दोबारा शुरू कर दिया गया। निगमकर्मियों ने बताया कि यह अभियान शहर के अन्य अतिक्रमण स्थलों पर भी जारी रहेगा।

अभियान के दौरान स्वच्छता पदाधिकारी मो. अशफाक अहमद, जुलुम साह, संजीव कुमार समेत कई अन्य निगमकर्मी व पुलिस बल मौजूद रहे। नगर निगम की यह कार्रवाई शहर को स्वच्छ, सुगम और अतिक्रमणमुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

# नदियों की स्वच्छता को लेकर जिला गंगा समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ और संरक्षित रखने को लेकर जिला गंगा समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने की, जो जिला पदाधिकारी सह समिति अध्यक्ष अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। बैठक में नदियों की स्वच्छता और संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, गंदे नालों की सफाई, घाटों की नियमित स्वच्छता, कचरा निस्तारण, और जनजागरूकता अभियानों पर गहन




चर्चा हुई। संगम घाट (मखदुमपुर), कृष्णवंशी यमुने घाट और मोरहर नदी क्षेत्र की पर्यावरणीय गतिविधियों पर विशेष रूप से विमर्श किया गया। उप विकास आयुक्त ने परियोजना निदेशक बुडको को निर्देशित किया कि एसटीपी और आईपीएस से संबंधित कार्यों को नगर निकायों एवं अंचलाधिकारियों के समन्वय से शीघ्र पूरा किया जाए तथा प्रगति रिपोर्ट समिति को समय पर भेजी जाए। सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई के तहत नगर पंचायत काको द्वारा 6 किलो प्लास्टिक जब्त कर 1200, मखदुमपुर द्वारा 20 किलो पर 1500 तथा घोषी द्वारा 2 किलो प्लास्टिक पर 1500 का जुर्माना वसूला गया। नगर परिषद जहानाबाद द्वारा 1300 की वसूली की गई। बैठक में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को दरधा नदी के किनारे एवं अन्य घाटों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, तथा काको, घोषी और मखदुमपुर नगर निकायों को सघन प्लास्टिक विरोधी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रखंड व पंचायत स्तर पर कृषि चौपाल आयोजित करने तथा जल एवं स्वच्छता समिति को नदी किनारे बसे गांवों में स्वच्छता चौपाल चलाकर रिपोर्ट जिला परियोजना पदाधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डॉ. रोहित कुमार मिश्र (नोडल पदाधिकारी, जिला गंगा समिति सह निदेशक, डीआरडीए), डॉ. सुदर्शन कुमार (निदेशक, एनईपी), अमित कुमार (जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे) सहित संबंधित विभागों के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक ने एक बार फिर नदी संरक्षण की दिशा में प्रशासनिक प्रतिबद्धता और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# स्टेशन से बरामद युवती को बयान हेतु न्यायालय भेजा गया, गैर-जमानती वारंटी भी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र से दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक 25 वर्षीय युवती को न्यायालय में प्रस्तुत किया, वहीं एक गैर-जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा। पहले मामले में रफीगंज थाना पुलिस ने स्टेशन परिसर से एक 25 वर्षीय युवती को हिरासत में लेकर बयान (धारा 164 सीआरपीसी) हेतु औरंगाबाद न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि युवती की माता द्वारा थाने में



आवेदन देकर बेटी के घर से लापता होने की सूचना दी गई थी। काफी खोजबीन के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इसी क्रम में युवती रफीगंज स्टेशन पर मिली, जिसे तुरंत हिरासत में लेकर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं दूसरे मामले में कासमा थाना पुलिस ने मुबारकपुर गांव निवासी अनं मोहम्मद खान को गिरफ्तार किया, जो गैर-जमानती वारंटी था। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया और कानूनी प्रक्रिया के तहत औरंगाबाद न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस की सक्रियता से दोनों मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए कानून का पालन सुनिश्चित किया गया है।

# सड़क हादसे में मां-बेटे समेत तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर स्थित मृगनैनी होटल के समीप सोमवार को एक ट्रैक्टर की टक्कर से हुए सड़क हादसे में मां-बेटे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान चित्रसारी गांव निवासी शैलेश कुमार (25), अनु देवी (35) एवं 11 वर्षीय अंकुश कुमार के रूप में की गई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. धनंजय कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर




स्थिति को देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर घायल अनु देवी ने बताया कि वह अपने पुत्र अंकुश कुमार के इलाज के लिए रफीगंज आ रही थीं। जैसे ही वे मृगनैनी होटल के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। डॉक्टरों के अनुसार, तीनों के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और हड्डियां टूट गई हैं, जिससे उन्हें तत्काल बेहतर इलाज के लिए रेफर करना पड़ा। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर गति नियंत्रण और ट्रैक्टर चालकों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## रफीगंज स्टेशन से लापता 25 वर्षीय युवती को पुलिस ने लिया हिरासत में

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र की 25 वर्षीय युवती को पुलिस ने सोमवार को रफीगंज रेलवे स्टेशन से हिरासत में लिया और न्यायिक प्रक्रिया के तहत धारा 164 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने के लिए औरंगाबाद न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवती की मां ने थाने में आवेदन देकर बताया था कि उसकी बेटी घर से अचानक कहीं चली गई थी, काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। इस संबंध में रफीगंज थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई थी।

# बाबा सिद्धनाथ धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सावन मास की तीसरी सोमवारी पर जहानाबाद के प्रसिद्ध बाबा सिद्धनाथ धाम में आस्था और श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। समाचार प्रेषण तक करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मनोकामना पूर्ति की कामना की। श्रद्धालुओं के उत्साह और उपस्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के मोर्चे पर अत्यंत सराहनीय भूमिका निभाई। पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे और पुलिस अधीक्षक




विनीत कुमार ने देर रात मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए हर व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। उनके साथ अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजीव रंजन सिन्हा भी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, माइकिंग, मेडिकल टीम, पेयजल, शौचालय, महिला सुरक्षाकर्मियों की तैनाती, वॉलिंटियर्स और सफाईकर्मियों की समुचित व्यवस्था की गई थी। दंडाधिकारियों को नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। भीड़ नियंत्रण और ट्रैफिक प्रबंधन की दृष्टि से भी प्रशासन ने शानदार तैयारी की थी। पार्किंग व्यवस्था और पैदल मार्गों पर लगातार पेट्रोलिंग दल की तैनाती, मंदिर के चारों ओर सघन चौकसी और समर्पित कार्यशैली ने जनसहभागिता और प्रशासनिक समन्वय का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने प्रशासनिक प्रबंधों की सराहना करते हुए इसे अब तक की सबसे सुव्यवस्थित व्यवस्था बताया। डीएम अलंकृता पांडे के नेतृत्व में श्रद्धा और सुरक्षा का जो संतुलन स्थापित हुआ, उसने जिला प्रशासन की कार्यकुशलता और संवेदनशील जनसेवा भावना को प्रकट किया है।

# बीस सूत्री प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हुलासगंज प्रखंड में बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अजय देव, दिलीप कुशवाहा एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय विश्वकर्मा ने की, जबकि मंच संचालन बीस सूत्री उपाध्यक्ष रणधीर कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय देव ने कहा कि, ल्लयह कार्यालय जनता की सेवा और समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से खोला गया है। प्रखंड स्तर पर सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर बीस सूत्री



कार्यक्रमों को धरातल पर उतारना ही इसका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री सदस्य जनता से जुड़ी हर योजना की निगरानी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी स्तर पर आम लोगों को सरकारी योजनाओं से वंचित न रहना पड़े। इस अवसर पर सभी बीस सूत्री सदस्यों को निर्देश दिया गया कि वे प्रखंड और पंचायत स्तर पर लगातार जनसम्पर्क बनाए रखें और लोगों की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करें। कार्यक्रम में बीस सूत्री सदस्य परमात्मा शर्मा, श्रीकांत शर्मा, हरेंद्र शर्मा, भीमसेन प्रसाद, मुकुल प्रसाद, जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश रंजन, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य ज्योति मणि, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह का समापन जनहित में प्रतिबद्धता और सक्रिय सहभागिता की भावना के साथ किया गया, जिससे क्षेत्र में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद जताई जा रही है।

# उपस्वास्थ्य केंद्रों पर मना वर्ल्ड हेपेटाइटिस दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के बिहटा उपस्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर सोमवार को 'वर्ल्ड हेपेटाइटिस दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बिहटा उपस्वास्थ्य केंद्र (जैतपुर पंचायत) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सतेन्द्र पासवान ने की। इस अवसर पर उपस्थित सीएचओ प्रिया कुमारी एवं सीथ्री के ब्रजेश किशोर मंडल ने हेपटाइटिस रोग के कारण, लक्षण, बचाव और जांच से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को दी। ब्रजेश किशोर मंडल ने कहा कि हेपेटाइटिस एक खतरनाक लेकिन पूरी तरह से रोकथाम योग्य बीमारी है। समय पर जांच और टीकाकरण से इससे बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं। इस अवसर पर एएनएम संगीता कुमारी, सावित्री कुमारी, शिक्षिका ममता कुमारी, आशा फैसिलिटेटर सरस्वती कुमारी, कलावती कुमारी, इन्द्रमती कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीण महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनसंख्या नियंत्रण, स्वच्छता, और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं की महत्ता पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने भी उत्सुकता से सवाल पूछे और जागरूकता सामग्री प्राप्त की।

# हुलासगंज में भाजपा मंडल कार्यालय का भव्य उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के नए मंडल कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में संपन्न हुआ। कार्यालय का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रणधीर कुमार ने की। उद्घाटन अवसर पर जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूती से चलाने के लिए 'चार क' की आवश्यकता होती है– कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कोष और कार्यालय। आज हुलासगंज में कार्यालय का उद्घाटन कर हम कार्यकर्ताओं को एक ऐसा मंच दे रहे हैं, जहां से वे संगठित होकर जनता से जुड़ सकें और पार्टी की नीतियों को ज़मीनी स्तर तक पहुंचा सकें।



उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय संवाद और समन्वय का केंद्र होता है, जहां रणनीति बनाई जाती है और जन-समस्याओं का समाधान तलाशा जाता है। कार्यालय की स्थापना से स्थानीय कार्यकर्ताओं को संगठित रूप से कार्य करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और आगामी चुनावों के मद्देनजर तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी को मजबूत करने के लिए नए और पुराने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होना होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अमरेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष बालकृष्णन, दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामसुभग शर्मा, परमात्मा शर्मा, श्रीकांत शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, रत्नेश शर्मा, रवि शंकर, रविकांत शर्मा, राहुल कुमार, रौशन कुमार, अरुण कुमार, कविंद्र प्रजापति, हरेंद्र चंद्रवंशी, राकेश कुमार राम, विनय चंद्रवंशी सहित कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नेता उपस्थित रहे।

# तीसरी सोमवारी पर बाबा दुधेश्वरनाथ को 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अर्पित किया जल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोह (औरंगाबाद)।** सावन माह की तीसरी सोमवारी पर गोह प्रखंड स्थित प्रसिद्ध देवकुण्ड बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर प्रांगण में लगनी शुरू हो गईं। 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने विधिवत जलाभिषेक कर भगवान शिव से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रशासन के अनुसार, सोमवार को करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। श्रावण मास की सोमवारी को लेकर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए थे। मंदिर परिसर के आसपास पुलिस बल के



साथ महिला पुलिसकर्मियों, जिला बल, ग्राम रक्षा दल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को तैनात किया गया था। सुरक्षा के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालु कांवड़ में जल भरकर पहुंचे थे और घंटों लाइन में खड़े रहकर बाबा का दर्शन किया। श्रावण मास में हर सोमवारी को बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। स्थानीय दुकानदारों व पुजारियों ने बताया कि इस बार भीड़ ने पिछले वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन और रुद्राभिषेक का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के सफल संचालन में प्रशासन की सक्रियता सराहनीय रही।

# चारु मजूमदार के सपनों का भारत बनाने का लिया संकल्प



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भाकपा (माले) के संस्थापक एवं प्रथम महासचिव चारू मजूमदार के शहादत की 53वीं बरसी पर कार्यकर्ताओं ने उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया और उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पार्टी के प्रखंड सचिव कॉमरेड रमेश पासवान ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार में मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर गरीब, दलित और अल्पसंख्यकों को वोट से वंचित करने का प्रयास कर रही है। सरकार की इस मंशा को नाकाम करने के लिए कार्यकर्ताओं ने जन प्रतिरोध खड़ा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर पार्टी के प्रखंड सचिव कॉमरेड रमेश पासवान, कॉमरेड संजय कुमार तेजा, मथुरा प्रसाद सिंह, बैजनाथ प्रजापति, पंकज मेहता, सीताराम शर्मा, अवधेश मेहता, रामस्वरूप मेहता, बैजनाथ मेहता आदि उपस्थित थे।

## मनोरमा देवी के निधन पर संज्ञा समिति ने की शोक सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा बाजार निवासी अरविंद मिश्र की पत्नी मनोरमा देवी (60) के निधन पर संज्ञा समिति के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सोमवार को आयोजित शोकसभा में समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परिजनों के अनुसार, मनोरमा देवी का निधन 23 जुलाई को लम्बी बीमारी के बाद हुआ था। शोकसभा में समिति के अध्यक्ष राज किशोर पाठक, रंजीत मिश्र, उमापति मिश्र, श्रीराम मिश्र, हेमंत मिश्र, सुधीर मिश्र, सूचित मिश्र, धनंजय मिश्र उर्फ विधायक, अखिलेश मिश्र, संदीप, सुमन, सोनू, राजा, हर्ष, प्रिंस समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को चिरशांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# भाजपा की पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा ने सोमवार को घेउरा पंचायत के सडीहा गांव में बूथ संख्या 144 पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बूथ कमेटी से संगठन की मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि घर - घर जाकर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें और योजनाओं से वंचित योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने में मदद करें। इस अवसर पर 20 सूत्री अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, मंडल महामंत्री अभय पासवान, मंडल मंत्री मंजू देवी, पंचायत अध्यक्ष शिव शंकर पासवान, बूथ अध्यक्ष शशि रंजन सिंह, कंचन कुमार सिंह, विश्वरंजन सिंह, तपन गुप्ता, अरविंद सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# एनएच-139 पर नीलगाय से टकराई बाइक तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**दो रेफर, एक का कुटुंबा रेफरल अस्पताल में चल रहा इलाज**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे-139 पर सोमवार शाम को एक दर्दनाक हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना हरदता गांव के समीप उस वक्त हुई, जब एक बाइक के सामने अचानक नीलगाय आ गई, जिससे बाइक सवार नियंत्रण खो बैठे और तेज रफ्तार में सड़क पर गिर पड़े। घटना शाम करीब साढ़े चार बजे की है। घायलों की पहचान डेहरी ऑन सोन निवासी मेहंदी हसन (35 वर्ष), बक्सर जिले के तारनपुर भटकंडा गांव निवासी चांद आलम (18 वर्ष), तथा अकरामुद्दीन शाह के पुत्र जमालु शाह (24 वर्ष) के रूप में की गई है। तीनों युवक किसी कार्यवश बाइक से यात्रा कर रहे थे।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचित किया। तत्पश्चात पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को त्वरित इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद मेहंदी हसन और चांद आलम को बेहतर चिकित्सा हेतु औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जमालु शाह का इलाज कुटुंबा रेफरल अस्पताल में ही जारी है। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति स्थिर और खतरे से बाहर बताई है।

इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में नेशनल हाईवे पर वन्य जीवों की अनियंत्रित आवाजाही को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर वन्यजीव रोधी सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# राजस्व में अहम योगदान देने वाला जहानाबाद कोर्ट हॉल्ट सुविधाओं से वंचित

**बुनियादी व्यवस्था के घोर अभाव से यात्री परेशान, प्लेटफार्म बना झाड़ियों और गंदगी का अड्डा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पटना-गया रेलखंड पर स्थित जहानाबाद कोर्ट हॉल्ट, राजस्व के लिहाज से मसौढ़ी और गया के बाद सबसे अधिक कमाई देने वाला स्टेशन है, लेकिन दशकों से यह हॉल्ट बुनियादी सुविधाओं के अभाव का दंश झेल रहा है। यात्रियों को आज भी सेड, पीने का पानी, शौचालय और विश्राम गृह जैसी न्यूनतम सुविधाएं तक मयस्सर नहीं हैं। कोर्ट हॉल्ट पर पहले शौचालय का निर्माण किया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में उस पर ताला लटकता रहता है। नतीजतन, प्लेटफार्म पर ही लोगों ने खुले में




शौच और मूत्रत्याग करना शुरू कर दिया है, जिससे पूरी जगह दुर्गंध और गंदगी से भर गई है। सफाई की स्थिति इतनी बदतर है कि प्लेटफार्म के दोनों ओर झाड़ियाँ और कंटीले पौधे उग आए हैं।

यही नहीं, कोर्ट हॉल्ट का प्लेटफार्म टूटा-फूटा और दरारों से भरा पड़ा है, जिनमें घास उग आई है। प्लेटफार्म के उत्तरी छोर से मुख्य सड़क महज 100 मीटर की दूरी पर है, लेकिन रास्ता अतिक्रमित होने के कारण यात्रियों को कीचड़ और गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। बताया जा रहा है कि इस अतिक्रमित क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार भी फल-फूल रहा है, जिससे महिला यात्रियों को और अधिक असुविधा होती है। वास्तव में, कोर्ट हॉल्ट के पास रेलवे की काफी जमीन उपलब्ध है, जहां यदि इच्छाशक्ति हो तो यात्री सुविधाओं का विस्तार आसानी से संभव है। यह हॉल्ट जिला समाहरणालय, एसपी कार्यालय, सदर प्रखंड, कोर्ट, नगर भवन, पुलिस लाइन समेत कई प्रमुख सरकारी कार्यालयों के लिए नजदीकी पड़ाव है। यहां से प्रतिदिन हजारों सरकारी कर्मी और आम यात्री यात्रा करते हैं, बावजूद इसके यहां कोई मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। वर्षों से उपेक्षित कोर्ट हॉल्ट की बदहाली यह साफ दर्शाती है कि रेलवे सिर्फ राजस्व वसूलने में रुचि रखता है, यात्रियों की समस्याओं और सुविधाओं को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जाती। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने रेलवे से कोर्ट हॉल्ट के कायाकल्प और सुविधा विस्तार की मांग की है।

# बारिश ने नगर परिषद की खोली पोल

## घरों व दुकानों में घुसा बारिश का पानी, लोगों का पैदल चलना मुश्किल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** रविवार की देर रात लगातार हुई झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया. लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली है। नगर परिषद व छावनी परिषद प्रशासन के स्वच्छ और सुंदर दानापुर के नारे की पोल खुल गई। बारिश के कारण सडकों झील में तब्दील हो गया है और सडकों पर जल जमाव के कारण पूरा नगर नरक बना गया है। घरों व दुकानों में पानी घुस गया है। जिससे लोगों को सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के पानी के साथ नाले के गंदे पानी सडकों पर बह रहे है।



चार घंटे के झमाझम बारिश से लाल कोठी रोड, मार्शल बाजार, थाना मोड, झखडी महादेव, रंजन पथ व चित्रकूट नगर में सडकों पर घुटने भर जल जमाव हो जाने के कारण स्कूली बच्चों समेत आम लोगों को काफी फजीहत झेलने पडा। नगर के कई वार्डों के मोहल्लों के अलावे मुख्य सडकों पर जलजमाव का नजारा दिखा। नगर में सडकों पर जल जमाव व कीचड के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। नगर बीबीगंज, चित्रकूट नगर, सुलतानपुर मठपर, पंचशील नगर, गोसाई टोला रोड, खरजां रोड, बाला जी नगर, उर्ज़ा नगर, अर्पणा बैंक कॉलोनी, झखडी महादेव, चित्रकूट नगर, पंचशील नगर, भट्टा रोड, बाजार समिति, रंजन पथ, आरपीएस मोड, समेत आदि इलाकों में सडकों पर जल जमाव का दृश्य बना हुआ है। यही हाल छावनी क्षेत्र के लाल कोठी, पीपा पुल मार्ग, मार्शल बाजार, गोरा बाजार, आनंद बाजार, बस पडाव, सब्जी मंडी, थाना मोड, मछुआ टोली, मच्छरहट्टा रोड समेत आदि इलाकों में जल जमाव व कीचड से लोगों को परेशानी झेलना पड रहा है। बारिश के कारण कई दुकानों में पानी घुस गया है। जिसमें छावनी परिषद के नामित सदस्य आशा देवी के दुकान में भी बारिश का पानी घुस गया है। लोगों का कहना है कि हर साल नाला उडाही के नाम पर लाखों रूपये खर्च और जल निकासी के लिए नाला का निर्माण कराने के बाद भी बारिश में सडकों पर झील बन जा रहा है। परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि कई जगहों पर जल जमाव लगा हुआ है। जिससे मोटरपंप व सुपर सकर मशीन व सक्शन मशीन से जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

## बारिश के पानी में करंट से चार बच्चे झुलसे, एक की हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** राजधानी पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के ईसापुर अमरुद्दी बगीचा मोहल्ले में सोमवार को बारिश के दौरान करंट की चपेट में आकर चार बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें से एक बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है. चारों बच्चों का इलाज एम्स पटना में जारी है। एक पड़ोस की लड़की हीना परवीन भी बच्चों को बचाने के प्रयास में झुलस गई, जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर घर में चल रहा है। मोहल्ले के निवासी मोहम्मद रहीम के चारों पुत्र बारिश के दौरान घर के पास भरे पानी में खेल रहे थे उसी दौरान एक पुराने लोहे के विद्युत पोल से करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे अनजान बच्चे उसके संपर्क में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बच्चों को पानी और करंट से अलग किया और पहले उन्हें डॉक्टर सुशील के क्लिनिक ले गए. वहाँ से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चारों को एम्स पटना रेफर कर दिया गया। हीना परवीन, पिता शमीम, इन बच्चों को बचाने के प्रयास में खुद भी करंट की चपेट में आ गई. वह भी गंभीर रूप से झुलसी लेकिन परिजन उसे अस्पताल की बजाय घर में ही इलाज करा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है. मोहल्ले में कई वर्षों से पुराने लोहे के विद्युत पोल जर्जर हालत में खड़े हैं, जिनमें अक्सर बारिश के दौरान करंट उतर आता है. इसके बावजूद आज तक इन्हें बदला नहीं गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गलियों में बिजली के तार जमीन से महज 5 फीट की ऊंचाई पर लटकते हैं. बारिश के समय गलियों में पानी भर जाने से करंट का खतरा और बढ़ जाता है. लोग अंधेरे और गंदगी में जान हथेली पर रखकर चलने को मजबूर हैं।

## मसौढ़ी में मूसलाधार बारिश से गलियों में भरा पानी

### डुमरी अंडरपास मे भरा पानी, आवागमन बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सावन की तिसरी सोमवारी है, जहां सुबह से ही मुसलाधार बारिश हो रही है। जहाँ जनजीवन अस्त व्यस्त दिख रहा है। मुसलाधार बारिश से हर गली हर सडक पानी से लबालब हो गया मै जिससे लोगो को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है सड़के झील मे तब्दील हो गई है। हो रहे मुसलाधार बारिश से न केवल आमजनो का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है बल्कि ये तस्वीरे उन दावों को आईना दिखा रहा है कि बरसात से पहले नगर परिषद प्रशासन की जलजमाव की क्या मुक्म्मल तैयारी थी जो सभी दावो को पोल खोल रहा है। वहीं पुनपुन के डुमरी जकंशन के पास बनी अंडरपास मे तीन फीट पानी भर आने आवगमन पुरी तरह से बाधित हो गया। वाहनों चालको को अंडरपास से निकलना मुश्किल हो रहा है। बहरहाल मुसलाधार बारिश से मसौढ़ी के मेन रोड, स्टेशन रोड, थाना रोड,



गांधी मैदान, रहमतगंज स्कूल आदी जगहों पर पानी से लबालब हो गया है इस बारीश से हुए जलजमाव हे हर गली अब पनाह मांग रही है। चलना दुश्वार हो गया है। हलाकी यह बारिश किसानों के लिए वरदान है एक ओर जहां पिछले कई दिनो से बारिश की कमी से खेतों मे धान की रोपनी प्रभावित हो रही थी, ऐसे मे सोमवार को हुई बारिश से किसानों मे खुशी की लहर देखी गई है। बारिश होते ही सभी किसान अपने खेतों मे धान रोपनी कार्य मे जुटे रहे।

## एक नजर

### दरधा नदी मे डूबने से एक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के लीला टोला गांव के पास दरधा नदी मे स्नान करने गये एक युवक की डुबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चंदन कुमार पिता भरत पासवान है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की लीला टोला गांव स्थित कुछ गांव के युवक स्नान कर रहे थे उसी दौरान गहरे पानी मे चले जाने से उसके डुबने से उसकी मौत हो गई, हो हल्ला के बाद गांव के लोगों ने नदी मे कूदकर डुबते युवक को निकाला जिसे ईलाज के लिए ले जाने से पहले सांस उखड जाने से उसकी मौत हो गई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम मे भेज दिया।

### पिस्तौल, जिंदा कारतूस व खोखा बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान एवं अपराधिक दृष्टिकोण से चलाये जा रहे विशेष छापामारी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर रंजीत कुमार यादव पिता स्व. अमरेंद्र यादव ग्राम सबलपुर थाना पुनपुन के घर से अवैध एक देसी कट्टा तीन जिंदा कारतूस एवं तीन खोखा बरामद किया गया है। हलांकि रंजीत कुमार यादव पुलिस वालों को देखते ही घर से फरार हो गए एवं उनकी पत्नी रंजू देवी घर पर उपस्थित थी। पुलिसिया पुछताछ मे उसकी पत्नी के द्वारा बताया गया कि अवैध हथियार उनके पति रंजीत यादव द्वारा ही घर में रखा गया होगा, रंजीत कुमार यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि सबलपुर गांव मे सूचना मिली थी की एक घर मे अवैध हथियार रखता है। जहां छापेमारी करते हुए छापेमारी की गई, जहां पिस्तौल कारतूस जब्त किये गये लेकिन आरोपी फरार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की टीम को लगाया गया है।

### पइन का उड़ाही कार्य नहीं

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद के पांच सालों में चार ईओ का स्थानांतरण होने के बाद भी हाथीखाना मोड़ से नया टोला पुल तक पाइन का उड़ाही कार्य आज तक नहीं की गई है. हर साल नाला उडाही के लिए राशि का आवंटन भी किया जाता है. बावजूद भी नाला की उड़ाही कार्य नहीं किया जाता है. बताया जाता है कि नगर में जल जमाव को देखते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2019-20 में परिषद द्वारा करीब 17,81,829 रुपये की लागत से हाथी खाना मोड़, नया टोला, सैनिक कॉलोनी और गोला रोड तक नाला उड़ाही कार्य के लिए टेंडर किया गया.. परंतु नाला उडाही कार्य नही किया गया। हर साल मानसून के पूर्व हाथी खाना मोड से नया टोला के नाला उडाही के नाम पर राशि आवंदन किया जाता है. इसके बाद भी नाला उडाही कार्य नही किया जाता है. केवल उडाही के नाम पर केवल खानापूर्ति किया जाता है. परिषद प्रशासन द्वारा सात बडे नाला उडाही कार्य कराने के लिए राशि आवंटन किया गया है. बता दे कि 2019 में बारिश से पूरे परिषद क्षेत्र जल जमाव से कॉलोनियों झील बन गया था।

### शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन के तीसरी सोमवारी पर बिक्रम और आसपास के शिव मंदिरों में भोलेनाथ के भक्तों की भीड़ देखी गई।पुरानी बाजार स्थित मां काली मंदिर प्रांगण में पुजारी गोपाल जी उर्फ बाल्टी बाबा के नेतृत्व में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मगहिया भक्ति शिव चर्चा जागरण ग्रुप नालंदा की ओर से कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुति की गई।कार्यक्रम शुभारंभ वार्ड पार्षद स्मिता गुप्ता, रेणु कुमारी ,गुजरात की भाजपा महिला कार्यकर्ता अरुणा भोजक, भावना गौर के द्वारा संयुक्त से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## राजधानी पटना में हुई 106.0 मिमी बारिश, बिहार के कई जिलों में भारी वर्षा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है और राज्य के कई जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान तेज बारिश हुई है। राजधानी पटना में सोमवार को शाम 5:30 बजे तक 106.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई, जो इस सीजन की अब तक की प्रमुख वर्षा में से एक है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 से 6 दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है। पश्चिमी और पूर्वी हवाओं के टकराव के कारण बन रहे सिस्टम के चलते अत्यधिक वर्षा के हालात बने हुए हैं।

**बीते 24 घंटे में इन जिलों में भारी बारिश**

नवादा के नवादा शहर में सबसे अधिक 15 सेमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि सिवान के रघुनाथपुर और मुज़फ़्फ़रपुर के रेवा घाट में 11 सेमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। गया के फतेहपुर और नवादा के अकबरपुर में 10 सेमी, भागलपुर के सुलतानगंज और पटना के बख्तियारपुर, फतुहा, पटना सदर, संपतचक, खुसरूपुर, दानापुर में 8.9 सेमी वर्षा दर्ज की गई। वैशाली और बेगूसराय के बरौनी क्षेत्र में भी 8 सेमी बारिश हुई।

**भारी बारिश के कारण उत्पन्न हुई समस्याएं**

राज्य के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के निचले इलाकों में पानी भर गया है। प्रमुख शहरों में यातायात प्रभावित हुआ है, वहीं ग्रामीण इलाकों में खेतों में भी अत्यधिक पानी जमा हो गया है। गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब बना हुआ है, जिससे उत्तर बिहार के कुछ हिस्सों में सतर्कता की आवश्यकता है।

**आने वाले दिनों में बारिश का पूर्वानुमान**

भारत मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले तीन दिनों तक पटना, नवादा, नालंदा, रोहतास, बक्सर और कैमूर जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। वहीं गया, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, शेखपुरा, लखीसराय और जमुई में भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वज्रपात और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ गरज-चमक भी इन दिनों मौसम का हिस्सा बनी रहेगी।

**दक्षिण और उत्तर बिहार में स्थिति**

दक्षिण बिहार के जिलों में अच्छी वर्षा की संभावना बनी हुई है, जिससे सोन, फल्गु जैसी नदियों का जलस्तर सामान्य बना रह सकता है। उत्तर बिहार में गंगा और उसकी सहायक नदियों के आसपास के इलाकों में जलजमाव और आंशिक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कृषि पर सकारात्मक असर**

मौजूदा वर्षा खरीफ फसलों के लिए अनुकूल साबित हो रही है। कई जिलों में धान की बुआई और प्रारंभिक वृद्धि को गति मिल रही है। वर्षा के कारण सिंचाई पर निर्भरता कम हुई है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां जलस्रोत सीमित थे।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर भोलेनाथ के दरबार में श्रद्धा का सैलाब

### हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा वातावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** सावन माह की दूसरी सोमवारी पर गांव से लेकर शहर तक श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलार्पण कर भगवान शिव से परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। भारी झमाझम बारिश के बीच पूजा करने वाले भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ.शिवालयों में श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, गंगाजल और दूध से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। युवाओं से लेकर वृद्धों तक और विशेषकर महिलाओं की भारी भागीदारी ने शिवभक्ति की इस अद्भुत छटा को और भी विराट बना दिया। भक्तों के उत्साह और भक्ति में तनिक भी कमी नहीं दिखी, विभिन्न शिव मंदिरों एवं शिवालयों में शांति, भक्ति और आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला। राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ, संपतचक, परसा बाजार, जानीपुर, अनिसाबाद, बेऊर, रामकृष्णा नगर, गौरीचक, बेलदारीचक, पुनपुन, चकमुसा, वाल्मी, भुसौला और दानापुर समेत शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह चार बजे से ही शिव भक्तों की टोलियां बोल बम और हर हर शंभू के जयघोष लगाते हुए मंदिरों की ओर बढ़ने लगीं। बेऊर के महावीर नगर स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में सुबह चार बजे प्रधान पुजारी सहजनंद और उनके सहयोगियों ने सरकारी पूजा की शुरुआत की। इसके बाद साढ़े चार बजे से श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया जो देर शाम 5:30 बजे तक लगातार खुले रहे। संध्या छह बजे भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए रात दस बजे तक श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। मंदिर सचिव बालेंद्र शर्मा ने बताया कि सोमवारी के अवसर पर मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। महिला भजन मंडली ने भक्ति रस में सराबोर करते हुए दोपहर तीन बजे से संध्या सात बजे तक संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समिति सदस्य योगेन्द्र कुमार, मानेश्वर मिश्रा, तीनों पुजारीगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य लोग मौजूद रहे। दूर दराज के गांव से बाबा धाम जाने वाले सैकड़ो कावारीया देवघर जाने के लिए रवाना होते देखे गए। वहीं अन्य शिवालयों में भी अहले सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु हाथ में जल कलश, बेलपत्र और पूजा की थाली लिए लंबी कतारों में खड़े दिखे। लाल, पीले और केसरिया वस्त्रों में सजे भक्त, डमरू की गूंज और गगनभेदी नारों के साथ पूरे इलाके को शिवमय बना रहे थे।

## सात वर्ष पहले दहेज हत्या में मृत घोषित विवाहिता जिंदा बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** करीब 7 साल पहले दहेज हत्या में मृत विवाहिता को केवड़ा थाना के छोटकी बसुहार गांव से जिंदा सकुशल बरामद कर लिया गया है। बरामद विवाहिता का नाम सोनी कुमारी है। दरअसल यह मामला छपरा जिला के डोरीगंज के डुमरी रसूलपुर गांव की है। जहां पर बीते 27.9.2017 को दोनों परिवारों की आपसी सहमति से सरैया मंदिर में सोनी कुमारी और सोनू कुमार की शादी कर दी गई थी, लेकिन शादी की कुछ दिन बाद से लड़की अचानक ससुराल से गायब हो गई थी, जिसको लेकर सोनी के पिता ने उन्होंने ससुराल पक्षों के 12 लोगों पर नामजद प्राथमिकी डोरीगंज थाना मे की दर्ज की थी। छपरा के डोरीगंज थाना कांड संख्या 142/ 19 के तहत उन सभी 12 आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज करते हुए अपनी अनुसंधान को शुरू कर दी थी, इस बीच कई लोगों की गिरफ्तारी हो गई। चल रहे अनुसंधान और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर तकरीबन 7 साल बाद पटना जिले के पुनपुन के केवड़ा थाना क्षेत्र के बसुहार गांव में मृतक सोनी कुमारी जिंदा व सकुशल बरामद कर ली है। बरामद सोनी कुमारी ने पूरी कहानी बताते हुए कहा कि हम अपने स्वेच्छा से उस घर से निकल गए थे, और एक आदमी के साथ हम रहने लगे थे, जिसका नाम रवि राज पिता जगलाल पासवान घर नयाचक फतेहपुर थाना गौरीचक है जो बसुहार मे घर बनाकर रह रहे थे। आज हमारे तीन बच्चे हैं। बहरहाल अक्ल केवड़ा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि पिछले 7 सालों से हर गांव हर जगह पर पुलिस जांच पडताल करती रही, आखिरकार हमारे थाना क्षेत्र में यह महिला को बरामद की गई है। हलांकि इससे पहले इसके परिवारजनों को सौंपी जाएगी, उसके बाद अन्य अग्रेतर कार्रवाई होगी। उन सभी 12 ससुराल पक्षो में रूपा कुमारी का पुलिस में जॉब लग गया है लेकिन दहेज हत्या के कारण चरित्र प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। कई लोग नाहक भी परेशानी हुए थे, विवाहित को जिंदा बरामद करने पर पुलिस राहत की सांस ली है, छपरा पुलिस को भी इसकी सूचना दी है उसके माध्यम से इसके परिजनों को भी जानकारी मिली कि आपकी बेटी जिंदा है।

## महाविद्यालय में सावन महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित एस यू कॉलेज, हिलसा के सेमिनार हॉल में सोमवार को सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गजेन्द्र प्रसाद गदकर, जदयू नेता पूर्व एमएलसी राजू यादव, स्थानीय नगर परिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य डॉ गजेंद्र ने इस मौके पर कहा कि बिहार के परिप्रेक्ष्य में सावन माह का अपना विशेष



सांस्कृतिक महत्व है। बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है जहां इस माह में किसान धान की खेती और इसकी रोपाई करते हैं। रिमझिम बारिश से पूरी प्रकृति मनोरम और हरियाली युक्त हो जाती है।इसी माह भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में पवित्र शिवलिंग पर भक्त जन बेलपत्र, पुष्प और जलाभिषेक करते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नए और पुराने हिंदी फिल्मों के गीतों पर आकर्षक हरे परिधानों में नृत्य और गायन की रंगारंग प्रस्तुति दी, जिस पर उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर कॉलेज के कला व सांस्कृतिक विभाग की वंदना रानी ने छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 अरविंद कुमार ने किया। इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मी और सैकड़ों छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बैंक में ग्राहकों को मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में बैंक ऑफ इंडिया की शाखा को नवनीकृत करते हुए नए परिसर का सोमवार को आंचलिक प्रबंधक ओ. पी. चौधरी एवं उप. आंचलिक प्रबंधक ललित वी. एन. झा, एवं शाखा प्रबंधक चंदन कुमार ने विधिवत रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। शाखा प्रबंधक चंदन कुमार ने आये हुए मुख्य अतिथियों को प्रतिक चिन्ह भेंट स्वरूप दिया। वहीं संबोधन में आंचलिक प्रबंधक ओ.पी. चौधरी ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को मजबूत करना है। इसके साथ ही समस्त बैंकिंग सेवाएं आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए परिसर से संचालित होंगी। नये परिसर में ग्राहकों को कई बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी और यहां ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। यह अत्याधुनिक परिसर बैंकिंग सेवा को और भी सहज करेगा। जहां वातानुकूलित एवं आधुनिक तकनीक और नागरिक सुविधाओं में से सुसज्जित किया गया।

## स्थानीय उद्यमियों के प्रोत्साहन को लेकर 'आकांक्षा हाट मेला' का आगाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा देने और उनके उत्पादों को पहचान दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज खुदीराम बोस स्टेडियम, कंपनी बाग परिसर में ःआकांक्षा हाट मेलाः का भव्य शुभारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत उन्मुक्त गगन में रंग-बिरंगे गुब्बारों का गुच्छ उड़ाकर की। यह मेला 28 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कुल 15 स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर जिले के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय उत्पादकों, खादी ग्रामोद्योग, कृषि विभाग एवं जीविका से जुड़ी महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन और विक्री किया जा रहा है।

**कृषि विभाग द्वारा जैविक उत्पादों की प्रस्तुति**

मेला में कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर ऑर्गेनिक उत्पादों की भरमार है। विशेष रूप से रागी, बाजरा, ज्वार का आंटा, तथा इनसे बने लड्डू, केक और मडुआ आधारित अन्य उत्पाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त एक अन्य स्टॉल पर वर्मी कंपोस्ट, जैविक कीटनाशी जैसे उत्पाद भी उपलब्ध हैं, जो क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

**खादी ग्रामोद्योग की छूट व विविधता**

मुजफ्फरपुर स्थित खादी मॉल की भागीदारी भी इस मेले में रही, जिसमें पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों के परिधान—जैसे जैकेट, बंडी, कुर्ता, साड़ी, सूट, कॉटन कपड़े आदि 30% की विशेष छूट पर उपलब्ध हैं। खादी के दूसरे स्टॉल पर स्थानीय खाद्य उद्यमियों द्वारा निर्मित नमकीन, अचार और अन्य खाद्य उत्पाद भी विक्रय हेतु रखे गए हैं, जो बिहार की परंपरागत व्यंजन एवं स्वाद की झलक देते हैं।

**महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी 'दीदी की रसोई' और हैंडीक्राफ्ट**

मेले का मुख्य आकर्षण जीविका समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित स्टॉल हैं, जहाँ पर बिहारी व्यंजन, रेडीमेड वस्त्र, हस्तनिर्मित सामग्री, दीदी की रसोई जैसे उत्पाद उपलब्ध हैं। इसके साथ ही शिप से बनी हैंडमेड ज्वेलरी, नेकलेस, टॉप्स, ईयररिंग्स आदि भी दर्शकों को खासा लुभा रहे हैं।

**स्थानीय बाजार से जुड़ेगा स्वावलंबन का सपना**

यह मेला जिला प्रशासन की उस सोच को मूर्त रूप देता है, जिसमें ग्राम्य स्तर की महिलाओं एवं लघु उद्यमियों को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि ग्रामीण सृजनशीलता और मेहनत को मंच प्रदान करने का अभियान है। 'संपूर्णता अभियान' में मुजफ्फरपुर की उल्लेखनीय उपलब्धि रही है। नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे 'संपूर्णता अभियान' के तहत मुजफ्फरपुर जिले को आकांक्षी जिला के रूप में 10 करोड़ रुपये का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले के विकास, नवाचार एवं जनसहभागिता को राष्ट्रीय मान्यता दिलाने वाली है। इस अनुदान से विकास की कई योजनाओं को सशक्त रूप से लागू किया जाएगा, जिससे जिले के समग्र विकास को गति मिलेगी।

# 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

**वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला; भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल हराया**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का फिडे महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रॉ खेले। जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

### दिव्या को 42 लाख मिलेंगे

फिडे विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग 91 लाख मिलते हैं।

### विमेंस कैंडिडेट्स के लिए क्वालिफाई किया

दिव्या ने वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ अगले साल के विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। वे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी ही भारतीय बनीं। कोनेरू हम्पी ने भी फाइनल में जगह बनाने के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया।

## शादी से पहले इस एक्ट्रेस को डेट कर रहे थे सचिन तेंदुलकर! अब हुआ बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर को अक्सर तश्स्त्र शद्ध ष्टह्द्धष्म्रद्गह्ल के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों के दिलों में जगह बनाई। जहां उनकी प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा अक्सर होती रहती है, वहीं उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर कम ही बातें सामने आती हैं। हाल ही में एक पुराने किस्से ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरीं, जब बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर ने एक इंटरव्यू में सचिन तेंदुलकर से जुड़ी अफवाहों पर खुलकर बात की।



### शिल्पा शिरोडकर ने क्या कहा?

शिल्पा शिरोडकर ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि जब वह एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं, तभी उन्होंने पहली बार सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा, सचिन वहीं रहते थे, जहां मेरा भाई रहता था। दोनों साथ में बांद्रा ईस्ट में क्रिकेट खेला करते थे। उसी समय मैं सचिन से मिली थी। हम अच्छे दोस्त थे और मुझे पहले से पता था कि सचिन और अंजलि एक-दूसरे को पसंद करते हैं, लेकिन तब किसी को इस बारे में जानकारी नहीं थी।

### अफेयर की अफवाहें कैसे उड़ीं?

शिल्पा ने यह भी बताया कि वे एक अभिनेत्री थीं और सचिन क्रिकेटर, इसलिए मीडिया और लोगों के लिए दोनों का नाम जोड़ना आसान हो गया। उन्होंने साफ किया कि वे सचिन से केवल एक बार मिली थीं और इसके बाद भी दोनों के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था। मुझे नहीं पता कि ऐसी अफवाहें क्यों फैलीं, लेकिन शायद इसलिए कि हम दोनों अपने-अपने फील्ड में पॉपुलर थे, उन्होंने हंसते हुए कहा।

## भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा, स्टार ऑलराउंडर टीम में शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 28 जुलाई को एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है। ओवरटन को कप्तान बेन स्टोक्स के कवर के तौर पर शामिल किया गया है, जिन्हें मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग की समस्या हो गई थी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ होने वाले पांचवें टेस्ट मैच के लिए एक ऑलराउंडर जेमी ओवरटन की टीम में वापसी की है। यह मैच सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा और दोनों ही टीमें जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड को उनके घरेलू मैदान पर कड़ी टक्कर देगी। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरेगी कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज 2-2 से ड्रॉ करना चाहेगी। भले ही इंग्लैंड की टीम आक्रामक क्रिकेट खेल रही है लेकिन भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन जज्बा और संयम दिखाया है। इंग्लैंड पर दबाव बनाने के लिए पांचवें टेस्ट मैच में बल्लेबाजो को बड़ा स्कोर बनाना होगा वही गेंदबाजो को भी महत्वपूर्ण समय पर विकेट लेना होगा।

**भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम**-बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## भारत और पाक एशिया कप पर बयान देने पर बुरी तरह फंसे सौरव गांगुली, सोशल मीडिया पर हुई थू-थू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दादा के नाम से मशहूर सौरव गांगुली अपने एक हालिया बयान के चलते सोशल मीडिया पर बुरी तरह घिर गए हैं। उन्होंने एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को लेकर टिप्पणी की थी, जिसके बाद से उन्हें फैंस की भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।



### क्या कहा था गांगुली ने

एशिया कप 2025 का शेड्यूल जारी हो चुका है और इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। इसी मैच को लेकर जब सौरव गांगुली से पूछा गया, तो उन्होंने बात करते हुए कहा, मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। खेल चलते रहना चाहिए। पहलगाम में जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए लेकिन खेल जारी रहना चाहिए। आतंकवाद नहीं होना चाहिए, इसे रोका जाना चाहिए। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। गांगुली के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है और कई फैंस इसे संवेदनहीन बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऐसे बयान से बचना चाहिए था।

## 25 गेंदों में अर्धशतक, फाइनल में ताबड़तोड़ पारी खेलकर इस खिलाड़ी ने अपनी टीम को बनाया चैंपियन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वीमेन ब्लास्ट का फाइनल मैच सरे वूमेन और वारविकशायर वूमेन क्रिकेट टीम के बीच रविवार, 27 जुलाई को खेला गया. वारविकशायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन बनाए. सरे वूमेन टीम ने लक्ष्य को 16.4 ओवरों में हासिल कर 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया. ग्रेस हैरिस ने मैच जिताऊ पारी खेली, उन्होंने 33 गेंदों में नाबाद 63 रन बनाए.सरे वूमेन टीम की कप्तान ब्रायोनी स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. पहले ही ओवर में एलेक्सा केट स्टोनहाउस ने मेग ऑस्टिन (4) को आउट कर बड़ी सफलता दिलाई, इसके बाद अगले ही ओवर में दूसरी सलामी बल्लेबाज डेविना बिना खाता खोले आउट हो गई. वारविकशायर वूमेन टीम के लिए कोई प्लेयर बड़ी पारी नहीं खेल सका, टीम के लिए सबसे ज्यादा रन इस्सी वोंग ने बनाए. उन्होंने 19 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाए.सरे टीम के लिए सबसे किफायती फोएबे फ्रेंक्लिन रहीं, उन्होंने अपने 4 ओवरों के स्पेल में सिर्फ 16 रन देकर 2 विकेट लिए. एलेक्सा केट स्टोनहाउस ने भी 2 विकेट चटकाए. एलिस कैप्सी, रियाना मैकडोनाल्ड-गे और डेनिएल लूसी ग्रेगरी को 1-1 विकेट मिला.लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरे वूमेन टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं हुई थी, सलामी बल्लेबाज डेनियल व्याट-हॉज (5) दूसरे ही ओवर में आउट हो गई. एलिस कैप्सी के रूप में टीम का तीसरा विकेट 42 के स्कोर पर गिरने के बाद सरे टीम पर दबाव आ गया था लेकिन तब ग्रेस हैरिस ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैच को एकतरफा बना दिया.

## ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर, सीएसके का यह खिलाड़ी टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चौथे टेस्ट मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगने के बाद भारतीय उप कप्तान ऋषभ पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के पांचवे टेस्ट मैच से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए उनकी जगह तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पंत के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया और बीसीसीआई की टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है। मैच के पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए पंत चोटिल हो गए जिससे कि विकेटकीपर बल्लेबाज पंत को बीच में ही मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा। फिर रवींद्र जडेजा ने वाशिंगटन सुंदर के साथ पारी को आगे बड़ाया। हालांकि पंत दूसरे दिन फिर से बल्लेबाजी करने आए और भारत के कुल स्कोर में और रन जोड़े। दूसरे दिन उन्होंने 17 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर जोफ्रा आर्चर की अच्छी गेंद पर आउट होकर वापिस ड्रेसिंग रूम जाना पड़ा।



बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा, ऋषभ पंत, जिन्हें मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया था, श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नज़र रखेगी और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पुरुष चयन समिति ने पांचवें टेस्ट के लिए ऋषभ पंत के प्रतिस्थापन के रूप में नारायण जगदीशन का नाम लिया है, जो 31 जुलाई, 2025 को केनिंग्टन ओवल, लंदन में शुरू होगा। पंत इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजो में से थे, उन्होंने सात पारियों में 479 रन बनाए, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल है।

**पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीसन (विकेटकीपर)।

## वैभव सूर्यवंशी ने इन्हें कहा भारतीय क्रिकेट का योद्धा, 44 छक्के-चौके के साथ ठोके 401 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी को तो छक्के-चौके लगाते आपने खूब देखा है. मगर वो जिन्हें भारतीय क्रिकेट का योद्धा कहते हैं, वो भी कुछ कम नहीं हैं. भारतीय क्रिकेट के उन्हीं योद्धा ने अब रनों का अंबार लगाया है. बाउंड्रीज की बारिश की है. और, ऐसा करते हुए टीम का भला किया है. अब आप सोच रहे होंगे कि हम यहां भारतीय क्रिकेट के किन योद्धाओं की बात कर रहे हैं? वैभव सूर्यवंशी ने शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर को भारतीय क्रिकेट का योद्धा कहा है. वैभव सूर्यवंशी ने ऐसा अपने इन सीनियर्स को ऐसा क्यों कहा उस बारे में भी बताने की जरूरत नहीं. क्योंकि जाहिर है उसके पीछे की वजह मैनचेस्टर में दिखाया उन खिलाड़ियों का जज्बा ही है.

वैभव सूर्यवंशी ने अपनी इंस्टा स्टोरी में शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा



और वॉशिंगटन सुंदर की तस्वीर और उनके किए प्रदर्शन के आंकड़े जारी करते हुए इन खिलाड़ियों को वॉरियर्स यानी योद्धा का नाम दिया है. ये सभी खिलाड़ी ड्रॉ हुए मैनचेस्टर टेस्ट के हीरो रहे हैं.

4 योद्धा, 44 छक्के-चौके और 401 रन

केएल राहुल ने मैनचेस्टर टेस्ट को ड्रॉ कराने के लिए दूसरी पारी में 230 गेंदों का सामना करते हुए 90 रन बनाए, जिसमें 8 चौके शामिल रहे. कप्तान शुभमन गिल ने 238 गेंदों का सामना कर 12 चौके के साथ 103 रन बनाए. रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर दोनों नाबाद रहे. जडेजा ने 185 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 1 छक्का शामिल रहा तो वहीं सुंदर 206 गेंदों पर 101 रन बनाकर नॉटआउट रहे. उनकी पारी में 9 चौके और 1 छक्का शामिल रहा.

वैभव सूर्यवंशी ने मैनचेस्टर में लोहा लेने वाले इन चारों खिलाड़ियों को साथ में योद्धा का नाम दिया है. ऐसे में इन सबके बनाए रनों को भी जोड़ दें तो उन्होंने मिलकर ड्रॉ हुए मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में 44 छक्के-चौके के साथ 401 रन ठोके हैं.


### इंग्लैंड दौरे पर गरजा था वैभव सूर्यवंशी का भी बल्ला

खैर, योद्धाओं का तो सफर इंग्लैंड में अभी नहीं थमा है. पर वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड से अंडर 19 टीम के साथ लौट आए हैं. ये उनका पहला इंग्लैंड दौरा था, जहां खेली 5 वनडे की सीरीज में 1 शतक के साथ वो 355 रन बनाने में कामयाब रहे तो वहीं 2 टेस्ट की सीरीज में वैभव सूर्यवंशी ने 90 रन मारे हैं.

## सुप्रीम कोर्ट से बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को राहत, फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में एफआईआर रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शटलर लक्ष्य सेन पर साल 2022 में उम्र का गलत विवरण देने का आरोप लगा था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यह अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट ने जन्म प्रमाण में जालसाजी मामले में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्य के खिलाफ एफआईआर रद्द कर दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि लक्ष्य सेन के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रखना अनुचित है और यह अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शटलर लक्ष्य सेन पर साल 2022 में उम्र का गलत विवरण देने का आरोप लगा था। बेंगलुरु पुलिस ने नागराजा एमजी नाम के शख्स की शिकायत के बाद लक्ष्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। लक्ष्य सेन पर जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हुए आयु-प्रतिबंधित टूर्नामेंटों में प्रवेश पाने के लिए अपनी उम्र में हेरफेर करने का आरोप लगा था। इसके बाद एक स्थानीय अदालत ने पुलिस को लक्ष्य के खिलाफ आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया था। लक्ष्य बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन एकेडमी में प्रशिक्षण लेते हैं।



एफआईआर में नामित लोगों में लक्ष्य, उनके कोच विमल कुमार, उनके पिता धीरेंद्र सेन, उनके भाई चिराग और मां निर्मला सेन के नाम शामिल थे। लक्ष्य और बाकी लोगों पर धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (जाली रिकॉर्ड को वास्तविक के रूप में उपयोग करना) समेत विभिन्न आईपीसी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता का कहना था कि कर्नाटक बैडमिंट एसोसिएशन और कोच विमल कुमार के सहयोग से लक्ष्य ने आयु वर्ग से नीचे के प्रतियोगियों के खिलाफ खेलना शुरू किया। साथ ही उम्र को लाभ के रूप में इस्तेमाल करते हुए लक्ष्य ने कई टूर्नामेंट जीते और सरकार से कई लाभ प्राप्त किए। इससे अन्य प्रतिभाशाली बच्चों का नुकसान हुआ। शिकायतकर्ता का कहना है कि लक्ष्य का जन्म 1998 में हुआ, जबकि रिकॉर्ड बताते हैं कि लक्ष्य का जन्म 2001 में हुआ था। हालांकि, कोच विमल कुमार ने प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों का खंडन किया था। उन्होंने कहा- लक्ष्य हमारे एकेडमी में आए और मैंने उन्हें 2010 से किसी भी अन्य बच्चे की तरह प्रशिक्षित किया। मैंने सुना था कि एक परिवार एकेडमी और मेरी छवि खराब करने की कोशिश में लगा था, लेकिन इससे हमें कभी कोई परेशानी नहीं हुई।

याचिकाकर्ताओं ने 2022 में कर्नाटक हाई कोर्ट का रुख किया था। मामले पर सुनवाई करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने लक्ष्य, उनके परिवार और कोच विमल कुमार की ओर से दाखिल याचिकाओं को खारिज करते हुए फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले की जांच आदेश दिए थे। हाईकोर्ट से याचिकाएं खारिज होने के बाद लक्ष्य और उनके परिवार ने तत्काल सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद मामले पर सुनवाई करते हुए इसी साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्य और बाकी लोगों को बड़ी राहत दी थी। शीर्ष अदालत ने लक्ष्य और बाकी लोगों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

# सभी पैक्सों को बनाया जायेगा सशक्त : प्रेम कुमार

## औरंगाबाद जिला सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक आमसभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने कहा है कि बिहार सरकार सभी पैक्सों को सशक्त तथा पारदर्शी बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और इसके माध्यम से गांव में समृद्धि लाने की योजना को मूर्त रूप प्रदान किया जा रहा है। डा. कुमार ने औरंगाबाद के सम्राट अशोक सभागार में जिला सहकारिता बैंक की वार्षिक आम सभा का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत मिशन 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में सहकारिता महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी पैक्सों पर विभाग की सीधी नजर है और जहां कहीं से भी गड़बड़ी अथवा भ्रष्टाचार की सूचनाएं मिलेंगी तो जांचोपरान्त राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि कोऑपरेटिव बैंक से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है, छोटे व्यवसायों और कृषि गतिविधियों के लिए ऋण दिया जा रहा है और लोगों को बचत करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य में स्थापित कोऑपरेटिव बैंक किसानों की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं और इनके माध्यम से सहकारिता के क्षेत्र में बिहार प्रगति कर रहा है। किसानों को सहकारिता के माध्यम से आर्थिक रूप से समृद्ध करना ही राज्य सरकार का उद्देश्य है। इसी



प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पूरे देश में गांव-गांव को सहकारिता के क्षेत्र में और सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र का बजट बढ़ाया है और सरकार का यह भी प्रयास है कि किसानों को अधिक से अधिक ऋण मिले ताकि उन्हें खेती में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि सहकारिता के जरिए न सिर्फ गांवों में रोजगार बढ़ेगा बल्कि स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। डिफॉल्टर पैक्स पर गहन विचार हो रहा है और सुधार के निर्देश दिए गए हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र का बजट बढ़ाया है ताकि किसानों को समृद्ध और विकसित किया जा सके। हमारा प्रयास है कि किसानों को अधिक ऋण मिले ताकि बढ़िया से किसान खेती करें और उत्पादन कर सकें। श्री कुमार ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 लाई गई है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता के लिए कहा है कि सहकारिता भारत के लिए बहुत प्राचीन व्यवस्था है। राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करना है। इसके तहत देश की जनता की आकांक्षाओं और संसाधनों को सहकारी ढांचे से जोड़ा जाएगा। भारत में सहकारिता आंदोलन 100 वर्षों से अधिक समय से लोगों की भागीदारी से सामाजिक उत्थान का आधार रहा है। भारत की सहकारी समितियां मूल सहकारी सिद्धांतों पर चलती हैं और यह समितियां सदस्यों के सामूहिक स्वामित्व में होती है उनके द्वारा चलाई जाती है और उनको लाभान्वित करती है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर बिहार-झारखंड बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह, बिहार कोऑपरेटिव प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे, आरा अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण सिंह, सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक गोपालगंज अध्यक्ष महेश राय, सिवान अध्यक्ष मनोज कुमार सिह, पाटलिपुत्रा अध्यक्ष रितेश कुमार सिंह, वैशाली अध्यक्ष सुधीर रंजन मिश्र, मुंगेर-जमुई के पूर्व अध्यक्ष बिनोद सिंह, वर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि बसंत परमार, मगध प्रमंडल के सयुक्त निबंधक संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राम शर्मा, पूर्व जिला को-ऑपरेटिव अध्यक्ष संजय यादव, रिशु सिंह, चुन्नू यादव, विशाल कुमार सहित और सहकारिता से जुड़े अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे। मंच का संचालन औरंगाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश्वर सिंह ने किया।

# पुनपुन नदी में डूबने से युवक की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** सावन के तीसरी सोमवारी को पुनपुन नदी में स्नान करने के क्रम में एक युवक की डूबकर मौत हो गई। मामला गोह थाना क्षेत्र के देवहरा पुनपुन नदी स्थित सूर्य मंदिर घाट की है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गोह सीओ अजय कुमार सिंह, राजस्वकर्मी गणेश कुमार एवं थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद सहित कई पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं। वहीं सीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि शव की खोजबीन के लिए स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया है। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचकर शव को तलाशने में जुटी हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक स्नान करने के लिए नदी घाट पर जैसे ही उतरा तभी पानी की तेज धारा में बह गया। नदी में पानी अधिक होने के कारण युवक की डूबकर मौत हो गई। युवक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के जैतपुर पंचायत अंतर्गत नान्हूं बिगहा गांव निवासी देवनाथ यादव के पुत्र नागेश्वर यादव के रूप में हुई है। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। खबर लिखे जाने तक शव की तलाश जारी थी।

# हत्या मामले में छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या मामले में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष जायसवाल ने छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एपीपी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुंडा गांव निवासी अभियुक्त अजय सिंह, निर्मला देवी, रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह, संजीत सिंह एवं सुजीत सिंह को हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा और 20 हज़ार रूपये जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन साल अतिरिक्त कारावास होगी। अभियुक्त संतोष सिंह और सुजीत सिंह को आर्म्स एक्ट में भी सज़ा सुनाई गई है। आर्म्स एक्ट में अभियुक्त संतोष सिंह एवं सुजीत सिंह को सात साल की सजा और दस हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त सज़ा होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन की ओर से 09 गवाही हुई थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक कुंडा निवासी रिंकू कुमार ने 05.03.21 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि उनके चाचा अजय सिंह और रामप्रवेश सिंह गांव के श्मशान घाट के समीप बगीचे के बीच खेत से आलू कोड़ रहे थे। सूचक रिंकू कुमार एवं मिंकू कुमार ने चाचा से पूछा कि उनके बटाईदार को खेत में काम करने से मना क्यों कर दिया तब चाचा-चाची और उनके पुत्र सहित अन्य ने हमला कर दिया। इस दौरान सुजीत व संतोष गोली चलाने लगे जिसमें मेरे भाई मिंकू कुमार की गोली लगने से मृत्यु हो गई। इस घटना के सभी 6 अभियुक्तों को 16.07.25 को दोषी करार दिया गया था।

# पॉक्सो एक्ट में दो अभियुक्त दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय के स्पेशल पॉक्सो जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने रफीगंज थाना में दर्ज एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त चंदन कुमार को विभिन्न अपराध सहित पॉक्सो एक्ट में दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि थाना क्षेत्र के अतरौली निवासी अभियुक्त चंदन कुमार को एक छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में दोषी करार दिया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता ने 09.09.23 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें पीड़िता ने बताया कि रफीगंज में वह पढ़ाई करती थी। अभियुक्त अन्य साथी के सहयोग से उनके एवं पिता के साथ मारपीट की। इससे पहले अभियुक्त ने आगे की पढाई-लिखाई और शादी का वादा किया तथा 30 माह तक जबरन डरा-धमकाकर अवैध शारीरिक संबंध बनाया लेकिन बाद में इंकार कर गया। मामले में सुरक्षा और न्याय के लिए मुकदमा दर्ज करा न्याय की गुहार लगाई। स्पेशल पीपी शिव लाल मेहता ने बताया कि गोह थाना में दर्ज एक कां में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त पिपरा निवासी सुधीर कुमार को पॉक्सों एक्ट में दोषी करार दिया गया है। इस वाद में आईओ शमीम अहमद एवं डॉ लालसा सिन्हा सहित अभियोजन की ओर से 9 गवाही हुई थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता के पिता ने 16.09.21 को अभियुक्त पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि आरोपित ने बहला फुसलाकर लुधियाना ले गया। जब पीड़िता ने अभियुक्त पर केस करने की धमकी दी तो उसने पीड़िता को घर पहुंचा दिया था। दोनों केस में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई के तिथि 30.07.25 निर्धारित की गयी है।

# सारे जहां में होता है प्रतिभा का सम्मान : सहकारिता मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रतिभा का सम्मान सारे जहां में होता है। कहा भी गया है विद्वान सर्वत्र पूज्यते। राजा अपने देश में पूजे जाते हैं लेकिन विद्वान की सब जगह पूजा की जाती है। यह बातें बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सोमवार को औरंगाबाद स्थित नगर भवन में दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में कही। सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज के नौनिहाल छात्र-छात्राएं अपने प्रतिभा के बल पर देश दुनिया में नाम रोशन करेंगे। इनको सम्मानित करने के लिए दैनिक भास्कर ने जो प्रयास किया है वह सराहनीय एवं अनुकरणीय प्रयास है। कार्यक्रम का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार के अलावा नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर, नगर परिषद औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता, रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, शिक्षा पुरुष सुरेश प्रसाद गुप्ता एवं दैनिक भास्कर के ब्यूरो स्नेह रंजन ने दीप जलाकर किया। नगर परिषद के अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता ने कहा



कि हम भारतीय सदा ही विश्व का नेतृत्व किए हैं। हमारी प्रतिभा का लोहा समूचा विश्व मानती है। अर्वाचीन ही नहीं प्राचीन काल से हमारे यहां नालंदा विश्वविद्यालय, तक्षशिला विश्वविद्यालय, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय जैसे विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान थे, जहां देश-विदेश से बच्चे आकर शिक्षा ग्रहण करते थे। नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य हैं। आज के ये विद्यार्थी कल डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, देश के नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भी हो सकते हैं। अनुसंधान कर भारत सहित दुनिया को एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने कहा कि आज भी विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं। हमारी नस्ले अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में नेतृत्व कर रहे हैं। चाहे राजनीतिक हो, व्यापारिक हो या सांस्कृतिक। हम अपने बच्चों से अपेक्षा रखते हैं कि आप अपनी इस प्रतिभा को समाज सेवा, देश सेवा के लिए समर्पित करेंगे। देश के एक जिम्मेदार नागरिक बन अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। विकसित भारत के निर्माण में आप सबों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। शिक्षा पुरुष सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आज आप 10वीं और 12वीं के परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक लाए हैं। आगे और भी महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करना है। रुकना और थकना नहीं है।मंजिल से भटकना नहीं है। नशा और बुरे संगत से बचना है। राष्ट्र सेवा और सच्चाई को नहीं छोड़ना है। लोकतंत्र की रक्षा, देश सेवा ही आपका धर्म है। इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए आयोजक को धन्यवाद द्धद्ध;द्म। कार्यक्रम का संचालन पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने किया।

# विशुनपुरा 2 प्राथमिक विद्यालय की स्थिति बदहाल

## बारिश में बाधित होती है पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** प्राथमिक विद्यालय विशुनपुरा 2 की स्थिति शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर करती है। यहां छात्रों को भवन की कमी के कारण बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय में दो कमरे हैं, लेकिन दोनों पूरी तरह जर्जर हैं और ढहने के कगार पर हैं। बारिश के दौरान ये कमरे पानी से भर जाते हैं, जिससे शिक्षण कार्य असंभव हो जाता है। विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या 123 है। कक्षा एक से पांच तक के सभी बच्चे बरामदे में एक ओर बेंच पर और अन्य जमीन पर दरी बिछाकर पढ़ाई करने को विवश हैं। बरसात और हवा के झोंकों से पढ़ाई बार-बार बाधित होती है। मध्यान्ह भोजन का सामान भी इन्हीं कमरों में रखा जाता है, जिसे पानी से खराब होने का खतरा बना रहता है। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या पांच है, जिनमें से एक शिक्षक रघुनंदन राम लंबे समय से मेडिकल अवकाश पर हैं। चारदीवारी न होने के कारण विद्यालय परिसर असुरक्षित भी बना हुआ है। प्रधानाध्यापक संजय कुमार के अनुसार, भवन निर्माण की मांग कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी ने जानकारी दी कि भवन निर्माण के लिए जांच प्रतिवेदन तैयार कराया गया है और जिन विद्यालयों में भवन की कमी है, वहां शीघ्र निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लेकिन जब तक यह वादा ज़मीन पर नहीं उतरता, तब तक छात्र और शिक्षक असुविधाओं के बीच ही शिक्षा व्यवस्था चलाने को विवश हैं।

# प्रियांशु हत्याकांड में आरोपित फूफा राजस्थान से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के बहुचर्चित प्रियांशु सिंह हत्याकांड में औरंगाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मास्टरमाइंड और मृतक की पत्नी गुंजा सिंह के फूफा जीवन प्रसाद सिंह को पुलिस ने राजस्थान के सवाई माधोपुर से गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि 24 जून की शाम नबीनगर के लेम्बोखाप मोड़ पर बाइक सवार प्रियांशु सिंह की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में नबीनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर पहले



मृतक की पत्नी गुंजा सिंह, जयशंकर चौबे एवं मुकेश शर्मा को गिरफ्तार किया था। वहीं इस साजिश का मुख्य सूत्रधार गुंजा का प्रेमी और फूफा जीवन सिंह फरार चल रहा था। जीवन सिंह पलामू जिले का निवासी है और वारदात के बाद वह झारखंड होते हुए दिल्ली और फिर राजस्थान पहुंच गया था। पुलिस ने उसे सवाई माधोपुर के मानटाउन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से अपनी भतीजी गुंजा सिंह से प्रेम करता था और उसकी शादी प्रियांशु से होने से वह नाराज़ था। गुंजा और जीवन ने मिलकर प्रियांशु की हत्या की साजिश रची। प्रियांशु के विरोध के कारण दोनों ने झारखंड के शूटर को 10 लाख में सुपारी दी। इस दौरान 2 लाख रूपये एडवांस दिये गये। बनारस से लौटने के दौरान गुंजा ने पति का लोकेशन साझा कर उसकी हत्या करवा दी गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस केस में अभी दो शूटर फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। एसपी ने बताया कि चारों शूटरों की पहचान कर ली गयी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त जीवन प्रसाद सिंह के खिलाफ झारखंड के मेदनीनगर शहर थाना में कांड संख्या 462/24 दर्ज है। उसके पास से दो मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय सहित कई अन्य पुलिस कर्मी शामिल है।

# औरंगाबाद में 91.70 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षणकी प्रक्रिया जिले में निर्धारित 26 जुलाई तक संचालित की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर गणना प्रपत्र का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटलीकरण का कार्य कराया गया। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में कुल 19,27,443 मतदाताओं के सापेक्ष अब तक कुल 17,67,465 (91.70 प्रतिशत) गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। इनमें से 17,53,560 (90.98 प्रतिशत) प्रपत्र बीएलओ द्वारा तथा 13,905 (0.73 प्रतिशत) प्रपत्र मतदाताओं द्वारा स्वप्रेषित किए गए हैं। उक्त अवधि में कुल 5,40,009 मतदाताओं (28.01 प्रतिशत) को '2003' श्रेणी के रूप में चिह्नित किया गया है, जो मतदाता सूची से विलोपन की श्रेणी में आते हैं।

# जेपीएससी में देवी बिगहा की अर्चना सिंह को मिली बड़ी सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत महुआवा पंचायत के देवी बीघा गांव की अर्चना सिंह ने जेपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में शानदार सफलता हासिल की है। अर्चना ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में 52वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनका गांव, बल्कि पूरा औरंगाबाद जिला गौरवान्वित हुआ है। अर्चना सिंह वर्ष 2018 बैच की झारखंड पुलिस की सब इंस्पेक्टर हैं और



वर्तमान में रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित हैं। इसके पूर्व वर्ष 2024 में उनका चयन पटना हाई कोर्ट में जज के पर्सनल असिस्टेंट पद के लिए भी हुआ था, लेकिन उन्होंने उस पद को ज्वाइन नहीं किया। अर्चना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और बड़ी बहन को दिया है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार का हमेशा सकारात्मक सहयोग और शिक्षा के प्रति उत्साह ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। अर्चना के पिता संजय सिंह डीएलएफ रजरप्पा में इंचार्ज रह चुके हैं, जबकि माता मीना सिंह एक समर्पित गृहिणी हैं। उनके चाचा अजीत सिंह, मनोज सिंह और सरोज सिंह ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी और इसे पूरे गांव के लिए गर्व का क्षण बताया।

# शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त होगी सिपाही भर्ती परीक्षा : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 30 जुलाई एवं 03 अगस्त को आयोजित होने वाली बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल, सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन हेतु बैठक आयोजित की गई। यह बैठक समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। गौरतलब है कि इस भर्ती परीक्षा का आयोजन पूर्व में 16 जुलाई, 20 जुलाई, 23 जुलाई एवं 27 जुलाई को संपन्न हो चुका है तथा आगामी 30 जुलाई एवं 03 अगस्त को परीक्षा का आयोजन किया जाना है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा यह



स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परीक्षा की प्रत्येक प्रक्रिया प्रश्नपत्र की प्राप्ति, सुरक्षा, खोलने की प्रक्रिया, उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन, अभ्यर्थियों का प्रवेश, अनुशासन, सीसीटीवी निगरानी तथा वीडियोग्राफी-पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप विधिपूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता, गोपनीयता एवं विश्वसनीयता से किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा से एक दिन पूर्व केंद्र मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट आपस में समन्वय स्थापित करते हुए एक बैठक कर लें, ताकि परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की चूक न हो। सभी पदाधिकारी अपनी ड्यूटी गंभीरता एवं सजगता के साथ निभाएं। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद सहित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल-धमदाहा (पूर्णिया)
■ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।
■ बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण सड़कों की ससमय मरम्मत एवं रख-रखाव पर सतत निगरानी की जा रही है।
■ सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है ।
■ पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है।
कार्यपालक अभियंता

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269